

आम आदमी का अपना दैनिक अखबार

# तरुण छत्तीसगढ़

E-mail:
tarunpressraipur@gmail.com
tarun_press@yahoo.co.in

Web:
www.tarunchhattisgarh.in
facebook.TarunChhattisgarh
Twitter - Tchhattisgarh36
Instagram -tarunchhattisgarh.raipur

■ रायपुर,सोमवार 18 मार्च 2024 ■ फाल्गुन शुक्ल पक्ष-08 ■ वर्ष- 39 ■ अंक-349 ■ पृष्ठ-8 ■ डाक संस्करण 19 मार्च 2024 ■ मूल्य 1.00 रु.

phone: 0771-2543112


## चुनावी बॉंड पर सुप्रीम कोर्ट ने फिर लगाई एसबीआई को फटकार

### इलेक्टोरल बॉंड पर कुछ भी न छुपाएं



**नई दिल्ली, 18 मार्च.** सुप्रीम कोर्ट में एसबीआई को फिर फटकार लगाई है। इलेक्ट्रोरल बॉन्ड को लेकर सुप्रीम में सुनवाई करते हुए कहा कि भारतीय स्टेट बैंक (एसबीआई) पूरी जानकारी साझा क्यों नहीं कर रहा है?

चीफ जस्टिस ने एसबीआई से पूछा है कि वह चुनावी बॉन्ड को लेकर जानकारी क्यों छुपा रहा है, पूरी जानकारी देने में दिक्कत क्या है। वकील मुकुल रोहतगी फिक्की ने कहा कि आवेदन दायर किया गया है, वहीं सीजेआई ने कहा कि हमारे पास कोई आवेदन नहीं आया है। सीजेआई ने यह भी कहा कि फैसला सुनने के बाद बाद आप आए हो आप को कैसे सुन सकते हैं। चुनाव आयोग ने दिए सीलबंद कवर की जानकारी को सार्वजनिक कर दिया है। चुनाव आयोग ने कहा कि राजनीतिक दलों ने सुप्रीम कोर्ट के 12 अप्रैल, 2019 के अंतरिम आदेश के निर्देशानुसार, सीलबंद कवर में चुनावी बांड का डेटा दाखिल किया था। वहीं सुप्रीम कोर्ट ने एसबीआई को नोटिस जारी कर गुरूवार तक पूरी जानकारी साझा करने के निर्देश दिए है, साथ ही एसबीआई को यह भी कहा गया कि जो भी आदेश दिया जा रहा है उसका पालन करने सख्त हिदायत दी है।

## मेरे लिए हर मां, बेटी, बहन शक्ति का रूप: मोदी

**जगतियाल, 18 मार्च.** लोकसभा चुनाव से पहले भाजपा दक्षिण में अपनी पकड़ मजबूत करने की कोशिश में लगी हुई है। तमिलनाडु और केरल में रैली को संबोधित करने के बाद प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी तेलंगाना पहुंचे। तेलंगाना के जगतियाल में सोमवार को उन्होंने एक बैठक को संबोधित किया। बैठक को संबोधित करते हुए पीएम मोदी ने इंडी गठबंधन पर जमकर निशाना साधा है। उन्होंने राहुल गांधी के शक्ति वाले बयान पर भी पलटवार करते हुए कहा कि उनके लिए हर मां और बेटी शक्ति का रूप है और वह उनकी पूजा करते हैं।



इंडी गठबंधन पर निशाना साधते हुए पीएम मोदी ने कहा, कल, मुंबई में इंडी गठबंधन ने एक रैली की। चुनाव के नतीजों की घोषणा होने के बाद यह उनकी पहली और सबसे महत्वपूर्ण रैली थी। राहुल गांधी के शक्ति वाले बयान पर उन्होंने कहा, मेरे लिए हर मां, बेटी, बहन शक्ति का रूप है। मैं शक्ति के रूप में उनकी पूजा करता हूं। मैं भारत माता का पुजारी हूं। उनके घोषणापत्र में शक्ति को खत्म करने की बात कही गई, लेकिन मैं इस चुनौती को स्वीकार करता हूं। मैं जान की बाजी लगा दूंगा। पीएम मोदी ने आगे कहा, क्या कोई शक्ति की विनाश के बारे में बात कर सकता है? हमने चंद्रयान मिशन की सफलता को उस बिंदू का नाम देकर समर्पित किया जहां चंद्रयान उतरा था। हमने उस बिंदू को शिव शक्ति का नाम दिया था। यह लड़ाई शक्ति को नष्ट करने वालों और शक्ति की पूजा करने वालों के बीच है। मुकाबला चार जून को हो जाएगा। अपने संबोधन में पीएम मोदी ने बताया कि लोकतंत्र का सबसे बड़ा उत्सव शुरू हो चुका है और 13 मई को तेलंगाना के मतदाता इतिहास लिखेंगे।

## संक्षेप

### तेलंगाना की राज्यपाल ने दिया इस्तीफा

**नई दिल्ली, 18 मार्च.** तेलंगाना की राज्यपाल तमिलिसाई सौंदर्यराजन ने सोमवार को अपने पद से इस्तीफा दे दिया। पुडुचेरी के राजभवन की तरफ से जारी बयान में उन्होंने इस केंद्र शासित प्रदेश के उपराज्यपाल पद छोड़ने की भी जानकारी दी।गौरतलब है तमिलिसाई सुंदरराजन को नवंबर 2019 में तेलंगाना का राज्यपाल नियुक्त किया गया था। इसके बाद उन्हें फरवरी 2021 में पुडुचेरी के उपराज्यपाल का अतिरिक्त प्रभार दिया गया। कई मीडिया रिपोर्ट्स में दावा किया जा रहा है कि तमिलिसाई सुंदरराजन इस बार भाजपा के टिक्ट पर तमिलनाडु से चुनाव लड़ सकती हैं। बताया जा रहा है कि भाजपा उन्हें डीएमके नेता कनिमोझी के खिलाफ भी उतार सकती है। 2019 के चुनाव में सुंदरराजन ने चुनाव लड़ा था। हालांकि, उन्हें हार का सामना करना पड़ा। वहीं, 2009 में वे चेन्नई (उत्तर) सीट से प्रत्याशी रही थीं। हालांकि, यहां उन्हें डीएमके के टीकेएस एलंगोवन से हार का सामना करना पड़ा।

### चुनाव के लिए कांग्रेस ने समन्वयक किये नियुक्त

**रायपुर 18 मार्च।** लोकसभा चुनाव का बिगुल बज चुका है। छत्तीसगढ़ में भाजपा और कांग्रेस अपनी चुनावी तैयारी में जुट गयी है। इधर पार्टी ने संगठन स्तर पर भी मजबूत करना शुरू कर दिया है। इधर एआईसीसी ने लोकसभा चुनाव के मद्देनजर लोकसभावार समन्वयकों की नियुक्ति की है। एआईसीसी की तरफ से जारी आदेश के मुताबिक रायपुर लोकसभा के लिए कन्हैयालाल अग्रवाल को जहां कार्डिनेटर बनाया गया है, वहीं बस्तर में हेमंत ध्रुव और कांकेर में संतराम नेताम को समन्वयक की जिम्मेदारी दी गयी है। इस संबंध में केसी वेणुगोपाल ने ने दीपक बैज को लिखित आदेश भेज दिया है।

### दो राज्य सूचना आयुक्तों की नियुक्ति

**रायपुर 18 मार्च।** राज्य सरकार ने सूचना आयोग में खाली हुए आयुक्त के पद पर दो राज्य सूचना आयुक्त की नियुक्ति कर ली है। जिन दो सूचना आयुक्त की नियुक्ति की गयी है, उनमें रिटायर भारतीय प्रशासनिक सेवा के अफसर नरेंद्र कुमार शुक्ल और आलोक चंद्रवंशी हैं। दोनों की नियुक्ति की अधिसूचना राजपत्र में प्रकाशित कर दिया गया है।

### युवक की पत्थर से सिर कुचलकर हत्या

**भिलाई, 18 मार्च.** पद्मनाभपुर थाना क्षेत्र युवक की पत्थर से सिर कुचलकर हत्या कर दी गई बताया जा रहा है 5 दोस्त शराब पार्टी करने गए थे तभी पुरानी बात को लेकर विवाद हो गया पुलिस ने 4 संदेहियों को हिरासत में लेकर पूछताछ कर रही है मामला के पोटिया की है आज सुबह पोटिया बस्ती निवासी तोप सिंह (30) का शव मनीष ट्रेवल्स



के पेट्रोल पंप के पीछे खाली जगह में मिला है वो रोजी मजदूरी का काम करता था रविवार को वो गांव के ही 4 दोस्तों के साथ निकला था बीती रात को पोटिया के शराब दुकान से शराब खरीदी थी फिर पांचों दोस्त पेट्रोल पंप के पीछे शराब पीने चले गए नशे में तोप सिंह और उसके दोस्तों के बीच किसी बात को लेकर बहस हो गई विवाद इतना बढ़ा कि पास पड़े पत्थर से सिर पर हमला किया और गला दबाकर उसकी हत्या कर दी शव को वहीं छोड़कर दोस्त भाग गए चार संदेही हिरासत में पुलिस ने बताया कि हत्या के 4 संदेहियों को हिरासत में ले लिया है। उनसे पूछताछ जारी है। शव को पीएम के लिए भेज दिया गया है सूत्रों के मुताबिक आरोपियों ने अपना जुर्म कबूल कर लिया है लेकिन पुलिस फिलहाल कुछ नहीं बता रही है पुलिस जांच के बाद पूरे मामले का खुलासा करेगी.

## सत्येन्द्र जैन की जमानत याचिका खारिज

**नई दिल्ली, 18 मार्च.** आप नेता सत्येन्द्र जैन की जमानत याचिका सुप्रीम कोर्ट ने की खारिज कर दी है और उन्हें तुरंत 'सरेंडर' करने को कहा है। दरअसल, मनी लॉन्ड्रिंग केस में सत्येंद्र जैन ने अर्जी लगाई थी लेकिन सुप्रीम कोर्ट ने उसे खारिज कर दिया। अब उन्हें आज ही सरेंडर करना होगा। मनी लॉन्ड्रिंग केस में जैन ने जमानत अर्जी लगाईं थी लेकिन अब खारिज हो गई है। पीठ ने मनी लॉन्ड्रिंग मामले में सह-अभियुक्तों की जमानत याचिका भी खारिज कर दी। पीठ ने फिजियोथेरेपी कराने के आधार पर आत्मसमर्पण करने के लिए समय मांगने की उनकी दलील भी खारिज कर दी। शीर्ष अदालत ने 17 जनवरी को जैन और प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) की दलीलें सुनने के बाद जैन की याचिका पर अपना फैसला सुरक्षित रख लिया था। शीर्ष अदालत के समक्ष जैन की जमानत याचिका पर सुनवाई के दौरान, ईडी ने उनकी याचिका का विरोध किया था और आरोप लगाया था कि जैन इस आधार पर मामले की सुनवाई के लिए ट्रायल कोर्ट के समक्ष बार-बार स्थगन की मांग कर रहे थे कि जमानत के लिए उनकी याचिका शीर्ष अदालत के समक्ष लंबित थी, जिसने पूछा था उसे ट्रायल कोर्ट के समक्ष कार्यवाही में लगन से भाग लेना चाहिए और ट्रायल कोर्ट के समक्ष कार्यवाही को स्थगित करने के लिए बहाने या चाल के रूप में उसके समक्ष अपनी याचिका की लंबितता का उपयोग नहीं करना चाहिए। जैन फिलहाल मनी लॉन्ड्रिंग मामले में अंतरिम जमानत पर बाहर हैं। शीर्ष अदालत ने पिछले साल 26 मई को उन्हें रीढ़ की हड्डी की सर्जरी के लिए चिकित्सा आधार पर छह सप्ताह की अंतरिम जमानत दी थी और शीर्ष अदालत ने बाद में सुनवाई के दौरान उनकी अंतरिम जमानत बढ़ा दी थी।

## देश में तुष्टिकरण की राजनीति कांग्रेस ने की: अरुण साव

**रायपुर, 18 मार्च ■ तरुण छत्तीसगढ़**

उप मुख्यमंत्री अरुण साव ने दौरा कार्यक्रमों में शामिल होने से पहले पत्रकारों से चर्चा की. इस दौरान उन्होंने पूर्व सीएम भूपेश बघेल पर हुए एफआईआर पर बयान दिया. डिप्टी सीएम साव ने कहा कि महादेव एप मामले में लंबे समय से जांच चल रही थी. जांच में जो तथ्य आए हैं. उसके बाद कार्रवाई हुई है. इसके साथ ही अरुण साव ने कांग्रेस पर जमकर निशाना साधते हुए कहा कि देश में तुष्टिकरण की राजनीति कांग्रेस ने की है. बीजेपी तो सबका साथ, सबका विकास मूल मंत्र के साथ चली है. पूर्व सीएम बघेल के खिलाफ एफआईआर पर बोले डिप्टी सीएम अरुण साव ने कहा कि लंबे समय से महादेव एप की जांच चल रही थी. जांच में जो तथ्य आए. उसके बाद एफआईआर हुई है. भाजपा राजनीतिक द्वेष से कार्रवाई नहीं करती है. 2 साल से जांच चल रही थी, राजनीति से कोई लेना देना नहीं. छत्तीसगढ़ के साथ धोखा हुआ, उसका नतीजा है. जांच के बाद एफआईआर हुई है. चुनावी बांड पर डिप्टी सीएम अरुण साव ने कहा कि चुनाव में काले धन का उपयोग रोकने का एक कदम है. आने वाले समय में इस दिशा में और कदम उठाने की आवश्यकता है. सभी



राजनीतिक दलों को चुनावी बांड से पैसे लिए, आवश्यक रूप से आरोप लगाना बेबुनियाद है. अरुण साव ने कांग्रेस पर आरोप लगाते हुए कहा कि देश में तुष्टिकरण की राजनीति कांग्रेस ने की है. भाजपा तो सबका साथ, सबका विकास मूल मंत्र के साथ चली है. 10 साल से नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में आम जीवन में परिवर्तन का काम किया है. माताओं-बहनों, युवाओ को शसक्त बनाने का काम किया. बाह्य आंतरिक सुरक्षा मजबूत हुई. देश में 2014 से पहले क्या दुर्दशा थी सभी ने देखा. छत्तीसगढ़ में 5 साल कांग्रेस रही. इसे भी बदहाल करने का काम कांग्रेस ने किया. हम छत्तीसगढ़ को समृद्ध करने का काम कर रहे हैं.

## कोलकाता की झुग्गी बस्ती में गिरी 5 मंजिला निर्माणाधीन इमारत, 10 लोग घायल

**कोलकाता, 18 मार्च ।** पश्चिम बंगाल की राजधानी कोलकाता में आधी रात पांच मंजिला निर्माणाधीन इमारत ढह गई. जिसके मलबे में करीब 10 लोग फंस गए. पुलिस के मुताबिक, कोलकाता के गार्डन रीच इलाके में सोमवार देर रात करीब 12.10 बजे एक पांच मंजिला निर्माणाधीन इमारत का एक हिस्सा पास की झुग्गी बस्ती में गिर गया. इसके मलबे में झुग्गी बस्ती में रहने वाले 10 लोग फंस गए. जिन्हें रेस्क्यू कर अस्पताल में भर्ती कराया गया है. फिलहाल इमारत के मलबे को हटाने के काम जारी है. राज्य आपदा प्रबंधन की टीम इमारत का मलबा हटाने का काम कर रही है.

हादसे की सूचना मिलने के बाद कोलकाता पुलिस और फायर ब्रिगेड की टीम मौके पर पहुंच गई और बचाव अभियान शुरू किया. बचाव अभियान में प्रशासन के साथ स्थानीय लोग भी मदद के लिए आ गए. इसके बाद इमारत के मलबे से दस लोगों को निकालकर पास के ही कलकत्ता मेडिकल रिसर्च इंस्टीट्यूट में भर्ती कराया गया है. हादसे में अभी तक किसी के हताहत होने की खबर नहीं है. स्थानीय लोगों के मुताबिक, इमारत का निर्माणकार्य करीब दो साल पहले शुरू हुआ था. हादसे के बाद कोलकाता के पुलिस आयुक्त विनीत गोयल और अन्य वरिष्ठ अधिकारी भी घटनास्थल पर पहुंचे.

इनके साथ ही इमारत गिरने की सूचना मिलने के बाद कोलकाता के मेयर फिरहाद हकीम भी आधी रात को मौके पर पहुंचे. वहीं पश्चिम बंगाल के नेता प्रतिपक्ष सुवेंदु अधिकारी ने अपने एक्स हैंडल पर कहा कि, 'हजारी मोल्ला बागान; गार्डन रीच; मेटियाब्रुज, केएमसी वार्ड नंबर 134 में एक 5 मंजिला इमारत (अवैध रूप से निर्मित) ढह गई है.

## साबरमती-आगरा सुपरफास्ट के 4 डिब्बे पटरी से उतरे

**अजमेर, 18 मार्च।** राजस्थान के अजमेर में मदार रेलवे स्टेशन के पास एक सुपरफास्ट ट्रेन के कम से कम चार कोच के ट्रैक से उतरने की खबर है. बताया जा रहा है कि हादसा रविवार-सोमवार की रात में हुआ. इस हादसे में अभी तक किसी के हताहत होने की कोई खबर नहीं है. लेकिन हादसे के बाद रेलवे प्रशासन में हड़कंप मच गया. उत्तर पश्चिम रेलवे के सीपीआरओ शशि किरण ने बताया कि, साबरमती से आगरा जा रही गाड़ी संख्या 12548 अजमेर के मदार में होम सिग्नल के पास पटरी से उतर गई. ट्रेन के चार यात्री डिब्बे और इंजन पटरी से उतर गए.



उन्होंने कहा, रेलवे अधिकारी दुर्घटनास्थल पर पहुंच गए. इस हादसे में कोई जानमाल की हानि नहीं हुई है. हालांकि, जिन लोगों को मामूली चोटें आईं, उन्हें नजदीकी अस्पतालों में भर्ती कराया गया है. रेलवे अधिकारियों ने अजमेर स्टेशन पर एक सहायता डेस्क स्थापित की है और सहायता के लिए एक हेल्पलाइन नंबर 0145-2429642 जारी किया है. इस नंबर पर कॉल कर लोग अपने परिजनों के बारे में जानकारी प्राप्त कर सकते हैं.

उत्तर पश्चिम रेलवे के सीपीआरओ शशि किरण ने कहा कि, आज सुबह करीब 01-04 बजे ट्रेन नंबर 12548, साबरमती-आगरा कैंट अजमेर के पास पटरी से उतर गई. इसमें इंजन और चार जनरल डिब्बे पटरी से उतर गए. हादसे में कोई हताहत नहीं हुआ है. हादसे के बाद रेलवे अधिकारी और कर्मचारियों ने तुरंत एक्शन लिया और ट्रैक को बहाल कर दिया. उन्होंने कहाकि डाउन ट्रैक को फिट कर दिया गया है.

## 6 खिलाड़ी बढ़ाएंगे छत्तीसगढ़ की शान

**अंबिकापुर, 18मार्च**

सरगुजा जिला कार्फबाल संघ से छत्तीसगढ़ मिक्स कार्फबाल टीम के लिए 6 खिलाड़ीयों का चयन आयोजित 19वीं सब जुनियर और 35वीं सिनियर राष्ट्रीय कार्फबाल चैंपियनशिप प्रतियोगिता के लिए हुआ है. यह प्रतियोगिता 17 मार्च से 20 मार्च 2024 तक उत्तर प्रदेश के आगरा में आयोजित किया गया है. इस प्रतियोगिता में सरगुजा से सब जुनियर छत्तीसगढ़ कार्फबाल टीम में चंचल निषाद, ओम प्रकाश यादव और अमन ठाकुर का चयन हुआ है. वहीं सिनियर छत्तीसगढ़ मिक्स कार्फबाल टीम में कु. साक्षी तिर्की. कु. रागनी अगरिया और अभिषेक शर्मा का चयन हुआ है. राष्ट्रीय कोच राजेश प्रताप सिंह ने बताया कि सरगुजा जिला में लंबे समय से कार्फबाल चल रहा है. कार्फबाल खेल मिक्स खेल है इसमें बालक-बालिका का मिक्स टीम बनाया जाता है. सरगुजा जिला में कार्फबाल खेल का राष्ट्रीय आयोजन भी किया जा चुका है. साथ ही साथ स्थानीय कई खिलाड़ी राष्ट्रीय प्रतियोगिताओं में मेडल जीत चुके हैं. कु. रागनी अगरिया, कु. साक्षी और अभिषेक पुर्व राष्ट्रीय प्रतियोगिता के मेडलिस्ट खिलाड़ी हैं.



## नरेन्द्र मोदी सरकार पर कांग्रेस ने लगाया हफ्ता वसूली का आरोप

**नई दिल्ली, 18 मार्च.** चुनावी बांड मुद्दे पर केंद्र पर अपना हमला तेज करते हुए, कांग्रेस ने सोमवार को मोदी सरकार पर हफ्ता वसूली (जबरन वसूली) का आरोप लगाया और दावा किया कि कुल 21 फर्मों ने, जिन्हें सीबीआई, ईडी या आईटी की जांच का सामना करना पड़ा है, चुनावी बांड के माध्यम से दान दिया है। कांग्रेस महासचिव जयराम रमेश ने कहा कि हर गुजरते दिन के साथ, चुनावी बांड घोटाले की वास्तविक गहराई पर अधिक उदाहरण सामने आते हैं। उन्होंने लिखा कि आज, हम इलेक्टोरल बॉन्ड घोटाले में भ्रष्टाचार के चार तरीक़ों में से दूसरे, प्रधानमंत्री हफ़्ता वसूली योजना, पर फ़ोकस कर रहे हैं: 1. चंदा दो, धंधा लो 2. हफ्ता वसूली। कांग्रेस नेता ने आगे लिखा कि 10 नवंबर 2022 को, प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) ने दिल्ली सरकार की शराब नीति में कथित अनियमितताओं से संबंधित मनी लॉन्ड्रिंग मामले में अरबिंदो फार्मा के निदेशक पी सरथ चंद्र रेड्डी को गिरफ्तार किया। पांच दिन बाद, 15 नवंबर को, अरबिंदो फार्मा ने इलेक्टोरल बांड के रूप में 5 करोड़ रुपए दान किए। दावा करते हुए यह भी कहा गया कि नवयुग इंजीनियरिंग कंपनी लिमिटेड ने अक्टूबर 2018 में आयकर विभाग द्वारा छापा मारे जाने के छह महीने बाद अप्रैल 2019 में 30 करोड़ रुपए के इलेक्टोरल बांड ख़रीदे। 7 दिसंबर, 2023 के शुरुआती घंटों में रामगढ़ में रूंगटा संस प्राइवेट लिमिटेड की तीन इकाइयों पर आयकर विभाग ने छापा मारा। 11 जनवरी, 2024 को कंपनी ने 1 करोड़ रुपए के 50 इलेक्टोरल बांड खरीदे। इससे पहले, फर्म ने केवल अप्रैल 2021 में दान दिया था। उन्होंने आगे कहा कि हैदराबाद स्थित शिरडी साई इलेक्ट्रिकल्स लिमिटेड पर 20 दिसंबर 2023 को आयकर विभाग का छापा पड़ा।

## बोलेरो से कुचलकर हेल्पर की हत्या

**भिलाई, 18 मार्च ■ तरुण छत्तीसगढ़**

धमधा थाना क्षेत्र ट्रक के हेल्पर को बोलेरो चालक ने कुचलकर हत्या करने का मामला सामने आया है। शिकायत पर पुलिस ने चालक के खिलाफ धारा 302, 34 के तहत जुर्म दर्ज किया है। धमधा प्रभारी अजय सिंह ने बताया कि टेकानाका बुड्ढाजी नगर कामठी रोड नागपुर महाराष्ट्र निवासी बलकार सिंह ने शिकायत किया है कि झारखंड नागपुर ट्रासंपोर्ट में जगदीप सिंग संधु का वाहन ट्रक एमएच 40 बीएल 5734 में ड्राइवरी का काम करता है। वाहन में क्लीनर (हेल्पर) कामठी रोड नागपुर निवासी टी गणेश दुबे साथ गाड़ी में चलता था 15 दिन पहले नागपुर से अपनी ट्रक में पावडर लोड कर क्लीनर के साथ दुर्गापुर पश्चिम बंगाल लेकर गया। पाउडर खाली कर दुर्गापुर से सिलको पत्थर लोड कर



रायगढ के लिए निकले पत्थर खाली कर पुंजी पतरा रायगढ से सरीया लोड कर हेल्पर टी उर्फ गणेश दुबे के साथ ट्रक को लेकर 14 मार्च की रात नागपुर महाराष्ट्र के लिये निकले थे रात को खरसिया के पास ट्रक किनारे कर सो गये दूसरे दिन उठकर ट्रक को चलाते हुए बिलासपुर के पास अरोड़ा ढाबा में खाना खाए उसके बाद सिमगा होते हुये बेमेतरा पहुंचे। जहां एक ढाबे में चाय पीए ट्रक के पीछे बबलू अंसारी अपनी वाहन ट्रक एमएच 31 बी 3617 लेकर आ रहा था दोनो गाड़ी के लोग एक साथ ढाबे में चाय पीए और देवकर होते हुए ठेलका ढाबा पहुंचे अचानक बोलेरो सामने लहराते हुये गलत साइट सामने आई। बोलेरो कार को देख ट्रक को ट्रक को रोक दिया। इसके बाद कार चालक ने ट्रक को जोरदार टक्कर मार दी। बैठे हेल्पर टी गणेश नीचे उतरा और चिल्लाने लगा तब बोलेरो चालक अपनी कार को बैंक लेते हुए सामने से तेज रफ्तार से लाकर टी उर्फ गणेश दुबे पर वाहन चढ़ा दिया। गणेश गिर पड़ा उसके बाद बोलेरो का चालक अपने वाहन से बुरी तरह गणेश को कूचल दिया। घटना में हेल्पर की मौके पर ही मौत हो गई फरार होते समय पीड़ित ने कार का नंबर सीजी 07 एटी 3002 अंकित होना पाया कार में श्रीराम भगवान का चित्र बना हुआ है कार चालक को पुलिस खोजने में जुटी

## कबीरधाम में फर्जी मतदाता, पुलिस ने तस्वीरों के साथ टंगवाए बैनर

**कवर्धा, 18 मार्च**

छत्तीसगढ़ के कबीरधाम जिले के कवर्धा में फर्जी मतदाताओं की शिकायतें बढ़ रही हैं। पुलिस ने हालिया दिनों मिली शिकायत के बाद प्रशासन की जाँच रिपोर्ट पर अपराध दर्ज कर लिया है। फ़र्ज़ी मतदाताओं की शिकायत जाँच के बीच पुलिस ने पाँच उन संदिग्ध मतदाताओं की तस्वीरों के बैनर बनाकर जगह जगह टंगवा दिया है, जिन के बारे में कोई जानकारी नहीं मिल रही थी। जो बैनर टंगवाए गए हैं उस पर लिखा है -इनके बारे में जो कोई सूचना देगा पुलिस उन्हें ईनाम देगी। मतदाता सूची में फ़र्ज़ी तरीक़े से नाम जुड़वाने के मामले में कबीरधाम पुलिस ने रेंगाखार थाने में एफ़आइआर भी दर्ज की है। रेंगाखार



थाने में तहसीलदार की सूचना पर पाँच व्यक्तियों के खिलाफ लोक प्रतिनिधित्व अधिनियम 1950 की धारा 31 क एवं ख के तहत और सहयोग देने के आरोप में मकान मालिक के खिलाफ धारा 197,198 के तहत मामला दर्ज किया गया है। प्रशासन के प्रतिवेदन में यह उल्लेख है कि, मुरलीधर यदु, कुंजबिहारी यदु,भरतेश परमार और सुरेश यदु ने ग़लत तरीक़े से नाम जुड़वाया, मतदाता सूची में ग़लत तरीक़े से नाम जुड़वाने के मसले को लेकर मकान मालिक चंद्रवार यादव के खिलाफ भी मामला दर्ज किया गया है। पुलिस और प्रशासन के लिए बड़ी मुसीबत वे लोग हैं जिनके नाम तो मतदाता सूची में दर्ज हैं लेकिन उनका कोई भी पता नहीं चल रहा है। थाना सहसपुर लोहारा के बचेड़ी गाँव में मोहम्मद ज़हीर,रशीद चौहान,हाजिबुल्ला खान,तयुबउल्ला खान, अब्दुल सलाम और गांव छोटूपारा में अमित साहू और प्यारे लाल साहू, उन नामों में शामिल हैं, जिनका नाम तो मतदाता सूची में मौजूद है लेकिन उनका कोई भी पता नहीं चल रहा है।प्रशासन की पतासाजी में यह तथ्य आया है कि ये गाँव में निवास ही नहीं करते हैं और इनके मूल निवासी के बारे में भी कोई जानकारी उपलब्ध नहीं है।सहायक निर्वाचन रजिस्ट्रीकरण द्वारा उपरोक्त सात के नाम विलोपित कर दिया गया है। पुलिस अब यह पता तलाश कर रही है कि, जिन व्यक्तियों का कोई अस्तित्व पता नहीं चल रहा है उनका नाम मतदाता सूची में कैसे जुड़ गया। पुलिस ने संदिग्ध लोगों की तस्वीरों के बैनर बनाकर जगह जगह टांग दिए हैं और आग्रह किया है -यदि इनके संबंध में कोई जानकारी मिले तो सूचित करे, पुलिस इनाम देगी।

कबीरधाम जिले के एसपी डॉ अभिषेक पल्लव ने माना है कि, मतदाता सूची में फर्जी मतदाताओं को जोड़े जाने की शिकायतें लगातार आ रही हैं। कबीरधाम ज़िले के कप्तान डॉ अभिषेक पल्लव ने कहा - ÷शिकायतें आ रही हैं, शिकायतों को उचित माध्यम के ज़रिए छानबीन की जा रही है। हमने प्रशासनिक प्रतिवेदन पर एफ़आइआर की है। एक अन्य मामले में हमें संदिग्ध मतदाताओं का कुछ पता ही नहीं चल रहा है।हमने तस्वीरों के साथ बैनर टंगवाए है। नागरिकों से आग्रह किया है कि यदि जानकारी मिलती है तो हमें दें, पुलिस ईनाम भी देगी।÷

## चुनाव आयोग ने इलेक्टोरल बॉंड को लेकर नया डेटा किया जारी

**नई दिल्ली, 18 मार्च.** चुनाव आयोग ने इलेक्टोरल बॉन्ड को लेकर कुछ नई जानकारियां शेयर की है। ईसी ने अपनी वेबसाइट पर चुनावी बॉन्ड से जुड़ा नया डेटा जारी किया है, जो व्यक्तियों की ओर से खरीदे गए और राजनीतिक दलों द्वारा भुनाए गए हैं। यह डेटा आयोग ने सीलबंद लिफाफे में सुप्रीम कोर्ट को सौंपा था। न्यायालय ने बाद में आयोग से यह डेटा सार्वजनिक करने के लिए कहा था। माना जा रहा है कि ये डिटेल 12 अप्रैल 2019 से पहले की अवधि से संबंधित हैं। भाजपा ने कुल 6,986.5 करोड़ रुपये के चुनावी बॉन्ड भुनाए, पार्टी को 2019-20 में सबसे ज्यादा 2,555 करोड़ रुपये मिले। कांग्रेस ने चुनावी बॉन्ड के जरिए कुल 1,334.35 करोड़ रुपये भुनाए। बीजद ने 944.5 करोड़ रुपये, वाईएसआर कांग्रेस ने 442.8 करोड़ रुपये, तेदेपा ने 181.35 करोड़ रुपये के चुनावी बॉन्ड भुनाए।चुनावी बॉन्ड के माध्यम से तृणमूल कांग्रेस को 1,397 करोड़ रुपये मिले।बीआरएस ने 1,322 करोड़ रुपये के चुनावी बॉन्ड भुनाए।द्रमुक को चुनावी बॉन्ड के माध्यम से 656.5 करोड़ रुपये मिले, जिसमें सैंटियागो मार्टिन की अगुवाई वाली फ्यूचर गेमिंग से प्राप्त 509 करोड़ रुपये भी शामिल हैं।सपा को चुनावी बॉन्ड के जरिए 14.05 करोड़ रुपये, अकाली दल को 7.26 करोड़ रुपये, अन्नाद्रमुक को 6.05 करोड़ रुपये, नेशनल कॉन्फ्रेंस को 50 लाख रुपये मिले।

एक नजर

## करंट लगने से महिला की मौत

**भिलाई, 18 मार्च।** भिलाई पाटन थाना क्षेत्र करंट लगने से महिला की मौत हो गई। मामले में पुलिस ने मर्ग कायम कर जांच में लिया है पाटन पुलिस ने बताया कि ग्राम तर्रा के वार्ड 5 निवासी विद्या सोना अपने घर में कपड़ा धोने के बाद डांगनी में सुखाने गई थी लेकिन अचानक करंट की सप्लाई डांगनी में आने से महिला उसके चपेट में आ गई विद्या सोना का अंतिम संस्कार उनके गृह ग्राम सरायपाली में किया जाएगा पाटन थाना पुलिस पीएम के लिए शव को भेज दिया है ।

## टावर से मशीन की चोरी

**भिलाई, 18 मार्च।** भिलाई- 3 पुलिस ने बताया कि जंयती नगर दुर्ग निवासी संदीप सिंह ( 33 वर्ष ) एयरटेल कंपनी में एफआरटी टीम मैनेजर के पद पर कार्यरत है उन्होंने रिपोर्ट दर्ज कराया कि 12 मार्च की रात करीब 2 बजे टेक्नीशियन मृत्युजंय दुबे व मिथलेश गुप्ता ने फोनकर बताया कि कन्या शाला भिलाई 03 के बाजू व दादर रोड चरोदा के पास एयरटेल कंपनी का टावर में लगे 02 नग ओएलटी टेलीकम्यूनिकेशन्स मशीन को अज्ञात चोर चोरी कर ले गया है चोरी हुई ओएलटी टेलीकम्यूनिकेशन्स मशीन की कीमत 1 लाख 30 हजार रुपए आंकी गई है।

## सूने घर में हजारों की चोरी

**भिलाई, 18 मार्च।** भिलाई - 3 थाना क्षेत्र पंचशील नगर पूर्व निवासी एक सेवानिवृत्त सैनिक के भाई के घर पर चोरी की घटना हुई है अज्ञात आरोपित ने घर के दरवाजे का ताला तोड़कर कबर्ड में रखा सोने का ब्रेसलेट और 75 हजार रुपये नकद चोरी कर लिया घटना की शिकायत पर भिलाई - 3 पुलिस ने अज्ञात आरोपित के खिलाफ प्राथमिकी कर उसकी तलाश शुरू की है पूर्व सैनिक जे. सुधाकर राव ने चोरी की शिकायत की है शिकायतकर्ता और तीन भाई एक साथ एक ही जगह पर चार अलग-अलग घरों में रहते हैं। छोटा भाई जे रामकृष्ण अपने घर पर ताला लगाकर पुराने घर में कुछ काम से गया था प्रार्थी का छोटा भाई 12 मार्च को भाई के घर गया था और रात में ताला बंद कर अपने घर लौट आया था अगले दिन छोटा भाई घर वापस आया तो दरवाजे का ताला टूटा मिला।

## ताला तोड़कर घर में की चोरी

**भिलाई, 18 मार्च।** भिलाई कुम्हारी थाना क्षेत्र के कैवल्य पार्क निवासी सैय्यद अब्दुल हसन के घर पर चोरी की घटना हुई है शिकायतकर्ता पत्नी के साथ अपने ससुराल सिकोलाभाठा दुर्ग गया था। 17 मार्च की सुबह उसके पड़ोसी ने फोन कर जानकारी दी कि उसके घर के दरवाजे का ताला टूटा हुआ है इस पर शिकायतकर्ता पत्नी, ससुर और साले के साथ घर लौटा उसने अंदर जाकर देखा तो दीवान और ओलमारी में रखे सोने-चांदी के आभूषण और पांच हजार रुपये नकद गायब थे ।

## आखिर भाजपा सरकार ने मेरे पीएसओ को क्यों हटाया:ममता



**कवर्धा, 18 मार्च।** जिला कांग्रेस कमेटी की प्रेस वार्ता में पंडरिया पूर्व विधायक ममता चंद्राकर ने लगाए छत्तीसगढ़ की भाजपा सरकार पर गंभीर आरोप लगाते हुए कहा की कबीरधाम जिला सबसे ज्यादा असुरक्षित हैं और राजनांद गांव नक्सल प्रभावित होने के बावजूद भी बीजेपी सरकार के द्वारा मेरे पीएसओ हटाना दुर्भाग्य पूर्ण है और गृहमंत्री संज्ञान ले और सुरक्षा प्रदान करे । प्रेस वार्ता के दौरान अध्यक्ष होरी राम साहू और जिला महिला अध्यक्ष श्रीमती सीमा अनंत उपस्थित रही ।

पूर्व विधायक ममता ने यह भी कहा की लगातार मेरा दौरा रहता है और मेरे पीएसओ को हटा दिया गया है । लेकिन सुरक्षा के प्रति सरकार गंभीर क्यू नही लेकिन भाजपा के पूर्व विधायक के पीएसओ को नही हटाया गया ।

# भाजपा कार्यकर्ता एवं इनफ्लुएंसर भाजपा की जीत की प्रमुख कड़ी:बघेल

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता



**भिलाई, 18 मार्च ।** भाजपा की सोशल मीडिया आईटी इनफ्लुएंसर मीट लोकसभा सांसद विजय बघेल की उपस्थिति में संपन्न हुई। इस अवसर पर सांसद विजय बघेल ने कहा कि भारतीय जनता पार्टी विश्व की सबसे बड़ी पार्टी है करोड़ों कार्यकर्ता है उसके बावजूद सोशल मीडिया के विभिन्न प्लेटफार्म पर भारतीय जनता पार्टी के पक्ष में अपना व्यक्तिगत मत रखते हुए भाजपा के पक्ष में माहौल तैयार करते हैं 7 प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने आज चुनाव को लेकर सबसे बड़ा हथियार के रूप में विकसित कर दिया है हमें गर्व होता है कि हम उसे पार्टी के हिस्सा हैं जो विश्व के सर्वमान्य नेता प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी जिन्होंने भारत माता को विश्व गुरु बनाने के लिए रात दिन एक कर रहे हैं। एक समय था अपनी सुरक्षा की दृष्टिकोण से दूसरे देशों का मुंह ताकना पड़ता था पर आज स्वयं हम दूसरे देशों को भी हथियार बेच रहे हैं आर्थिक स्तर पर भारत काफी तेजी से मजबूत बन रहा है शिक्षा का स्तर स्वास्थ्य का स्तर बड़ी तेजी से बदलाव आया है। भाजपा प्रदेश प्रवक्ता दीपक महस्के इस अवसर पर संबोधित करते हुए कहा कि सोशल मीडिया का विभिन्न प्लेटफार्म में उपस्थित आप सभी अपने-अपने क्षेत्र में महारत हासिल प्राप्त किए हुए आप सभी किसी न किसी रूप से पार्टी के पक्ष में माहौल तैयार करते हैं। आईटी सेल के प्रदेश संयोजक सुनील पिल्लई ने इस अवसर पर कहा कि आईटी सेल और सोशल मीडिया किसी समय में पार्टी के एक ही अंग थे जैसे-जैसे कार्य बढ़ता गया इसे अलग किया गया लेकिन हम सभी एक ही संगठन के कार्य करता है और दोनों कंधे से कंधा मिलाकर चलेंगे पार्टी के विभिन्न स्वरूप में जो आईटी के सेक्टर एवं सोशल मीडिया के प्लेटफार्म में चेंज आते हैं समय-समय पर उसकी समीक्षा करना और कार्यकर्ताओं के बीच में रखना और उन्हें प्रशिक्षित करना हम सबका दायित्व है सोशल मीडिया इनफ्लुएंसर को मैं नमन करता हूं जो पार्टी के पक्ष में हमेशा लिखते हैं और विपक्षियों के हमलों का जवाब भी देते हैं। आयोजित कार्यक्रम में भाजपा जिला अध्यक्ष भिलाई महेश वर्मा ने भी संबोधित किया। कार्यक्रम का संचालन श्रद्धा ने किया और आभार सोशल मीडिया लोकसभा प्रभारी प्रमोद सिंह ने किया। आयोजित कार्यक्रम में मंचासीन अतिथि भाजपा प्रदेश महामंत्री भरत वर्मा, प्रदेश मंत्री एवं लोकसभा प्रभारी अवधेश चंदेल, भाजपा प्रदेश प्रवक्ता दीपक महस्के, भाजपा सोशल मीडिया प्रदेश संयोजक सोमेश चंद्र पांडेय, आईटी सेल प्रदेश संयोजक सुनील पिल्लई, लोकसभा शह प्रभारी प्रीतपाल बेलचंदन, विधायक ललित चंद्राकर, भाजपा जिला अध्यक्ष जितेंद्र वर्मा भिलाई जिला अध्यक्ष महेश वर्मा, लोक सभा संयोजक आई टी सेल सोशल मीडिया प्रमोद सिंह, लोक सभा सहसंयोजक एवं दुर्ग संभाग प्रभारी राकेश साहू, महामंत्री प्रेम साहू, बिजेंद्र सिंह, दुर्ग लोकसभा सोशल मीडिया सोशल मीडिया संभाग प्रभारी अभिषेक कश्यप, ,राजा महोबिया, जिला संयोजक आई टी सेल जितेंद्र सिंह राजपूत, भारत भम्भाणी, जिला संयोजक सोशल मीडिया रवि कश्यप, रजनीश श्रीवास्तव, आयुषी पांडेय, महिला मोर्चा जिला अध्यक्ष स्वीटी कौशिक उपस्थित थे।



## भिलाई निगम क्षेत्र में सम्पत्ति विरूपण अभियान

**भिलाई, 18 मार्च ।** लोकसभा निर्वाचन के धोषण के साथ ही भिलाई निगम क्षेत्र से 5843 स्थानों से सम्पत्ति विरूपण नियम के तहत बैनर,पोस्टर, तोरण, झण्डे को हटाया गया तथा दीवार लेखन को हटाया गया। निगम आयुक्त देवेश कुमार ध्रुव ने निगम सभागार में अधिकारियों की.बैठक लेकर कहा था कि लोकसभा निर्वाचन हेतु निगम क्षेत्र में प्रभावशील आदर्श आचार संहिता को ध्यान में रखते हुए सम्पूर्ण क्षेत्र में लगे राजनीतिक बेनर, पोस्टर, झंडे,तोरण,दीवार लेखन को तत्काल हटा लिए जाएँ । निगम प्रशासन द्वारा सभी जोन क्षेत्र में सम्पत्ति विरूपण की कार्रवाई हेतु दो टीम का गठन कर जी.ई.रोड,बाजार क्षेत्र, शहर के मुख्य चौक चौराहे, मुख्य मार्ग तथा अंदरूनी सडको मे लगाये गये 4982 पोस्टर, 260 स्थानों में लगे बैनर, 29 तोरण एवं अन्य राजनीति पार्टी के प्रचार प्रसार सामग्री को हटाया गया है। इसी प्रकार 572 स्थानों से पुल पुलिया तथा अन्य.स्थानों पर किये गये राजनीतिक दीवार लेखन को गेरू से मिटाया गया। सम्पत्ति विरूपण के दौरान जोन-3 के टीम ने जगह-जगह लगे धार्मिक झण्डे तथा तोरण को सुरक्षित उतार कर मंदिर समिति को.सौपा तो पुजारी ने निगम प्रशासन की टीम का प्रशंसा करते धन्यवाद ज्ञापित किया।

## मिशन लाइफ अभियान से युवाओं को किया जा रहा है जागरूक



**उतई, 18 मार्च।** नेहरू युवा केंद्र संगठन छत्तीसगढ़ और यूनिसेफ छत्तीसगढ़ के संयुक्त तत्वाधान में दुर्ग जिले में नेहरू युवा केंद्र के जिला युवा अधिकारी नितिन कुमार शर्मा के नेतृत्व में राष्ट्रीय स्वयंसेवक मृदुल निर्मल व मुकेश कुमार द्वारा दुर्ग ब्लॉक के अलग अलग चिन्हित गांवों के स्कूल और कॉलेज में मिशन लाइफ और ओडीएफ भारत जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किया जा रहा है। ह्लअंतर्गत प्रश्नोत्तरी प्रतियोगिता, चित्रकला प्रतियोगिता सेमीनार के माध्यम से युवाओं को मिशन लाइफ के बारे में जानकारी दी जा रही है । इस कार्यक्रम को सुचारू रूप से कराने के लिए और लोगो मे जागरूकता लाने के लिए दुर्ग के दस स्वयंसेवकों को ठाकुर प्यारे लाल प्रशिक्षण संस्थान रायपुर से विशेष रूप से प्रशिक्षित सभी स्वयसेवक अपने अपने चिन्हित गांवों में कार्यक्रम चला रहे है।जिला युवा अधिकारी नितिन शर्मा ने बताया मिशन लाइफ पर्यावरण संरक्षण से जुड़ा बड़ा अभियान है जिसमें प्रत्येक व्यक्तियों को अपनी जिम्मेदारी को समझने के लिए जागरूक किया जा रहा है।

# चित्रकार ललित दुबे के राम-राम शब्दों से बने चित्र ने किया आकर्षित



भिलाई, 18 मार्च । मध्य प्रदेश की राजधानी भोपाल में आयोजित द्वितीय अंतराष्ट्रीय रामायण सम्मेलन में भिलाई छत्तीसगढ़ के चित्रकार ललित दुबे की कलाकृति आकर्षण का केन्द्र रही। ललित दुबे ने राम-राम शब्दों को जोड़कर ऐसी शानदार कलाकृति बनाई जिसे देखने वालों ने जमकर सराहा। भोपाल में यह कार्यक्रम तुलसी मानस प्रतिष्ठान और रामायण केन्द्र भोपाल द्वारा मानस भवन भोपाल में किया गया। प्रदर्शनी का उद्घाटन पूर्व सांसद रघुनन्दन शर्मा व एमपी के कैबिनेट मंत्री धर्मेन्द्र सिंह लोधी व इंडोनेशिया से आए अजित सिंह चौहान द्वारा किया गया। इस प्रर्दशनी में दक्षिण एशियाई देशों कम्बोडिया, म्यांमार, लाओस, इंडोनेशिया के दुर्लभ मंदिरों के चित्र प्रदर्शन के लिए लगाए गए। अलग अलग देशों की कलाकृतियों के बीच भिलाई के ललित दुबे द्वारा राम-राम शब्दों से बनी चित्रकला विशेष आर्कषण का केन्द्र रही। सामान्यतः चित्रकला रंग एवं ब्रश से बनाया जाता है किन्तु ललित दुबे द्वारा बनाई गई चित्रकला शैली से हटकर है। रंगीन पेन से ड्राइंग शीट पर राम-राम लिखते जाते है और कलाकृति बनती जाती है। एक नजर में पेंटिंग सामान्य लगता है किन्तु गौर से देखने पर अत्यंत छोटे शब्दों से राम-राम लिखा नजर आता है। चित्रकला में रंगों में, रेखाओं में राम ही राम नजर आता है। प्रदर्शनी में 3 ङ्ग 2 फीट के ड्राइंग शीट साइज का विभिन्न देवी-देवताओं का तांत्रिक यंत्र, मार्डन एवं पारंपरिक शैली के राम-राम शब्दों से 25 चित्र लगाये गये। इनके मुख्य आर्कषण का केन्द्र 35 फिट लम्बे ड्राइंग शीट

पर राम-राम लिखकर रामायण के मुख्य प्रसंगों का जिससे राम जन्म से राम दरबार तक का चित्रण अत्यंत दुर्लभ कृति के रूप में सामने आई। इस कलाकृति में करोड़ों बार राम-राम लिखकर रामायण बनाया गया है। रामायण कृति के लिए चित्रकला को वर्ल्ड बुक ऑफ रिकार्ड, इंटरनेशनल बुक ऑफ रिकॉर्ड, इंडिया बुक ऑफ रिकार्ड में सबसे लंबी टाइपोग्राफिक पेंटिंग के नाम से दर्ज किया गया है। ललित दुबे को चित्रकला एवं मूर्तिकला, समाज सेवा में राज्य स्तरीय एवं राष्ट्रीय, अंतराष्ट्रीय सम्मान से सम्मानित किया गया है। ललित दुबे के पेंटिंग प्रदर्शनी में डॉ. राजेश श्रीवास्तव निर्देशक रामायण केन्द्र भोपाल, डॉ. आरजी सोनी सेवानिवृत्त अपर प्रधान मुख्य वनसंरक्षक मध्य प्रदेश एवं लेखक राम वनगमन पथ पुनरावलोकन शोध ग्रंथ, कमेश जैमिनी वरिष्ठ छायाकार एवं उपाध्यक्ष पं. राम किंकर उपाध्याय शोध केन्द्र सत्येन्द्र शर्मा भिलाई का विशेष सहयोग रहा।

# कलेक्टर ने ली राजनीतिक दलों की बैठक, चुनाव तैयारियों के संबंध में जानकारी



**भिलाई, 18 मार्च ।** दुर्ग संसदीय क्षेत्र का निर्वाचन तृतीय चरण में रखा गया है। राजनीतिक दलों को लोकसभा चुनाव 2024 के कार्यक्रम और जिले में चुनाव की तैयारी के संबंध में आज कलेक्ट्रेट सभाकक्ष में कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी सुश्री ऋचा प्रकाश चौधरी की अध्यक्षता में राजनीतिक दलों की बैठक आयोजित की गई। बैठक में मान्यता प्राप्त राजनीतिक दलों के जिला प्रतिनिधि सम्मिलित हुए। बैठक में राजनीतिक दलों के प्रतिनिधियों को जिले में आदर्श आचरण संहिता के प्रभावशील होने के फलस्वरूप भारत निर्वाचन आयोग नई दिल्ली तथा मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी छत्तीसगढ़ रायपुर द्वारा समय-समय पर इस संबंध में दिए गए निर्देशों का अनुपालन सुनिश्चित करने संबंधित जानकारी दी गई। दुर्ग संसदीय क्षेत्र से संबंधित समस्त आवश्यक जानकारियों को राजनैतिक दलों के प्रतिनिधियों से साझा किया गया। भारत निर्वाचन आयोग द्वारा निर्धारित कार्यक्रम निर्वाचन की अधिसूचना का प्रकाशन 12 अप्रैल, नाम निर्देशन की अंतिम तिथि 19 अप्रैल, संवीक्षा की तिथि 20 अप्रैल, नाम वापससी की तिथि 22 अप्रैल, मतदान की तिथि 07 मई एवं मतगणना की तिथि 04 जून निर्धारित की गई है। दुर्ग संसदीय क्षेत्र के अंतर्गत कुल 09 विधानसभा क्षेत्र आते है, जिनमें दुर्ग जिले की भौतिक सीमा के अंतर्गत 06 पूर्ण तथा 02 आंशिक विधानसभा क्षेत्र तथा बेमेतरा जिला के अंतर्गत 03 विधानसभा क्षेत्र आते है। इस प्रकार कुल 09 विधानसभा क्षेत्र से यह संसदीय क्षेत्र पूर्ण होता है। दुर्ग संसदीय क्षेत्र के अंतर्गत कुल मतदान केन्द्र की संख्या 2223 है। 36 सहायक मतदान केन्द्र का अनुमोदन भारत निर्वाचन आयोग द्वारा किया गया है इस प्रकार कुल मतदान केन्द्रों की संख्या 2259 हो गये है। दुर्ग संसदीय क्षेत्र के मतदाताओं की कुल संख्या 2081191 है, जिनमें पुरुष मतदाता 1037765, महिला मतदाता 1043372 एवं अन्य 54 मतदाता है। लिंगानुपात 1005, ई.पी.रिसयो 67.97. सर्विस वोटर्स की संख्या 2119 है। 85 वर्ष से अधिक उम्र के दुर्ग संसदीय क्षेत्र के अंतर्गत आने वाले विधानसभा क्षेत्र में कुल 6544 मतदाता है, जिनमें पुरुष मतदाता 2901, महिला गरादाता 2873 तथा अन्य मतदाता निरंक है। इसी प्रकार दुर्ग संसदीय क्षेत्र के अंतर्गत दिव्यांग मतदाताओं की कुल संख्या 13266 है, जिसमें पुरुष मतदाता 7666 तथा महिला मतदाता 5599 अन्य मतदाता 01 है। दुर्ग जिले में बी.यू., सी.यू. एवं व्ही.व्ही.पी.ए.टी. की संख्या निर्धारित मानकों के अनुसार पर्याप्त है। दुर्ग संसदीय क्षेत्र के अंतर्गत कुल 198 सेक्टर अधिकारी तथा 23 रिजर्व सेक्टर अधिकारी कुल 221 सेक्टर अधिकारियों की नियुक्ति की गई है। ई.ई.एम. के सभी दलों (एफ.एस.टी. एस.एस.टी., व्ही.एस.टी., व्ही.व्ही.टी. अकाउंट टीम, सहायक व्यय प्रेक्षक) का गठन किया गया। सामग्री वितरण, वापसी तथा मतगणना स्थल निर्धारित किया जा चुका है। नोडल अधिकारियों की नियुक्ति की जा चुकी है तथा उनके बैठने का स्थान निर्धारित कर दिया गया है। दुर्ग. संसदीय क्षेत्र के लिए 24म7 कंट्रोल रूम की स्थापना की गई, जिसमें टोल फ्री नंबर 1950 तथा निर्वाचन कार्यालय को टेलीफोन नंबर 0788-2210180 पर किसी भी प्रकार की जानकारी प्राप्त करना तथा किसी भी प्रकार की शिकायत दर्ज करने की सुविधा रहेगी। आदर्श आचरण संहिता से संबंधित सभी प्रकार के आवश्यक आदेश जारी किये जा चुके है। कर्मचारी डाटाबेस पूर्ण कर लिया गया है। एम.सी.एम.सी. समिति का गठन कर लिया गया है। बैठक में इंडियन नेशनल कांग्रेस, बहुजन समाज पार्टी और आम आदमी पार्टी के जिला पदाधिकारी तथा अतिरिक्त जिला दंडाधिकारी एवं नोडल अधिकारी एम.सी.सी. अरविंद एक्का, उप जिला निर्वाचन अधिकारी, बजरंग दुबे तथा सहायक रिटर्निंग ऑफिसर हरवंश सिंह मिरी उपस्थित थे।

## दुर्ग शहर से निकलने वाले ठोस अपशिष्ट के निष्पादन हेतु प्लांट की स्थापना का कार्य प्रारंभ

**दुर्ग, 18 मार्च।** नगर पालिक निगम दुर्ग शहर से प्रतिदिन 120-125 टन ठोस अपशिष्ट उत्पादित होता है जिसमें से निगम में स्थित 10 एस.एल.आर.एम. सेंटर से प्रतिदिन 35-40 टन का निष्पादन के उपरांत शेष 80-85 टन ठोस अपशिष्ट के निष्पादन हेतु नगर निगम दुर्ग की महापौर परिषद एवं सामान्य सभा द्वारा पारित संकल्प अनुसार प्लांट की स्थापना होगी।अनुबंधित कंपनी उरला में स्थित लगभग 3 एकड़ भूमि पर चुने की मार्किंग कर जे.सी.बी. के माध्यम से भूमि समतलीकरण का कार्य प्रारंभ किया गया है।प्लांट की स्थापना पर होने वाला व्यय कंपनी के द्वारा किया जायेगा निगम को मात्र प्रतिमाह 7.50 लाख का व्यय होगा उक्त प्लांट की स्थापना एवं संचालन से शहर में अन्य स्थानों पर लिगेशी वेस्ट का डम्प होना बंद हो जायेगा नगर निगम दुर्ग के इस निर्णय से ठोस अपशिष्ट का निष्पादन के कार्य में बहुत बड़ी राहत मिलेगी।


अपशिष्ट प्रबंधन के लिए चयन उरला के रिक्त भूमि में किया मार्किंग,शहर से निकलने वाले ठोस उपशिष्टों के निष्पादन के लिए केंद्र की स्थापाना,स्वच्छता को बढ़ावा देने के लिए नगर पालिक निगम सीमा क्षेत्र अंतर्गत शहर से निकलने वाले ठोस अपशिष्टों के निष्पादन हेतु प्लाट की स्थापना एवं संचालन कार्य उरला में लगभग 3 एकड़ भूमि पर दिनांक 15 /3/24 को निगम के स्वास्थ्य अधिकारी जावेद अली एवं श्री दबाले उपअभियंता के मार्गदर्शन में 3 एकड़ एरिया में चुने की मार्किंग किया गया एवं ठेकेदार द्वारा कार्य प्रारंभ करने की कार्रवाई सुनिश्चित की गई है।

# कलेक्टर और एसपी ने चिल्फी बैरियर का किया निरीक्षण



**कवर्धा, 18 मार्च।** कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी श्री जनमेजय महोबे और पुलिस अधीक्षक डॉ. अभिषेक पल्लव ने आज कबीरधाम जिले के चिल्फी स्थापित छत्तीसगढ़ के अंतर्राज्यीय बैरियर (चेक पोस्ट) का निरीक्षण किया। कलेक्टर ने स्वतंत्र, निष्पक्ष एवं शांतिपूर्ण लोकसभा निर्वाचन कार्य संपादित करने की दृष्टि से चेक पोस्ट में स्थैतिक निगरानी दल के अधिकारी-कर्मचारियों को अलग अलग समय अंतराल में 24 घण्टे तैनाती सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। उन्होंने ने निगरानी टीम में सभी मादक पदार्थो, नगद राशि, वितरण योग्य समाग्रियों सहित अन्य गतिविधियों पर कड़ी निगरानी रखने के निर्देश दिए है। कलेक्टर श्री महोबे ने कहा कि अन्य राज्यों से आने-जाने वाले वाहनों को कड़ाई से जांच करें। साथ ही संदिग्ध वाहनों की पड़ताल कर नियमानुसार कार्यवाही करना सुनिश्चित करें। उन्होंने उच्च अधिकारीयों से कहा कि बैरियर और चेक पोस्ट का लगातार निरीक्षण करते रहे। इस दौरान उन्होंने चेक पोस्ट में आने जाने वाले गाड़ियों की जानकारी के संबंध संधारित रजिस्टर का अवलोकन भी किया। भारत निर्वाचन आयोग द्वारा लोकसभा निर्वाचन कार्यक्रम निर्धारित होने के बाद जिले के चेकपोस्ट में तैनात स्थैतिक निगरानी दल सक्रियता से नजर रखी जा रही है।कलेक्टर श्री महोबे ने सीमावर्ती चेक पोस्ट पर तैनात कर्मचारियों को गुजरने वाले सभी वाहनों की मुस्तैदी से जांच करने और अवैध एवं संदिग्ध परिवहन पर तत्काल कार्यवाही करने के साथ अपने उच्च अधिकारियों को सूचित करने के निर्देश दिए। इसके साथ ही जिले के सभी चेकपोस्ट में टीम को संदिग्धियो पर कार्रवाई करने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि चेकपोस्ट में की जा रही कार्यवाही एवं गाडियों की जांच के लिए रजिस्टर पंजी संधारित होना चाहिए। उन्होंने कहा कि निर्वाचन के समय में अवैध शराब, राशि तथा अन्य सामग्री के परिवहन के मामले सामने आते हैं। इन सभी पर बारीकी से नजर रखने और उन पर कार्रवाई बेहद जरूरी है। उन्होंने बॉर्डर पर निगरानी के लिए पुलिस के साथ स्थैतिक टीम को संयुक्त रूप से समन्वय के साथ काम करने के निर्देश दिए। उन्होंने लगातार पूरी सघनता से जांच जारी रखने कहा।पुलिस अधीक्षक डॉ अभिषेक पल्लव ने कहा कि चेक पोस्ट के लिए बनाई गई स्थैतिक निगरानी टीम चौकन्ना रहते हुए हर गाड़ियों की जांच करे और उसकी एंट्री रजिस्टर में जरूर करे। जहां भी मामला संदिग्ध लगे तत्काल कार्यवाही सुनिश्चित करें। इस दौरान उन्होंने चेक पोस्ट में लगे सीसीटीवी कैमरे का अवलोकन भी किया। निरीक्षण के दौरान बोड़ला तहसीलदार, चिल्फी थाना प्रभारी सहित अन्य संबंधित अधिकारी एवं अमले उपस्थित थे। उल्लेखनीय है कि लोकसभा निर्वाचन क्षेत्र 06 राजनांदगांव के अंतर्गत कबीरधाम जिले में विधानसभा-71 पंडरिया एवं 72 कवर्धा के संपूर्ण क्षेत्र शामिल है। भारत निर्वाचन आयोग द्वारा निर्धारित कार्यक्रम के अनुसार राजनांदगांव संसदीय क्षेत्र-06 के लिए अधिसूचना 28 मार्च को जारी होगा।

# टीम वर्क और अनुबंधों के प्रभावी निर्धारण और निष्पादन के से हो सकते हैं सफल:झा



भिलाई, 18 मार्च । जब यू के झा अगस्त 1985 में भिलाई इस्पात संयंत्र में शामिल हुए तो उनकी पहली पोस्टिंग नगर सेवा विभाग या टाउन सर्विसेज डिपार्टमेंट में थी। जून 2022 में वे सेल-बीएसपी से मुख्य महाप्रबंधक के पद में नगर सेवा विभाग से सेवानिवृत्त हुए। झा ने अपने अनुभव साझा किए और चुनौतियों के बारे में भी चर्चा की। झा कहते हैं कि भिलाई इस्पात संयंत्र किसी व्यक्ति के लिए सीखने और अपना विकास करने के साथ-साथ कंपनी की प्रगति में अपना योगदान देने के लिए एक अद्भुत कार्यस्थल है। टीम वर्क को भिलाई में काम करने का सार बताते हुए झा कहते हैं कि बीएसपी एक एकीकृत इस्पात संयंत्र है और इसकी विभिन्न प्रक्रियाएं श्रम-केंद्रित होने के कारण, सभी प्रमुख उपलब्धियां टीम वर्क के माध्यम से ही संभव हो पाती हैं। यह सॉफ्टवेयर, एआई आदि जैसे कुछ अन्य उद्योगों के विपरीत है जहां आपके प्रदर्शन से व्यक्तिगत उत्कृष्टता की भी गुंजाइश उपलब्ध होती है। इसलिए इस संगठन में उपलब्धियाँ केवल टीमों के माध्यम से संचालित होती हैं। कोई भी व्यक्ति, चाहे वह सदस्य हो या टीम लीडर, टीम वर्क के माध्यम से ही योगदान दे सकता है। निष्पादन को कैसे बेहतर बनाया जा सकता है, इस पर अपने विचार साझा करते हुए झा कहते हैं कि विभागीय कामकाज से कॉन्ट्रैक्चुअल कामकाज तक का परिवर्तनकाल सुचारू नहीं रहा है। अधिकांश नियंत्रक अधिकारी अभी भी विभागीय जनशक्ति के साथ काम करने को प्राथमिकता देते हैं और कॉन्ट्रैक्चुअल कामकाज के साथ ठीक से तालमेल नहीं बिठा पाते हैं। यहाँ ठेकेदारों को केवल जनशक्ति आपूर्तिकर्ता मानने की प्रवृत्ति है। अनुबंधों को तैयार करते समय जितना विचार और योजना (प्लानिंग) होनी चाहिए, उतना अक्सर नहीं होता है। परिणामस्वरूप ऐसे अनुबंधों को गैर-पेशेवर तरीके से निष्पादित किया जाता है। झा कहते हैं कि अनुबंधों के बारे में एक अन्य महत्वपूर्ण बिंदु, अनुबंधों के माध्यम से चयनित जनशक्ति की उचित गुणवत्ता के संदर्भ में है। यह देखते हुए कि संयंत्र में अधिकांश महत्वपूर्ण उपकरणों का संचालन और रखरखाव अनुबंध के माध्यम से किया जाता है, उपयुक्त, कुशल और अनुभवी जनशक्ति के चयन बहुत आवश्यक है। यह तभी सुनिश्चित किया जा सकता है जब अनुबंध के माध्यम से उपयुक्त व कुशल जनशक्ति का चयन किया जाए और उन्हें श्रम कानूनों के अनुसार उचित वेतन और सुविधाएं प्रदान की जाएं। तभी अनुबंधों के माध्यम से लंबे समय तक कार्य किया जा सकता है। झा ने कहा, 1971 में संसद द्वारा पारित सार्वजनिक परिसर अधिनियम (पीपी अधिनियम) सरकार या सार्वजनिक क्षेत्र की कंपनियों के स्वामित्व वाले सार्वजनिक परिसरों से अतिक्रमण को हटाने के लिए बहुत मजबूत और प्रभावी प्रावधान प्रदान करता है। लेकिन आम तौर पर यह देखा जाता है कि इस अधिनियम के प्रावधानों का सार्वजनिक क्षेत्र की कंपनियां अक्सर पुलिस और प्रशासन जैसे स्थानीय अधिकारियों से समर्थन की कमी का बहाना देकर पूरी तरह से उपयोग नहीं करती हैं। झा कहते हैं कि अक्सर देखा गया है कि प्रौद्योगिकी के प्रभावी उपयोग से वांछित मानव व्यवहार सुनिश्चित करना संभव है। अंत में झा कहते हैं कि सामान्य तौर पर भिलाई टाउनशिप और विशेष रूप से भिलाई इस्पात संयंत्र एक ऐसी जगह है, जहां किसी भी व्यक्ति, उसके परिवार और बच्चों के समावेशी यानी 360 डिग्री विकास के लिए सभी आवश्यक चीजें उपलब्ध है। मैं हमेशा इस जगह और इस कंपनी का ऋणी रहूंगा।



**उतई।** फूलने लगी पलाश के फूल जिसे देखने से होली पर्व की याद आ जाती है ।

## निधन

### जोगिंदर सिंह

**जामुल।** वार्ड 12 निवासी जोगिंदर सिंह जो दीपक सिंह भाजपा जामुल मण्डल उपाध्यक्ष के पिता हैं उनका आकस्मिक निधन 17 मार्च शाम 4 बजे हो गया है। इनकी अंतिम यात्रा व अंत्येष्टि का कार्यक्रम 18 मार्च को सुबह 11 बजे मुक्तिधाम वार्ड 1 किया गया।



# सरकारी अस्पताल में वर्षों बाद भी विशेषज्ञ डॉक्टर नहीं ?

■ पदस्थ डॉक्टर महीनों से अनुपस्थित- नहीं होता औचक निरीक्षण



**डोंगरगांव 8 मार्च।** शहर का सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र आज भी विशेषज्ञ डॉक्टरों की कमी से जूझ रहा है. जहाँ शासन-प्रशासन व्दारा भवन और उपकरण से अस्पताल को सुसज्जित किया जा रहा है, वहीं ब्लॉक मुख्यालय के इस अस्पताल के नये बिल्डिंग में आज पर्यन्त डॉक्टरों की पूर्ति नहीं की जा सकी है. इसके साथ ही अनेक पद स्वीकृत होने के बावजूद अब तक नहीं भरे जा सके हैं जबकि कुछ पदों को संविदा के भरोसे चलाया जा रहा है.

डोंगरगांव के इस अस्पताल का सबसे महत्वपूर्ण पद खण्ड चिकित्सा अधिकारी का है जो कि स्थानीय जनप्रतिनिधियों की उदासीनता के चलते कई वर्षों से भरा ही नहीं गया और प्रभारियों के भरोसे पूरे अस्पताल का संचालन किया जा रहा है. ऐसे में अस्पताल की चरमराई व्यवस्थाओं का केवल अनुमान ही लगाया जा सकता है. चिकित्सा अधिकारी के दो पद स्वीकृत हैं जिसमें एक पद अब तक खाली है जबकि एक पद में डॉ.रागिनी चन्द्रे हैं जो कि प्रभारी खंड चिकित्सा अधिकारी का पद भी संभालती हैं. इसी प्रकार विशेषज्ञ मेडिसिन, स्त्री रोग विशेषज्ञ, सर्जरी विशेषज्ञ, पीजीएमओ निश्चेतना, अस्थि रोग विशेषज्ञ जैसे महत्वपूर्ण पद वर्षों से खाली पड़े हैं. कई वर्षों बाद शिशु रोग विशेषज्ञ के रूप में डॉ.हिमांशु नामदेव पहुंचे हैं. डॉक्टर और विशेषज्ञों के अलावा स्टॉफ नर्स 2 पद रिक्त हैं, फार्मासिस्ट के दो पदों में एक खाली है. अस्पताल में मरीजों को एक स्थल से दूसरे स्थल पहुंचाने के लिए सबसे महत्वपूर्ण पद वाहन चालक के दोनों पर वर्तमान में रिक्त पड़े हैं. इसी प्रकार नान मेडिकल सुपरवाइजर, एन.एम.ए., ओटी अटेन्डेन्ट, ड्रेसर ग्रेड-2, धोबी जैसे पद भी खाली पड़े हैं जो कि अस्पताल संचालन में महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं.

### अनुबंधित डॉक्टरों की नहीं होती मानिटरिंग

ग्रामीण क्षेत्र में स्वास्थ्य सुविधाओं को अनवरत चलाने के लिए पी.जी. एवं एमबीबीएस अनुबंधित मेडिकल छात्र/छात्राओं व्दारा एक बार पदांकित पदस्थापना स्थल में दो वर्षों की सेवा देनी होती है लेकिन ज्वानिंग के पश्चात किसी अधिकारी व्दारा इनकी सुध तक नहीं ली जाती जबकि नियमानुसार कोई मेडिकल छात्र/छात्रा इस दौरान एक माह से अधिक अनुपस्थिति पर बांड की संपूर्ण राशि वसूली किये जाने के साथ ही मेडिकल कौंसिल से पंजीयन रद्द करने तक की कार्यवाही की जा सकती है. डोंगरगांव अस्पताल में भी एक डॉक्टर विजय मेश्राम ड्युटी ज्वाईन करने के बाद गत 10 माह से अनुपस्थित हैं और इसकी जानकारी उच्चाधिकारियों तक है किन्तु कार्यवाही करने के नाम पर सभी जानकर अंजान बने हुए हैं. जिम्मेदार पद होने की वजह से उनकी अनुपस्थिति में अन्य डॉक्टरों को अधिक समय ड्यूटी करना होता है जो कि उन्हें हतोत्साहित करता है.

### सरकारी अस्पताल में डॉक्टरों का टोटा

डॉक्टरों के लिए तरस रहे डोंगरगांव सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र में एक समय काफी नामचीन विशेषज्ञ डॉक्टर भी हुए है, जिनके कार्यकाल में अनेक बड़े ऑपरेशन भी सम्पन्न हुए हैं. केवल नब्ज टटोल कर मरीज की सारी बीमारियों को पहचानने वाले डॉक्टरों की भी कमी नहीं रही है किन्तु विगत कई वर्षों से डोंगरगांव सरकारी अस्पताल केवल रिफर सेंटर बनकर रह गया है. सामुदायिक और प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्रों में पदस्थ डॉक्टरों का मुख्यालय में नहीं रहना भी मरीजों के लिए परेशानी का सबब है. डॉक्टरों के मुख्यालय में रहने से छोटी मोटी समस्याओं के लिए मरीज को राजनांदगांव रिफर नहीं किया जायेगा जिससे गरीब मरीजों की जान से लेकर समय और पैसे की भी बचत होगी लेकिन जिला मुख्यालय में बैठे अधिकारी डॉक्टरों की सुध लेने औचक निरीक्षण ही कर ले तो काफी हद तक सुधार आ जाये.

### अधिकारी की नहीं सुनते अधिनस्थ कर्मचारी

डोंगरगांव का अस्पताल प्रबंधन पूरी तरह से बदहाल स्थिति में पहुंच चुका है। जहां अपने अधिकारियों की ही बात को उनके अधिनस्थ कर्मचारी टालते नजर आते हैं। जिसका कारण है पावर, पहुंच, संरक्षण और राजनीती,कार्यवाही करे तो पावर और पहुंच का रौब दिखाकर दबाव बनाते हैं। इन सब के पीछे शहर की ओछी राजनीति बड़ी बाधा बनी हुई है। पता नहीं इनसब से निजाद कब मिलेगा यंहा का स्टाफ ड्यूटी के नाम पर सिर्फ तनख्वाह पकाने आते है।

### स्टाफ की बदसलूकी से लोगो को पहुँचती है ठेस

अस्पताल की प्रबंधन तो बदहाल है ही साथ ही यंहा के ड्यूटी स्टाफ किसी भी मरीज़ और उसके परिजनो से सलिके से बात भी करना जरूरी नहीं समझते, यंहा इलाज़ के नाम पर तो सिर्फ दिखावा ही होता है और अगर कुछ किया भी जाये तो मरीजों के इलाज़ को उनके ऊपर किये गए अहसान की तरह बात किया जाता है। प्रबंधन का रव्वैया देख मरीज़ और परिजनों की तकलीफ और बढ़ जाती है।

### आयुर्वेदिक अस्पताल कोने में संचालित

शहर के पुराने अस्पताल के एक कोने में आयुर्वेदिक अस्पताल संचालित है. पुराना अस्पताल का पूरा भवन अब पूरी तरह से खाली हो चुका है, जहाँ आयुर्वेदिक अस्पताल को संचालित किया जा सकता है. अस्पताल सामने होने से और भी अधिक मरीजों को इसका लाभ मिल सकेगा. मरीजों की शिकायत है कि यहाँ पदस्थ डॉक्टर भी सुबह की ड्यूटी करने के बाद शाम को कभी नहीं मिलते जबकि वर्तमान नियमों के अनुसार अस्पताल को सुबह और शाम दोनों समय खोला जाना है. इसी पुराने अस्पताल भवन में विगत माह से फिजिओथेरेपी प्रारंभ किया गया है, जिसे डॉक्टरों की सलाह पर इसका लाभ लिया जा सकता है. डोंगरगांव अस्पताल प्रबंधन के रवैय्ये के कारण डोंगरगांव अस्पताल की छवि धूमिल है मरीज़ डोंगरगांव अस्पताल मे इलाज़ कराने से कतराते है और लोगो को प्राइवेट अस्पताल का रुख करना पड़ता है और मोटे पैसो के खर्च के बाद अपने परिजनों का इलाज़ कराना पड़ता है।ऐसा ना हो की कुछ समय बाद लोग डोंगरगांव सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र आना ही बंद कर दे।

## एक नजर

### खोभा में न्योता भोज का आयोजन

**छुरिया 18 मार्च।** स्कूल शिक्षा विभाग के सभी



जनकल्याणकरि योजनाओं को कार्यान्वित कर जमीनी स्तर पर लाने के लिए हमेशा अग्रणी भूमिका निभाने हेतु तत्पर रहने वाली शासकीय पूर्व माध्यमिक शाला खोभा में ग्राम के पद्म आदिवासी महिला स्व सहायता समूह के द्वारा न्योता भोजन कराया गया।मुख्यमंत्री एवं स्कूल शिक्षा विभाग के मंशानुरूप शासकीय शालाओ में अध्ययनरत बच्चों के शारीरिक दुर्बलता एवं कुपोषण को दूर करने के लिए न्योता भोजन कराया जा रहा है।इसी तारतम्य में शासकीय पूर्व माध्यमिक शाला खोभा में रचनात्मक कार्य करने वाले प्रभारी प्रधान पाठक श्री राजेन्द्र कुमार लाडेकर के मार्गदर्शन और प्रेरणा से ग्राम के सक्रिय कार्य करने वाले समूह पद्म आदिवासी महिला स्व सहायता समय के द्वारा शाला के सभी बच्चों को खीर पूड़ी और अन्य भोजन खिलाकर आंशिक न्योता भोजन में अपनी सहभागिता दिए।इस तरह के पुनीत कार्य से नागरिको को न्योता भोजन कराने का शंदेश दिया।न्योता भोजन में सामिल ग्राम प्रमुखों ने इस पुनीत कार्य के लिए समूह को बधाई दी। न्योता भोजन में शाला के 135 बच्चो के साथ ही शाला के प्रभारी प्रधान पाठक श्री राजेन्द्र कुमार लाडेकर एवम शिक्षक गण श्री टीकम साहू,टिकेंद्र चंद्रवंशी,श्री अनंत सिन्हा, श्री ज्ञानेश्वर जमूलकर श्री बृजलाल चंद्रवंशी, एवम महिला समूह के अध्यक्ष श्रीमती शांति बाई सहित पूरे समूह की महिलाएं सम्मिलित हुई।

### अबिनाश मिश्रा ने किए तेलीबांधा मार्ग में बी टी कार्य का निरीक्षण

**रायपुर 18 मार्च।** नगर निगम कमिश्नर श्री अबिनाश मिश्रा ने अंबेडकर चौक से तेलीबांधा मुख्य मार्ग में हो रहे डामरीकरण कार्य का निरीक्षण किया । उन्होंने संबंधित इंजीनियर और कार्य एजेंसी से कहा है कि शेष बचे बी टी कार्य भी तेज़ी से पूरे किए जायें । निरीक्षण के दौरान श्री मिश्रा ने पूरे हो चुके कार्य की गुणवत्ता को भी परखा । नगर निगम द्वारा तेलीबांधा से अंबेडकर चौक तक इस समय डामरीकरण किया जा रहा है । इसमें एक दिशा में बी टी कार्य पूरा भी कर लिया गया और दूसरी दिशा में कार्य प्रगति पर है । श्री मिश्रा ने प्रगतिरत कार्य भी तेज़ी से पूरा करने के निर्देश दिये है।

### ध्वनि विस्तारक यंत्रों का उपयोग रात्रि 10 बजे से सुबह 6 बजे तक प्रतिबंधित



**धमतरी 18 मार्च।** लोकसभा निर्वाचन 2024 के तहत भारत निर्वाचन आयोग द्वारा निर्वाचन की घोषणा करने के साथ ही जिले में आचार संहिता प्रभावशील हो गया है। कलेक्टर एवं जिला दण्डाधिकारी सुश्री नम्रता गांधी ने कोलाहल नियंत्रण अधिनियम 1985 की धारा 4 अतंर्गत प्रदत्त शक्तियों का प्रयोग करते हुए रात्रि 10 से सुबह 6 बजे तक ध्वनि विस्तारक यंत्रों का चलाना अथवा चलवाया जाना पूर्ण रूप से निषिद्ध किया है। यह आदेश तत्काल प्रभावशील हो गया है और चुनाव पक्रिया समाप्त होने तक संपूर्ण जिले में प्रभावशील रहेगा। सभी राजनैतिक दल उनके कार्यकर्ता तथा उनसे सहानुभूति रखने वाले व्यक्ति अपने दल के प्रचार-प्रसार के लिये लाउडस्पीकरों का प्रयोग करते हैं। इन लाउडस्पीकरों का प्रयोग न केवल स्थाई मंच से होता है बल्कि वाहनों जैसे- ट्रक, टेम्पों, कारें, टैक्सियों, वेन, तिपहिया, स्कूटर, साइकिल, रिक्शा आदि पर होते है। ये वाहन सभी सड़कों, गलियों, उप गलियों पर चलते है और गांवों, बस्तियों, मोहल्लों, कालोनियों में भी बहुत ऊंची आवाज पर लाउडस्पीकरों से प्रसारण करते हुए जाते है। इससे ध्वनि प्रदूषण होता है और आम जनता की शांति व प्रशांति में बहुत बाधा उत्पन्न होती हैं। लाउडस्पीकरों की ऊंची आवाज के प्रयोग से विद्यार्थी वर्ग विशेष रूप से अशांत हो जाते हैं, क्योंकि उनकी पढ़ाई बुरी तरह से प्रभावित होती है और चूंकि लाउडस्पीकर पर बहुत सुबह शोरगुल करना शुरू कर देते हैं और पूरा दिन इससे वृद्ध, दुर्बल और बीमार चाहे वे किसी भी संस्था, अस्पताल आदि में हो या घर में हो, उन्हें बहुत बेचैनी होती है।

### शस्त्र लायसेंस निलंबित

**धमतरी 18 मार्च।** कलेक्टर एवु जिला दण्डाधिकारी सुश्री नम्रता गांधी ने आगामी लोकसभा निर्वाचन 2024 के लिये आदर्श आचरण संहिता के प्रभावशील होते निष्पक्ष तथा शांतिपूर्ण चुनाव सुनिश्चित करने तथा लोक शांति को सुरक्षा के साथ ही आम व्यक्ति की सुरक्षा हेतु सीमित अवधि के लिए धमतरी जिला सीमा क्षेत्र में आग्नेय अस्त्र लायसेंसियों से जमा करवा लेना आवयक समझते हुए चुनाव प्रक्रिया के दौरान भय एवं आतंक का वातावरण न हो सके तथा इन अस्त्रों का दुरुपयोग होने से रोका जा सके। इसके लिये अधिनियम 1959 की धारा 17 उपधारा (3) के उप क्लॉज (बी) के तहत धमतरी जिला सीमा क्षेत्र के भीतर रहने वाले सभी शस्त्र लायसेंसधारियों को आदेशित किया है कि वे अपने-अपने आग्नेय अस्त्र-शस्त्र नजदीकी पुलिस स्टेशन में 7 दिन के अंदर जमा करायें। यह आदेश जिले में निवासरत सभी लायसेंसी तथा बाहर के जिले से आये लायसेसी पर भी लागू होगा। सभी लायसेंसी आचार संहिता समाप्त होने के उपरांत अपने शस्त्र वापस प्राप्त कर सकेंगे। इसके लिये गठित जिला कमेटी द्वारा लिये गये निर्णय के अनुसार इस आदेश से सभी मान्यता प्राप्त बैंकों के सुरक्षा गार्ड/वित्तीय संस्थाओं के सुरक्षा गार्ड, वित्तीय संस्थाओं के सुरक्षा गार्ड, संवैधानिक पदों पर आसीन व्यक्ति, राष्ट्रीय रायफल संघ व जिला रायफल संघ तथा इस जिले के औद्योगिक संस्थानों, शैक्षणिक सस्थानों एवं महत्वपूर्ण शासकीय संस्थानों के सुरक्षा हेतु तैनात सुरक्षा गार्ड मुक्त रहेंगे। ऐसे अनुज्ञप्तिधारी व्यक्ति, जिनके पास सुरक्षा के लिहाज से शस्त्र होना अति आवश्यक है।

# शहर में निकाला गया फ्लैग मार्च

■ लोक सभा चुनाव में फ्री फेयर इलेक्शन कराना शासन व प्रशासन का अहम उद्देश्य।

■ स्वतंत्र मतदान में बाधक तत्वों पर की जाएगी सख्ती से कार्रवाई



**राजनांदगांव 18 मार्च।** जिले में लोकसभा आम निर्वाचन 2024 स्वतंत्र, शांतिपूर्ण एवं निष्पक्ष रूप से सम्पन्न कराने के लिए व्यापक स्तर पर सुरक्षा के इंतजाम किये गये हैं। दिनांक 17.03.2024 को कलेक्टर राजनांदगांव संजय अग्रवाल एवं पुलिस अधीक्षक श्री मोहित गर्ग द्वारा कलेक्ट्रेड राजनांदगांव में पुलिस जवानों को फ्लैग मार्च से पूर्व ब्रीफ किया गया। 26 अप्रैल को मतदान होना है और होली त्यौहार भी करीब है। कलेक्टर एवं एसपी दोनों ने कहा की लोकसभा चुनाव में फ्रीफेयर इलेक्शन कराना है। किसी प्रकार के दबाव, कोई भी प्रलोभन कोई भी तरह की शंका किसी के मन में न रहे जो जितने भी वोटर्स है बिना किसी संकोच के बिना किसी डर के अपने मताधिकार का उपयोग कर सके साथ ही नक्सल प्रभावित क्षेत्र में चेक पोस्ट, एरिया डोमिनेशन, डीमाईनिंग तथा अलग-अलग पार्ट में ड्रोन से भी निगरानी की जायेगी। इसी के साथ होली एवं रमजान पर्व को देखते हुये हुये फ्लैग मार्च निकाला जा रहा है। ताकि होली एवं रमजान शांतिपूर्णढंग से मनाया जा सके । फ्लैग मार्च में अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक श्री राहुल देव शर्मा, अपर कलेक्टर एडीएम श्रीमती इंद्रा देवहारी, रक्षित निरीक्षक अरविंद कुमार साहू, रक्षित निरीक्षक यातायात लोकेश कुमार कसेर सहित शहर के विभिन्न थानों व रक्षित केन्द्र के पुलिस अधिकारी बल लगभग 100 की संख्या में शामिल हुये। फ्लैग मार्च कलेक्ट्रेड राजनांदगांव से शुरू होकर नया बस स्टेंड, गुरु द्वारा चौक, मानव मंदिर चौक, गांधी चौक, दुर्गा चौक, बसंतपुर थाना, भारत भाता चौक, गंज चौक, तिरंगा चौक, रामाधीन मार्ग, इंदिरा नगर, सुर्जन गली, कामठी लाईन चौक, भानव मंदिर चौक, चिखली ओवर ब्रिज, शंकरपुर, स्टेशन पारा, गौरी नगर, सीआईटी बाईपास, कन्हारपुरी, जनता कालोनी, गंज चौक, नंदई चौक, इंदिरानगर, महामाया चौक, कविता कॉम्पलेक्स बसंतपुर, अंबेडकर चौक, ममता नगर, नवागांव लिटिया, सुकुल दैहान बाद वापस कलेक्ट्रेड पर समाप्त हुआ। फ्लैग मार्च के दौरान अधिकारियों द्वारा आमजनता से संवाद करते हुए चुनाव के दौरान शांति व्यवस्था में सहयोग करने और त्योहारों को शांति पूर्ण मनाने तथा आदर्श आचरण संहिता का कड़ाई से पालन करने की अपील की गई। साथ ही यातायात नियमों का पालन करने तथा रंगीन नंबर प्लेट ना चलाने इत्यादि का हिदायत दी गई।फ्लैग मार्च के दौरान कहा आदेशों और नियमों के पालन की अवहेलना करने वाले की जानकारी तत्काल पुलिस को अवगत कराये।

### जुआ खेलते दो व्यक्तियों को सिहावा पुलिस ने किया गिरफ्तार

**नगरी 18 मार्च।** थाना सिहावा को पेट्रोलिंग के दौरान मोबाईल से सूचना मिली कि ग्राम नवागांव और बेलर खार में कुछ लोग हार जीत का दांव लगाकर 52 पत्ती ताश से जुआ खेल रहे है कि सूचना पर ग्राम नवागांव और बेलर खार में पुलिस को आते देख कर कुछ जुआरी भाग गए जिसमें से घेराबंदी कर 2 व्यक्ति पकड़े गये 1 भोज राम सोनेंन्द्र पिता पलटन राम सोनेंन्द्र उम्र 40 वर्ष, साकीन सरगी,थाना-मगरलोड, हॉल कौहाबाहरा,थाना दुगली, जिला धमतरी,(छ.ग.) 2 शिवम रावटे पिता लक्षमण रावटे उम्र 45 वर्ष,साकीन-मावली पारा,चौकी दुधावा,जिला कांकेर,(छ.ग.)का रहने वाले बताये जिनके पास एवं फड़ से गवाहों के समक्ष जुमला रकम 5180/- रूपये,52 पत्ती,एक नग मोबाइल फोन तथा घटनास्थल से 06 मोटर सायकिल 02 एक्टिवा स्कूटी,जब्त किया गया एवं आरोपियों के विरुद्ध थाना सिहावा में अपराध पंजीबद्ध कर आरोपियों के विरुद्ध धारा 3(2)(छ0ग0) जुआ अधिनियम 2022 के तहत वैधानिक कार्यवाही की गई है। सम्पूर्ण कार्यवाही में थाना प्रभारी सिहावा उनि.उमाकांत तिवारी, सउनि.तुलसी मिथिलेश,लक्ष्मीनाथ निर्मलकर,प्रधान आरक्षक प्रमोद पांडेय,सत्यप्रकाश मरकाम,आरक्षक टिकेश्वर साहू,चंडिकेश्वर चौहान की महत्वपूर्ण भूमिका रही।

# शहर के 50 ई-रिक्शा को पहचान के लिए यूनिक नंबर जारी

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता



**राजनांदगांव 18 मार्च।** पुलिस अधीक्षक श्री मोहित गर्ग के निर्देशन अति. पुलिस अधीक्षक श्री राहुल देव शर्मा के मार्गदर्शन में रक्षित निरीक्षक श्री लोकेश कुमार कसेर प्रभारी यातायात शाखा, निरी. श्री अजय खेस, निरी. नवरतन कश्यप द्वारा 50 ई-रिक्शा चालकों को यूनिक नंबर जारी किया गया। पूर्व में भी 500 टेम्पो/आटो को यूनिक नंबर जारी किया गया है। अब ई-रिक्शा को यूनिक नंबर जारी किया जा रहा है। यूनिक नंबर जारी करने का उद्देश्य यात्रियों के सुविधाओं के नजरियें से किया गया है। ई-रिक्शा में यात्रा करने वाले यात्रियों को वाहन का नंबर एवं कौन से वाहन है, के बारे मे जानकारी नही रहता है, उस यूनिक नंबर के माध्यम से उस वाहन के बारे मे आसानी से पता लगाया जा सकता है। साथ ही आम जनता को यूनिक नंबर के बारे जानने जागरूक होना जरूरी है, कि जिस वाहन में यात्रा कर रहे है उसका यूनिक नंबर क्या है एवं यूनिक नंबर देखकर ही टेम्पो, आटो, मैजिक एवं ई-रिक्शा में यात्रा करें। साथ ही सभी टेम्पो, आटो, मैजिक एवं ई-रिक्शा चालकों को हिदायत दिया गया कि सवारी बिठाने के पहले यात्रियों को अपने यूनिक नंबर से अवगत कराने पश्चात ही सवारी बिठाये। यात्रियों द्वारा अपना कीमती सामान वाहन में भूलने पर यूनिक नंबर के माध्यम से उस वाहन का सम्पूर्ण जानकारी यातायात कार्यालय से ली जा सकती है। सभी ई-रिक्शा चालक यातायात कार्यालय से यूनिक प्राप्त करें। साथ ही यातायात नियमों का पालन करें।

■ विवि की मेरिट लिस्ट में 7वां स्थान आने पर शहर कांग्रेस अध्यक्ष ने ऐश्वर्या को दी बधाई

# शहर की बेटी ने किया गौरवान्वित:कुलबीर

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता



**राजनांदगांव 18 मार्च।** हेमचंद यादव विश्वविद्यालय में एमए अंग्रेजी के सफल विद्यार्थियों की सूची जारी हुई जिसमें राजनांदगांव की ऐश्वर्या साहू ने पूरे छत्तीसगढ़ में सातवां स्थान प्राप्त करते हुए नगर और जिले का गौरव बढ़ाया है। वरिष्ठ पत्रकार रहे स्व.पुरन साहू व अंजू साहू की बेटी ऐश्वर्या साहू ने हेमचंद यादव यूनिवर्सिटी से जारी मेरिड लिस्ट में एमए अंग्रेजी में सातवां स्थान प्राप्त किया है। शहर जिला कांग्रेस अध्यक्ष कुलबीर सिंह छाबड़ा व शहर कांग्रेस कमेटी के पदाधिकारियों ने ऐश्वर्या साहू के निज निवास शंकरपुर पहुंचकर ऐश्वर्या को गुलदस्ता भेंटकर मुंह मीठाकर उज्जवल भविष्य की कामना के साथ निरंतर आगे बढ़ने व माता-पिता का नाम रौशन करने की शुभकामनाएं दी।

इस दौरान शहर कांग्रेस अध्यक्ष कुलबीर सिंह छाबड़ा ने बेटी को शुभकामना संदेश देते हुए कहा कि ऐश्वर्या के पिता स्व.पूरन साहू वरिष्ठ पत्रकार थे। हमारे अच्छे मित्र व सहयोगी रहे स्व.पुरन भाई कोरोना जैसी महामारी काल के दौरान निधन हो गया। इस तीन वर्ष बहुत ही कठिन और त्रासदी भरा रहा विषम परिस्थिति में भी कुमारी ऐश्वर्या साहू ने बड़ी हिम्मत के साथ मां को संभालती हुई अल्प सुविधा और कम संसाधन में भी अपनी लगन और कड़ी मेहनत से विषम परिस्थिति में भी यूनिवर्सिटी में 7वां स्थान प्राप्त करना गौरव की बात है। शहर की इस होनहार बेटी अन्य बेटियों के लिए एक मिसाल है कि दौर कैसे भी आएं हिम्मत नहीं हारना चाहिए डटकर सामना करना चाहिए। श्री छाबड़ा ने बेटी ऐश्वर्या की हिम्मत और प्रतिभा की सराहना करते हुए कहा कि बिना टयूशन कोचिग व ट्रेनिंग अपने दम पर सफलता हासित करना गौरव की बात है, खूब पढ़ो आगे बढ़ो। इस दौरान प्रमुख रूप से शहर कांग्रेस उपाध्यक्ष विकास त्रिपाठी, मोहम्मद यहया, हनी ग्रेवाल, श्रीमती मोहनी सिन्हा, श्रीमती ज्योति शर्मा, पार्षद महेश साहू सहित कांग्रेसजन उपस्थित रहे।

## समाचार संक्षेप

### सार्वजनिक एवं निजी स्थलो से निकाले 2716 बैनर पोस्टर व झंडी

**राजनांदगांव 18 मार्च।** भारत निर्वाचन आयोग नई दिल्ली द्वारा




छत्तीसगढ़ लोकसभा निर्वाचन 2024 चुनाव के लिये जारी कार्यक्रम पश्चात आदर्श आचार सहिता क्रियाशील होते ही कलेक्टर श्री संजय अग्रवाल के निर्देश पर निगम आयुक्त श्री अभिषेक गुप्ता के नेतृत्व में संपत्ति विरूपण के तहत प्भावशील कार्यवाही की जा रही है और शासकीय एवं निजी संपत्तियों पर लगे बेनर पोस्टर कल से ही हटाया जा रहा है। आज दूसरे दिन 2716 छोटे बड़े बेनर पोस्टर व झंडी हटाकर दिवाल लेखन मिटाने की कार्यवाही की गयी। संपत्ति विरूपण के कार्यवाही के संबंध में आयुक्त श्री गुप्ता ने बताया कि कलेक्टर महोदय के निर्देश पर निगम सीमांतर्गत सम्पत्ति विरूपण के तहत प्रभावशील कार्यवाही की जा रह है। जिसके तहत आज दूसरे दिन सुबह से गोकुल नगर, बसंतपुर, इंदिरा नगर, मोहारा रोड, जनता कालोनी, लखोली, गौरी नगर, स्टेशन पारा, चिखली, चौखडिया पारा, दुर्गा चौक, गांधी चौक, तुलसीपुर, ममता नगर, पूनम कालोनी आदि सार्वजनिक एवं निजी स्थलों से 2716 छोटे बड़े बोर्ड, झंडी हटाकर दिवाल लेखन मिटाये गये। जिसमें सर्वजनिक स्थल से 498 दिवाल लेखन, 181 फ्लैक्स पोस्टर, 88 बेनर, 598 झंडा व झंडी कुल 1325, इसी प्रकार निजी स्थलों से 864 दिवाल लेखन, 119 फ्लैक्स पोस्टर तथा 408 झंडा व झंडी कुल 1391, इस प्रकार सार्वजनिक व निजी स्थलो से कुल 2716 बेनर, पोस्टर व झंडी निकालने एवं दिवाल लेखन मिटाने की कार्यवाही की गयी। उक्त कार्यवाही प्रतिदिन जारी रहेगी।

### अवैध शराब बिक्री करने वालों के विरुद्ध पुलिस ने की कार्रवाई




**छूरिया 18 मार्च।** पुलिस अधीक्षक महोदय राजनांदगांव श्री मोहित गर्ग द्वारा अवैध शराब बिक्री/परिवहन की रोकथाम हेतु दिये गये सख्त निर्देश के पालन में, श्रीमान अति. पुलिस अधीक्षक राजनांदगांव श्री राहुल देव शर्मा एवं पुलिस अनुविभागीय अधिकारी डोंगरगढ श्री आशीष कुंजाम के मार्गदर्शन में आज दिनांक 17.03.2024 को थाना प्रभारी छुरिया निरीक्षक अवनीश कुमार श्रीवास के नेतृत्व में टीम गठित कर अवैध शराब बिक्री/परिवहन/भण्डाराण की रोकथाम हेतु मुखबीर तैनात किये गये थे सूचना मिली कि आगामी चुनाव एवं होली त्यौहार के मद्देनजर कुछ लोग शराब का स्टॉक कर रहे है थोडी थोडी मात्रा में शराब लाकर जंगल में इकठ्ठा कर रहे है जो आरोपीगण से पृथक पृथक कुल 113 पौव देशी प्लेन शराब मात्रा 20.340 बल्क लीटर कीमती 9040 रूपये जप्त कर आरोपियों के विरूद्ध पृथक पृथक अपराध पंजीबद्ध एवं गिरफ्तार कर विवेचना में लिया गया है। उक्त कार्यवाही में थाना प्रभारी निरीक्षक अवनीश कुमार श्रीवास, सउनि सत्तुलाल कंवर, आर.1683 असवन वर्मा, आर.1243 लक्ष्मण नेताम, सायबर सेल राजनांदगांव से आर.1583 परिवेश वर्मा, आर.1455 हरीश ठाकुर की विशेष भूमिका रही।

### अधिकारी-कर्मचारी निष्पक्ष होकर कार्य करें: नम्रता गांधी

**धमतरी 18 मार्च।** लोकसभा निर्वाचन 2024 को स्वतंत्र एवं निष्पक्ष ढंग से सम्पन्न कराने हेतु कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी सुश्री नम्रता गांधी ने आदर्श आचार संहिता के संबंध में अधिकारी, कर्मचारियों को जानकारी देते आदर्श आचार संहिता लागू होते ही 24 घंटे, 48 घंटे, 72 घंटे के भीतर की जाने वाली संपत्ति विरूपण की कार्रवाई के बारे में आवश्यक दिशा निर्देश दिए। कलेक्टर ने कहा कि सभी शासकीय अधिकारी-कर्मचारी आदर्श आचार संहिता का पालन सुनिश्चित करेंगे।

संपादकीय

## लोकसभा चुनाव की तारीखें हो गई घोषित

देश के तमाम राजनीतिक दलों को इस बात का इंतजार था कि लोकसभा चुनाव की तारीखों की घोषणा कब होगी। चुनाव आयोग ने शनिवार को लोकसभा चुनाव की तारीखों की घोषणा कर दी है। लोकसबा का चुनाव सात चरणों में होगा। लोकसभा चुनाव के लिए मतदान 19 अप्रैल से शुरू होकर एक जुन तक होगा। राज्यों की स्थिति के हिसाब से चुनाव आयोग ने किसी राज्य में सात चरण तो किसी राज्य में एक चरण में चुनाव कराने की योजना बनाई है, इसके पीछे चुनाव आयोग का मकदस देश में हो रहे लोकसभा चुनाव को स्वतंत्र,निष्पक्ष व पारदर्शी कराना है। इस बार के लोकसभा चुनाव में कुल 97 करोड़ मतदाता मतदान कर अपना प्रतिनिधि चुनेंगे। इस हिसाब से यह चुनाव विश्व का सबसे बड़ा चुनाव कहा जा रहा है। विश्व के सबसे बड़े चुनाव के लिए चुनाव आयोग को जो व्यवस्था करनी चाहिए, वह व्यवस्था उसने कर ली है। सभी राजनीतिक दलों से बात की गई है, उनके सुझाव लिए गए हैं। इसलिए कहा जा सकता है कि यह चुनाव सभी से बात कर ही किया जा रहा है। इसके बाद भी कोई रानजीतिक दल यदि किसी बात की आलोचना करता है तो उसकी आलोचना को सही नहीं कहा जा सकता। चुनाव आयोग ने राज्यों की स्थिति को देखते हुए अपनी व्यवस्था की है, यह व्यवस्था उसने किसी एक दल के लिए नहीं की है। उसने चुनाव के लिए जो भी व्यवस्था की है, वह सभी दलों व सभी राज्यों के मतदाताओं के लिए की है। कुछ लोग इस बात के लिए चुनाव आयोग की आलोचना कर सकते हैं कि उसने कई राज्यों में सात चरणों में चुनाव कराने का फैसला किया है। यह ठीक नहं है। कुछ राज्यों में चुनाव के दौरान हिंसा होती है, कई राज्यों में नक्सली हिंसा होती है, ऐसे राज्यो में एक चरण में चुनाव नहीं कराया जा सकता। जहां भी हिंसा की आशंका होती है,वहां निष्फक्ष चुनाव हों इसके लिए सुरक्षा की व्यवस्था करनी होती है। सुरक्षा बलों को चुनाव के लिए एक राज्य से दूसरे राज्य मे जाने में भी तो वक्त लगता है। इसलिए चुनाव में दो महीने का वक्त तो लगता है। चुनाव आयोग अपने हिसाब से सप्ताह दस दिन कम ज्यादा करता है यह कोई बड़ी बात नहीं है, इसे सभी दलों को सामान्य रूप से ही लेना चाहिए। चुनाव आयोग के साथ सभी राजनीतिक दल भी चुनाव की तैयारी में जुए हुए हैं। इसमें महीनों पहले से तैयारी के कारण भाजपा सभी राजनीतिक दलों से आगे है। उसने अपने दो सौ से ज्यादा प्रत्याशी घोषित कर दिए है, इस मामले में कांग्रेस भाजपा से पीछे हैं क्योंकि कई राज्यों में उसे प्रत्याशी घोषित करने है और तय नहीं कर पाई है। भाजपा ने अपने मुद्दे तय कर लिए है कि उसे किन मुद्दों पर चुनाव लड़ना है। उसका प्रचार भी शुरू कर दिया है। पीएम मोदी कई राज्यों को कई बार दौरा कर चुके हैं। वह पूए आत्मविश्वास से भरे हुए हैं कि इस बार भाजपा को 370 सीटें मिलेंगी तथा एनडीए को चारसौ प्लस सीटें मिलेंगी। यह आत्मविश्वार हवाहवाई नहीं है उनेंने पूरे पांच साल जो काम किया है, उसके आधार पर नेता से लेकर नीचे के कार्यकर्ता तक है। जब किसी दल में नेता से लेकर कार्यकर्ता में काम के कारण जीत का विश्वास होता है तो वह अटूट होता है। यही वजह है कि भाजपा में तो ऊप से नीचे तक सब मानते हैं कि भाजपा जीत रही है और रिकार्ड सीटों से जीत रही है। जबकि कांग्रेस में राहुल गांधी से लेकर किसी कांग्रेस नेता तक को यकीन नहीं हैं कि कांग्रेस 100 सीटें भी जीत सकती हैं। यही वजह है कि राहुल गांधी से लेकर कांग्रेस कार्यकर्ता तक यह कह नहीं पाते है कि उनकी पार्टी चुनाव जीत रही है। भाजपा जीत रही है का देश में माहौल बना हुआ है। इसके जवाब में कांग्रेस व विपक्ष कोई खास माहौल नहीं बना पाए हैं। विपक्षी दल इतने बंटे हुए हैं कि भाजपा को हराने का उनका कोई साझा मुद्दा तक नहीं है। पूरे पांच साल कांग्रेस व विपक्ष ने कोशिश की कि भाजपा के लिए कोई भ्रष्टाचार का मामला मिले लेकिन भाजपा ने किया ही नहीं इसलिए आज तक भाजपा सरकार के भ्रष्टाचार का कोई मामला मिला नहीं है। राहुल गांधी चुनानी चंदे को भ्रष्टाचार का मामला बनाने की कोशिश कर रहे हैं, लेकिन वह इसमें असफल रहेंगे क्योंकि चुनावी चंदा भ्रष्टाचार का मामला ही नहीं है। मोदी सरकार ने तो चुनावी बांड की व्यवस्था अकेले भाजपा के लिए थोड़ी न की थी, वह तो सभी के लिए थी। यदि कांग्रेस इसे भ्रष्टाचार का मामला बनाने की कोशिश करेगी तो वह सफल नहीं होगी क्योंकि भ्रष्टाचार का मामला है तो सभी राजनीतिक दलो ने चंदा लेतक भ्रष्टाचार किया है।

विश्लेषण

तनवीर जाफ़री

# चुनावी बांड पटाक्षेप और 'गुलाम मीडिया' में पसरा सन्नाटा



लोकसभा चुनावों से ठीक पहले सर्वोच्च न्यायालय के आदेश पर आख़िरकार भारतीय स्टेट बैंक ने चुनावी बॉन्ड ख़रीद का विस्तृत डेटा अदालत को पेश कर ही दिया। साथ ही यह भी सार्वजनिक कर दिया कि इन इलेक्टोरल बांड के माध्यम से किस राजनैतिक दल को कितने पैसे प्राप्त हुये। जैसा कि पहले भी होता आया है कि सत्तारूढ़ दल को ही प्रायः सर्वाधिक चंदा मिला करता है । इस बार भी सत्तारूढ़ दल यानी भारतीय जनता पार्टी को ही सबसे अधिक चुनावी चंदा हासिल हुआ। परन्तु बात केवल सर्वाधिक चंदा प्राप्त करने तक ही सीमित नहीं है। बल्कि इस लेनदेन के और भी कई ऐसे संदिग्ध पहलू हैं जिनके आधार पर विपक्ष भारतीय जनता पार्टी पर यह कहकर हमलावर है कि भाजपा द्वारा चुनावी बॉन्ड ख़रीद के नाम पर न केवल 'चंदे का धंधा ' यानी चंदा देदो -धंधा ले लो का अनैतिक खेल खेला गया है बल्कि कई ऐसी कंपनियों से भी चंदे ऐंठे गए हैं जिनपर पहले तो ई डी,आई टी या सी बी आई द्वारा छापेमारी की गयी उसके फ़ौरन बाद ही इन्हीं कंपनियों ने इलेक्टोरल बांड ख़रीद लिये। और इलेक्टोरल बांड की ख़रीद होते ही इन पर की गयी ई डी,आई टी या सी बी आई की कार्रवाही ठन्डे बास्ते में चली गयी। विपक्ष का यह भी आरोप है कि इलेक्टोरल बांड ख़रीदने वाली कई कम्पनियाँ भी फ़र्ज़ी हैं। जबकि कई ऐसी कंपनियों ने भी चुनावी बॉन्ड ख़रीदे हैं जिनकी कमाई तो बहुत ही कम है परन्तु उन्होंने अपनी कमाई से कई गुना अधिक के बांड ख़रीदे। कांग्रेस का आरोप है कि भाजपा चंदा दो, धंधा लो, हफ़्ता वसूली,ठेका लो, रिश्वत दो, मनी लॉन्ड्रिंग के लिए फ़र्ज़ी कंपनियां जैसी भ्रष्ट नीतियां अपना रही है। भारतीय स्टेट बैंक द्वारा उपलब्ध कराये गये डेटा के अनुसार जिन कंपनियों ने इलेक्टोरल बॉन्ड ख़रीदे हैं उनमें फ़्यूचर गेमिंग और होटल सर्विसेज़ ,मेघा इंजीनियरिंग इंफ़्रा स्ट्रक्चर लिमिटेड,वेदांता लिमिटेड,लक्ष्मी मित्तल, भारती एयरटेल, डीएलएफ़ कामर्शियल डेवलपर्स,ग्रासिम इंडस्ट्रीज़, पीरामल एंटरप्राइज़ेज़ , टोरेंट पावर, अपोलो टायर्स, एडलवाइस, पीवीआर, केवेंटर, सुला वाइन, वेलस्पन, और सन फ़ार्मा जैसी अनेक कंपनियां शामिल हैं। सबसे ज़्यादा क़ीमत के इलेक्टोरल बॉन्ड फ़्यूचर गेमिंग और होटल सर्विसेज़ और मेघा इंजीनियरिंग एंड इंफ़्रास्ट्रक्चर लिमिटेड द्वारा ख़रीदे गये हैं। फ़्यूचर गेमिंग और होटल सर्विसेज़ ने 1,368 करोड़ रुपये के बांड ख़रीदे हैं जबकि मेघा इंजीनियरिंग एंड इंफ्रास्ट्रक्चर लिमिटेड द्वारा 966 करोड़ रुपये के चुनावी बांड ख़रीदे गये।

न खाऊंगा न खाने दूंगा का दंभ भरने वाली वर्तमान भाजपा सरकार 2017 में एक वित्त विधेयक के माध्यम से इस चुनावी बांड योजना को लाई थी जिसे 2018 में लागू कर दिया गया था। हालांकि बीजेपी सहित कांग्रेस, एआईएडीएमके, बीआरएस, शिवसेना, टीडीपी, वाईएसआर कांग्रेस, डीएमके, जेडीएस, एनसीपी, तृणमूल कांग्रेस, जेडीयू, आरजेडी, आप और समाजवादी पार्टी जैसी पार्टियों ने इलेक्टोरल बॉन्ड के माध्यम से राशि प्राप्त की है। परन्तु अप्रैल 2019 और जनवरी 2024 के बीच चुनावी बॉन्ड के माध्यम से भाजपा को 6,060.51 करोड़ रुपये का सबसे अधिक चंदा हासिल हुआ है। सबसे अधिक धनराशि का बांड ख़रीदने वाली तमिलनाडु की कंपनी फ़्यूचर गेमिंग को 2019 में जितना लाभ हुआ था,इस कंपनी ने उसका छह गुना अधिक इलेक्टोरल बॉन्ड से चंदा दिया। एक रिपोर्ट के अनुसार 2022-23 में इस कंपनी को टैक्स देने के पहले 82 करोड़ का मुनाफ़ा हुआ था और इसने 328 करोड़ का चंदा दिया था। इसी कंपनी ने चार साल में 1368 करोड़ के बॉन्ड ख़रीदे हैं। इसी तरह मेघा इंजीनियरिंग इंफ़्रास्ट्रक्चर लिमिटेड एमईसीएल ने भी 966 करोड़ के इलेक्टोरल बॉन्ड ख़रीदे हैं। विपक्षी दल कांग्रेस का आरोप है कि 'मेघा इंजीनियरिंग ने कलेश्वर लिफ़्ट इरिगेशन योजना के अंतर्गत मेड




गुडा बराज का निर्माण किया जिसके कई खंभों में दरारें पड़ गई हैं क्योंकि इसमें घटिया सामग्री का इस्तेमाल किया गया है। और इस कम्पनी ने तेलंगाना की जनता का 1,00,000 करोड़ रुपया चोरी किया गया है'। इलेक्टोरल बांड ख़रीद के माध्यम से हुये भ्रष्टाचार के बाद सर्वोच्च न्यायालय द्वारा स्टेट बैंक के प्रति बरती गयी सख़्ती का नतीजा यह हुआ था कि 11 मार्च को ही स्टेट बैंक से निवेशकों का भरोसा टूटने लगा था तभी स्टेट बैंक के शेयर्स में दो प्रतिशत की गिरावट भी दर्ज की गयी थी। सवाल यह है कि चुनावी चंदे के धंधे को लेकर सुप्रीम कोर्ट के फ़ैसले के बाद स्टेट बैंक इंडिया के घुटनों पर आने,विपक्ष द्वारा इस विषय पर हमलावर होने और पूरे मामले की उच्च स्तरीय जांच सुप्रीम कोर्ट की निगरानी से कराने और इसे दुनिया का सबसे बड़ा चुनावी चंदा घोटाला बताने के बावजूद इसी मुद्दे पर आख़िर भारतीय मीडिया को क्यों सांप सूंघ गया है ? देश का सबसे बड़ा घोटाला और उसपर मीडिया की ख़ामोशी, क्या इस बात का संकेत नहीं कि जो भारतीय मीडिया जहाँ सत्ता का गुणगान करने में कोई कसर बाक़ी नहीं छोड़ता वही उसकी कमियों,अनियमितताओं,अनैतिक आचरण तथा आर्थिक घोटाले पर भी पर्दा डालने में खुलकर सत्ता का साथ दे रहा है ? कहना ग़लत नहीं होगा कि भारतीय मीडिया इस समय ह्रास,पतन और बेशर्मी के उत्कर्ष के दौर से गुज़र रहा है। क्या लोकतंत्र का स्वयंभू चौथा स्तंभ धराशायी हो चुका है ? सत्ता के लिए दर्पण रुपी भूमिका अदा करने वाली पत्रकारिता आज 'सत्ता के ग़ुलाम' की भूमिका निभा रही है। यही वजह है कि सत्ता को आइना दिखने वाले अनेक कर्तव्यनिष्ठ पत्रकार अपनी नौकरी गंवा चुके हैं और अपने विभिन्न निजी सोशल प्लेटफ़ॉर्म पर अपना कर्तव्य पूरी ज़िम्मेदारी से निभा रहे हैं। इलेक्टोरल बांड सम्बन्धी विस्तृत जानकारियां भी देश को मुख्य धारा के मीडिया से नहीं बल्कि सोशल प्लेटफ़ॉर्म पर सक्रिय अनेक कर्तव्यनिष्ठ पत्रकारों की ही देन है। यह पत्रकारिता के इसी 'अंधकार मय युग ' की ही देन है कि अनेक टी वी एंकर पार्टी प्रवक्ता की भूमिका अदा करते नज़र आ रहे हैं। आउट डोर रिपोर्टिंग में 'पत्थरकारों ' द्वारा नागिन डांस किया जा रहा है। विपक्ष की ख़बरों को न केवल ब्लैक आउट कर दिया गया है बल्कि सवाल भी विपक्ष से ही पूछे जा रहे हैं। एक पत्रकार की आवाज़ को दबाने के लिये पूरा का पूरा मीडिया हाउस ख़रीदा जा रहा है। न जाने कितने बाज़मीर पत्रकारों ने ग़ुलाम मीडिया हॉउस के साथ काम कर अपना ज़मीर बेचने से इंकार कर दिया है। पार्टी विशेष के कई लोग व उनके शुभचिंतक उद्योगपति अपने अपने मीडिया हॉउस चलाकर सत्ता का गुणगान कर रहे हैं। करण थापर और विजय त्रिवेदी जैसे पत्रकारों ने एक दशक पूर्व 'साहब ' को ऐसा दर्पण दिखाया कि साहब ने दर्पण देखना ही बंद कर दिया है । गोया सत्ता केवल अपने 'मन की बात' कर इकतरफ़ा संवाद पर भरोसा कर रही है। और मुख्य धारा का मीडिया सत्ता के कवच की भूमिका निभा रहा है। यही वजह है कि मणिपुर की घटना की ही तरह चुनावी बांड घोटाले पर भी सुप्रीम कोर्ट के फ़ैसले के बाद हुये पटाक्षेप पर 'ग़ुलाम मीडिया' में पूरी तरह सन्नाटा पसरा हुआ है।

## आज का राशिफल

मेष राशि-आज आपका दिन ठीक-ठाक रहेगा। आपको कोर्ट-कचहरी के मामलों में सफलता मिल सकती है। आपके जीवनसाथी के बीच थोड़ी अनबन हो सकती है, लेकिन शाम तक सब अच्छा हो जाएगा। हो सके तो दूसरों की राय लेकर ही किसी काम की शुरूआत करें, सफलता मिल सकती है। ऑफिस में बॉस आपके काम से काफी खुश रहेंगे। कोई नया फैसला लेने से बचें। काम-काज समय पर निपटाने की कोशिश करें।

वृष राशि-आज आपका दिन फेवरेबल रहेगा। आपके पारिवारिक जीवन में उत्साह का माहौल रहेगा। इस राशि वालों के लिए आज का दिन अत्यंत महत्वपूर्ण रहने वाला है, आपको अपनी प्रतिभाओं के लिए पुरूस्कार भी मिलेंगे। आप अपने जीवनसाथी से मन की बात करेंगे। आप उन्हें कहीं घूमाने भी ले जाएंगे। इस राशि के कारोबारियों के लिए आज का दिन लाभप्रद रहेगा, आपकी कंपनी को नेशनल लेवल पर आयात-निर्यात में लाभ की प्राप्ति होगी। छोटे बच्चों को कलम गिफ्ट करें, आपका दिन अनुकूल रहेगा।

मिथुन राशि-आज आपका दिन शानदार रहेगा। इस राशि के लवमेट के लिए आज का दिन काफी महत्वपूर्ण रहने वाला है। आप जरूरतमंदों के लिए संवेदनशील रहेंगे। इस राशि वाले अगर आज नई योजनाएं शुरू करना चाह रहे हैं, तो उनकी योजनाएं सफल हो सकती हैं। आप जो भी कार्य करेंगे, उसमें सफलता प्राप्त हो सकती है। आज आपका रचनात्मक कार्यो में नाम होगा और आपको प्रसिद्धि भी मिलेगी7 आज आप अपने मन के आधार पर फैसले लेंगे।

कर्क राशि-इज आपका दिन मिला-जुला रहेगा। आपका ज्यादातर समय दोस्तों के साथ बीतेगा, जिससे आपके रिश्तों में मधुरता बनी रहेगी। आपको किसी समारोह में जाने का अवसर प्राप्त हो सकता है। इस राशि वाले लवमेट का अपने साथी के प्रति अन्य दिन की अपेक्षा अधिक झुकाव रहेगा। छात्रों को आज कड़ी मेहनत करने की आवश्यकता है। आपको सावधानी से सारे काम पूरे करने चाहिए। जरूरतमंद को वस्त्र दान करें, आर्थिक पक्ष मजबूत होंगे।

सिंह राशि-आज आपका दिन अच्छा रहेगा। आपके मन में कुछ नया करने का विचार आ सकता है। किसी अपने से धन की प्राप्ति हो सकती है। पारिवारिक खुशी का लाभ होगा। आप अपने लक्ष्य की प्राप्ति के लिए ज्यादा मेहनत करेंगे। दूसरे की मदद करने के मौके मिलेंगे। आपके जरूरी कामों में जीवनसाथी का योगदान कारगर साबित होगा। सेहत अच्छी रहेगी, लेकिन नियमित व्यायाम करते रहिए। आज सामने आई सभी चुनौतियों का डटकर मुकाबला करेंगे तो सफलता भी हांथ लगेगी।

कन्या राशि-आज आपका दिन फायदेमंद रहेगा। आपको कई बड़े फायदे होंगे। इस राशि वाले स्टूडेंट्स को अच्छे परिणाम मिलेंगे। लवमेट के लिए आज का दिन प्यार भरा रहेगा। अपनी ईमानदारी के कारण आपको जीवनसाथी और परिवारजनों का स्नेह प्राप्त होगा। आप अपनों को खुश करने के लिए उन्हें कुछ उपहार देंगे। किसी नए व्यक्ति से मुलाकात होगी। इस राशि के उभरते हुए लेखकों के लिए आज का दिन एक महान दिन हो सकता है क्योंकि आपके लेख या आपकी पुस्तक प्रसिद्ध प्रकाशक के द्वारा प्रकाशित हो सकती है।

तुला राशि-आज आपका दिन सामान्य रहेगा। आप जिस भी काम को करेंगे उसे पूरी जिम्मेदारी के साथ करेंगे। आपसे कई लोग मदद भी ले सकते हैं। आप लोगों को जरूरत के अनुसार ही सलाह दें। आपके दुश्मन आपके काम में अड़चने डाल सकते हैं। बेहतर होगा कि अपने दुश्मनों से दूरियां बनाकर रहें और आज सभी के साथ प्यार से पेश आएं। आज आप जमीन खरीदने की योजना भी बना सकते हैं। जो लोग पहले से किसी रिलेशनसिप में हैं वह घर पर माता-पिता को अपने रिश्ते की बात बता सकते हैं।

वृश्चिक राशि-आज आपका आत्मविश्वास बढ़ेगा। आज घर से निकलने से पहले माता-पिता का आशीर्वाद लेकर बाहर जाएं। जीवनसाथी को कुछ अच्छा-सा गिफ्ट दे सकते हैं, जिससे आपके रिश्ते मजबूत बनेंगे। आपके रूके हुए काम पूरे हो जाएंगे। आपके सामने आई समस्याओं को आप आसानी से हल कर सकते हैं। इस राशि के लोगों को आज संतान की ओर से कोई खुशखबरी मिल सकती है। अपने दोस्तों से मिलने उनके घर जा सकते हैं। गायत्री मंत्र का पाठ करें, दिन अच्छा जाएगा।

धनु राशि-आज आपको व्यापार में अचानक फायदा होगा। आमदनी का कोई नया सोर्स भी मिलेगा। आपका आत्मविश्वास पहले की अपेक्षा मजबूत रहेगा। ऑफिस में आज आपको अच्छे कामों के लिए बधाई मिलेगी। आपकी सफलता दूसरों को प्रेरित करेगी। अपना मत बिना झिझक के सबके सामने रख सकते हैं, जो आपके लिए कारगर साबित होगा। आप व्यवहारिक जीवन के प्रति सजग रहेंगे। अगर पहले किसी रिश्तेदार से अनबन हुई है तो आज रिश्तों में सुधार लाने के लिए दिन अच्छा है।

मकर राशि-आज किसी बात को लेकर आपके मन में डर बढ़ सकता है। आपको सेहत पर ध्यान देने की आवश्यकता है। आपका वैवाहिक जीवन पहले की अपेक्षा काफी खुशनुमा बना रहेगा। पूरी कोशिश करके भी आप सब को संतुष्ट नहीं कर सकेंगे। इस राशि की महिलाएं सौंदर्य से संबंधित वस्तुओं पर पैसा खर्च कर सकती हैं। कुछ लोग फालतू बातचीत में समय खराब कर सकते हैं। जिस कार्य को कई दिनों से पूरा करने की सोच रहें है वो आज किसी मदद से पूरा हो जाएगा। पक्षियों को दाना खिलाएं, आपका स्वास्थ्य बेहतर बना रहेगा।

कुंभ राशि-आज जीवनसाथी से आपको सकारात्मक संकेत मिलेंगे। आपके वैवाहिक जीवन में खुशियों का समावेश होगा। अपने जीवनसाथी के साथ अच्छे पल बिताएंगे। आपके कंधों पर एक से अधिक जिम्मेदारियां आ सकती हैं, जो आगे चलकर आपके मान-सम्मान में कारगर साबित होंगी। आप खुद को ज्यादा ऊर्जावान महसूस करेंगे। आज आपके सुगम व्यवहार से लोग खुश रहेंगे। किसी करीबी व्यक्ति के साथ रिश्ते सुधर सकते हैं। मंदिर में कुछ समय बिताएं, जीवनसाथी के साथ आपके रिश्ते मजबूत होंगे।

मीन राशि-आज आपका दिन घूमने-फिरने में बीतेगा। आज आपका मन पूजा-पाठ में अधिक लगा रहेगा। हो सकता है कि माता-पिता के साथ मंदिर जाने का प्लान भी बनाएं। किसी काम का कोई समाधान आपको मिल सकता है। मित्रों का सहयोग मिल सकता है। आपके कामकाज से अधिकारी खुश हो सकते हैं। आज आप दूसरे दिनों की तुलना में अपने लक्ष्यों को कुछ ज्यादा ही ऊंचा तय कर सकते हैं। सुबह उठकर धरती मां को छूकर प्रणाम करें, आपकी सारी मनोकामना पूरी होंगी।

व्यंग्य

# एक अदद बस की तलाश में

डॉ. सुरेश कुमार मिश्रा उरतृप्त

जब आएगी तब आएगी। आप वहाँ नए बने विश्राम गृह में जाकर बैठिए। थोड़ा राज्य सरकार का विकास कार्य भी तो देखिए। बस यूँ ही बस में बैठे फुर्र हो जायेंगे तो राज्य के विकास के बारे में कैसे पता चलेगा? अरे भैया! आप भी कमाल करते हैं। हमें बस की पड़ी है और आप हमें जबरन विश्राम गृह दिखाने पर तुले हैं। हमें सीधे-सीधे बस के समय की जानकारी क्यों नहीं दे देते? बस काउंटर वाला मन ही मन बड़बड़ाने लगा - अगर मैं तुम्हें यह बता दूँ कि बस दो घंटे लेट है तो तुम मुझे इतना गरियाओगे कि हमारी हालत खराब हो जाएगी।।

दो मिनट झेंपने के बाद काउंटर वाले ने जैसे-तैसे मुझे विश्राम गृह में बैठने के लिए मना लिया। झक मारकर मैं विश्राम गृह में जाकर बैठ गया। अभी मैं बैठा ही था कि एक बंदा वहाँ आया और कहने लगा - भैया! दो दिन से भूखा हूँ। गाँव जाने के लिए भी पैसे नहीं है। इस गरीब की कुछ सहायता कर दो। भगवान आपको बरकत देगा।मुझे उस बंदे से अधिक विश्राम गृह पर गुस्सा आ रहा था। खाक विकास हुआ है। दो-चार टाइल लगाकर एक-दो रिचार्ज प्वाइंट लगाने को विकास कहते हैं? बस अड्डे में कुछ भी बदलाव नहीं आया। पहले भी भिखमंगे भीख माँगने आते थे और आज भी आते हैं। यदि इसी को विकास कहते हैं तो ऐसा विकास सरकार को ही मुबारक। मैंने जैसे-तैसे उस बंदे को वहाँ से भगाया। घुम-फिरकर वह बंदा फिर से मेरे पास आया। इस बार मैंने उसे इतनी जोर से झिड़की दी कि वह अगली बार आने से पहले दो-चार बार अवश्य सोचेगा। बस अड्डे पर बस की प्रतीक्षा करने के बहाने लोग क्या-क्या सीख जाते हैं। संयमता, तपस्या करना, खीझ नियंत्रित करना, गुस्से का पारा अधिक होने पर झिडकी देना आदि-आदि। बस अड्डा न हुआ बहु उद्देशीय प्रशिक्षण केंद्र हो गया। बैठे-बैठे प्यास लगने लगी। अड्डे से पानी की बोतल खरीदने लगा तो दुकानदार ने किनली के बदले सिनली की बोतल थमा दी। ऊपर से तय कीमत से पाँच रुपए अधिक वसूल रहा था। पूछने पर गुटके की पीक मेरे बगल से दूर थूकते हुए मेरी ओर ताकते हुए कहा - देखिए साहब ज्यादा तीन-पाँच मत कीजिए। यहाँ का कानून ऐसा ही है। किनली में 'के' होता है सिनली में 'सी' है। इसमें ज्यादा अतंर क्या है। एक ही अक्षर का अंतर तो है। इसके लिए सिर पर पहाड़ उठाने की क्या आवश्यकता है? पाँच रुपए की शिकायत आप जहाँ करना चाहते हैं कीजिए। यह गीदड़ भभकी आप किसी और को सुनाना। मेरे गुस्से का पारा सातवें आसमान को छू रहा था। मैंने उसकी बोतल लौटानी चाही। लेकिन दुकानदार बड़ा ही कमीना और धूर्त किसिम का था। उसने बोतल लेने से यह कहते हुए मना कर दिया कि मैंने बोतल छू दी है और छुई हुई बोतल वापस नहीं ली जाती। दुकानदार मुझ जैसों का खून चूस-चूसकर हट्टा-कट्टा बन चुका था। मैं उससे लड़-झगड़ नहीं सकता था। फिर सोचा पच्चीस-तीस रुपए के लिए कौन भल मानुस अस्पताल के चक्कर लगाएगा और हजारों का बिल भुगतेगा। सो मैंने उसकी तय राशि देकर हाथ जोड़ लिये। तभी वरंगल की बस आ गई। मैंने कंडक्टर से पूछा कि क्या यह बस ओरुगल्लू जाएगी? इस पर उसने कहा - हाँ जाएगी। लेकिन साथ में उसने यह भी पूछ लिया कि मुझे उतरना कहाँ है? मैंने उसे फलाना पुलिया का हवाला देते हुए उतरने का पता बता दिया। उसने तुरंत मुझे बस से उतारते हुए कहा कि यह सरकारी बस है, जहाँ-तहाँ नहीं रुकेगी। आप बस अड्डे के बाहर से जाकर प्राइवेट गाड़ी पकड़ लीजिए। यह सुनने के बाद मुझे सरकार के विकास का स्पष्ट चित्र दिखाई देने लगा।

## बच्चों में है ज्यादा मीठा खाने की आदत, तो तुरंत अपना लें ये खास टिप्स

मीठा खाना हर किसी को पसंद होता है. चाहे वह मिठाई हो, चॉकलेट हो या फिर कोई भी मीठा व्यंजन. लेकिन जरूरत से ज्यादा मीठा खाना सेहत के लिए हानिकारक हो सकता है. बात करें छोटे बच्चों की तो उनमें मीठा खाने की लत लग जाती है, जिससे कई सारी बीमारियों का खतरा होता है. मां-बाप चाहे कितनी भी कोशिश कर ले लेकिन बच्चा मीठा खाएं बिना रहता नहीं है. ऐसे में कई माता-पिता परेशान रहते हैं. आप भी बच्चों के मीठा खाने से परेशान है, तो यह खबर आपके लिए है.

**ज्यादा मीठा सेहत के लिए खतरनाक**-मीठे का नाम सुनते ही हमारे मुंह में पानी आने लगता है. लेकिन ज्यादा मीठा खाना हमारी सेहत के लिए खतरनाक हो सकता है. छोटे बच्चे अधिक मात्रा में मीठा खाते हैं, जिससे उनका वजन बढ़ने लगता है और कम उम्र में ही उन्हें बीमारियों का सामना भी करना पड़ सकता है. यही नहीं ज्यादा मीठा खाने से भविष्य में डायबिटीज जैसी बीमारी होने का खतरा बना रहता है. बच्चे जब जरूरत से ज्यादा चॉकलेट, टॉफी या मिठाई खा लेते हैं, तो उनके दांत सड़ने लग जाते हैं, जिससे धीरे-धीरे बच्चा बीमार होने लगता है. इसलिए मीठे का सेवन करते समय सावधानी बरतनी चाहिए.

**मीठा खाने से मिलेगा छुटकारा**-मीठा खाने की लत आसानी से नहीं छूटती, इसके लिए धीरे-धीरे शुरुआत करनी पड़ेगी. छोटे बच्चों को मीठा खाने की इच्छा होने पर आप उन्हें दही, फल या जूस का सेवन करा सकते हैं, ऐसा करने से उनका पेट भरा हुआ रहेगा साथ ही बच्चों की मीठा खाने की इच्छा भी कम हो जाएगी. कभी-कभी हम भावनाओं में आ कर बच्चों को चॉकलेट दे देते हैं, लेकिन ऐसा करना बेहद गलत है. इसलिए कोशिश करें कि अपनी भावनाओं को समझें और मीठे पर कंट्रोल करें.

विश्व गौरैया दिवस 20 मार्च

डॉ सूर्यकांत मिश्रा

# कैसे कहेंगे ? चीं... ची ...करती आई चिड़िया !



हमारे भारतवर्ष में त्योहार- पर्वों की तरह विशेष दिनों की भी कोई कमी नहीं है । पूरी दुनिया वर्ष भर किसी न किसी विशेष दिन के आयोजन में व्यस्त रहती है । इन्हीं खास दिनों में एक खास दिन 20 मार्च को गौरैया दिवस के रूप में मनाया जाता है । वास्तव में यह दिवस गौरैया के संरक्षण से जुड़ा है । हमे गर्व के साथ कहना चाहिए कि विश्व भर में अपनी संस्कृति और सभ्यता के लिए विशेष सम्मान पाने वाले हमारे भारत वर्ष के महाराष्ट्र प्रदेश से गौरैया संरक्षण की पहल सबसे पहले की गई । यह जानकर पाठकों को आश्चर्य हो सकता है कि घर - घर फुदकने और चहकने वाली नन्हीं - प्यारी गौरैया चिड़िया पूरी दुनिया में गिद्ध के बाद संकट ग्रस्त पक्षी की श्रेणी में देखी जा रही है ! संभवतः 2008 से गौरैया संरक्षण मुहिम की शुरुआत के बाद आज पर्यंत सरकारों की तरफ से गौरैया को बचाने कोई खास दिलचस्पी नहीं दिखाई गई है । गौरैया के विलुप्तीकरण के लिए प्रमुख रूप से बदल रही आबो - हवा और खेतों में केमिकल का बढ़ता उपयोग ही है । गौरैया के जीवन को लेकर सबसे बड़ी अनदेखी इस रूप में सामने आ रही है कि राष्ट्रीय पक्षी मोर की मौत की खबर मीडिया के लिए सुर्खियां बनकर सामने आती है, किंतु सैकड़ों की संख्या में जान गंवाने वाली गौरैया के लिए कोई दर्द किसी रूप में सामने नहीं आता ।पक्षियों के संबंध में अमेरिका सहित अनेक विकसित देश में शासकीय स्तर पर ब्योरा रखा जाता है । हमारे भारत वर्ष में अभी ऐसी कोई व्यवस्था नहीं है ! पक्षियों के संरक्षण के लिए कॉमन बर्ड मॉनिटरिंग ऑफ इंडिया के नाम से एक साइट जरूर बनाई गई है , जिस पर कोई भी पक्षी प्रेमी पक्षियों से संबंधित जानकारी और आंकड़ा डाल सकता है , किंतु इसका व्यापक प्रचार - प्रसार न होने से शून्यता है ! हमारे देश में कुछ संस्थाएं काम कर रही हैं जो गौरैया को माकूल वातावरण के साथ संरक्षित करने वालों को अवार्ड्स देती हैं , किंतु यहां भी जागरूकता की कमी ही दिखाई पड़ रही है ! वास्तव में हम वर्ष में एक दिन गौरैया के लिए चिंता करते दिखाई पड़ते हैं । 20 मार्च गुजरने के साथ ही गौरैया भी हमारे मन - मस्तिष्क से गायब हो जाती है । हम यदि अपने परिवारों तथा समाज में गौरैया को बनाए रखना चाहते हैं तो शहरों सहित ग्रामीण क्षेत्रों में इनके घोसलों के लिए सुरक्षित स्थान बनाना होगा । उन्हें जीवित रखने के लिए प्राकृतिक वातावरण देना होगा । हम घरों के आस - पास अथवा अपने घरों के बगीचों में स्थान सुरक्षित कर गौरैया को घोसला बनाने के लिए आमंत्रित कर सकते हैं । बगीचों में चिड़ियों के चुनने के लिए पर्याप्त अनाज के दानों की उपलब्धता हमें अपने कर्तव्य में शामिल करना होगा । घर - आंगन में गौरैया को खुला वातावरण देकर हम गौरैया के अंडों और चूजों को हिंसक पक्षी एवं जानवरों से बचा सकेंगे । पक्षियों , विशेष कर गौरैया के प्रति दोस्ताना रवैया अपनाकर हम उनका भरोसा जीत सकते हैं । उन्हें चुगने के लिए चावल , बाजरा तथा अन्य मोटे अनाज उपलब्ध कराते हुए अपने करीब रख सकते हैं । हमने यदि अभी से गौरैया को बचाने संकल्प नहीं लिया तो वह दिन दूर नहीं जब गिद्ध की भांति हम इन्हें भी खो देंगे ! हमारी आने वाली पीढ़ी नन्हीं चिड़िया नीचे आ , नीचे आकर गीत सुना । बड़ी धूप है आसमान में , थोड़ा सा तो ले सुस्ता । पेड़ तले ठंडी छाया है , छाया में आ दाना खा ।। को न गुनगुनाते हुए उन्हें केवल गूगल में ही सर्च कर देख पाएगी ! एक बात हमें अपने मस्तिष्क में बैठा लेनी चाहिए कि सिर्फ सरकार के भरोसे हम इंसानी मित्र गौरैया को नहीं बचा पाएंगे ! इसके लिए जरूरी है कि हम अपनी वर्तमान पीढ़ी को यह बताएं कि गौरैया अथवा अन्य विलुप्त होते पक्षी हमारे जीवन तथा पर्यावरण में क्या अहमियत रखते हैं ? हमें प्रकृति प्रेमी बनकर ऐसा अभियान चलाना होगा जो मानव जीवन में पशु - पक्षियों के योगदान को सार्थक बताते हुए संगठनों को अंजाम दे सके । जहां तक मैं समझता हूं प्रारंभिक शिक्षा के दौर में पूर्व की भांति गौरैया को पाठ्यक्रम में स्थान देना अच्छी पहल हो सकती है । अंग्रेजी शिक्षा के दौर में गौरैया पाठ्यक्रम से बाहर कर दी गई है , जो उचित नहीं है ! मैं अपने पाठकों को गौरैया संरक्षण के प्रति संकल्पित करने हेतु ज्योतिषीय और वास्तुशास्त्र की ओर ले जाना चाहता हूं । जहां तक मुझे थोड़ी - बहुत



जानकारी है - वास्तुशास्त्र में गौरैया का मनुष्य जीवन पर गहरा प्रभाव वर्णित है । गौरैया जिस घर में घोंसला बनाती है , वहां से सभी तरह के वास्तु दोष दूर हो जाते हैं । घर की उत्तर दिशा और ईशान कोण में यदि गौरैया अपना घोंसला बनाती है तो यह अत्यंत शुभ होता है । इसे किसी प्रकार से नुकसान नहीं पहुंचाना चाहिए । हिंदू धर्म - ग्रंथों में गौरैया पक्षी साहस और सावधानी का प्रतीक मानी जाती है । गौरैया हमें सिखाती है कि कैसे सुबह जल्दी उठकर अपनी जरूरतों के लिए संघर्ष किया जा सकता है । गोस्वामी तुलसीदास जी द्वारा रचित रामचरित मानस में भी राजा दशरथ के घर गौरैया के घोसले का वर्णन मिलता है । इतना ही नहीं पक्षी विज्ञान के जनक गौतम ऋषि के अनुसार महाभारत काल में कुंती के महल में गौरैया के घोंसले का इतिहास है । गौतम ऋषि ने यह भी संदेश दिया है कि गौरैया का घोंसला दस प्रकार के वास्तुदोषों को दूर करता है । घर की खिड़की में प्रतिदिन आकर बैठने वाली गौरैया हमारे जीवन में आने वाले परिवर्तन का संदेश देती है । घोंसले बनाकर अंडों को सेने के उपरांत बच्चों का जन्म इस बात का प्रमाण है कि घर - परिवार बाल - बच्चों की खिलखिलाहट से परिपूर्ण होगा ।

वर्तमान में गौरैया का संरक्षण हमारे लिए सबसे बड़ी चुनौती बनी हुई है । मनुष्य की भोगवादी संस्कृति ने हमें प्रकृति और उसके साहश्चर्य से दूर कर दिया है ! दुनिया भर में ग्रामीण और शहरी क्षेत्रों में गौरैया की आबादी घटी है ! गौरैया की घटती आबादी के पीछे मानव विकास सबसे अधिक जिम्मेदार है ! इतिहास बताता है कि मनुष्य जहां - जहां गया गौरैया उसकी हमसफर बनकर उसके साथ गई । गौरैया की प्राकृतिक खूबी यह है कि वह खुद को इंसान की सबसे करीबी दोस्त मानती है । बढ़ती आबादी के कारण जंगलों का सफाया हो रहा है ! ग्रामीण क्षेत्रों में पेड़ काटे जा रहे हैं ! बाग - बगीचों की कमी किसी से छिपी नहीं हैं ।यही कुछ कारण हैं जिससे गौरैया का जीवन संकट में पड़ रहा है ।

# राजनीति से प्रेरित एफ़आईआर दर्ज की गई:भूपेश बघेल

■ **अपराधियों के जिन बयानों को ईडी ने आधार बनाया है उनकी कोई विश्वसनीयता नहीं है**



**रायपुर 18 मार्च।** आज भारतीय जनता पार्टी ने स्वीकार कर लिया कि वो राजनांदगांव संसदीय सीट हार रही है इसीलिए ईओडब्लू ने मेरे ख़िलाफ़ महादेव ऐप मामले में नामजद रिपोर्ट दर्ज की है।भाजपा मान रही है कि मेरी वजह से छत्तीसगढ़ की बाक़ी सीटों पर भी चुनाव परिणामों पर असर पड़ेगा इसीलिए मुझे बेवजह बदनाम करने का षडयंत्र रच रही है. इसके लिए भाजपा अपने चरित्र के अनुरूप केंद्रीय एजेंसी ईडी और राज्य की एजेंसी ईओडब्लू का हथियार के रूप में इस्तेमाल कर रही है. एफ़आईआर में मेरा नाम जिस तरह से शामिल किया गया है वह क़ानूनी रूप से ग़लत है और यह दर्शाता है कि मेरा नाम सिर्फ़ राजनीतिक कारणों से शामिल किया गया है. मेरे मुख्यमंत्रित्व काल में ही महादेव ऐप की जांच शुरु हुई थी और गिरफ़्तारियों का सिलसिला शुरु हुआ था. महादेव ऐप की तरह की सट्टेबाज़ी को रोकने के लिए 2022 में हमने जुआ और सट्टा अधिनियम में परिवर्तन भी किया था. हमने ही महादेव ऐप के संचालकों सौरभ चंद्राकर और रवि उप्पल के ख़िलाफ़ एलओसी यानी लुक आउट सर्कुलर जारी किया था. हमने ही गूगल को पत्र लिखकर महादेव ऐप को गूगल प्ले स्टोर से हटाया था. कांग्रेस की सरकार ने कार्रवाई शुरु की और हम पर ही इसे संरक्षण देने का आरोप लगाना न केवल हास्यास्पद है बल्कि यह भाजपा के चरित्र को भी दिखाता है. यह आरोप वह भाजपा लगा रही है जिसने 'चंदा दो धंधा लो' और 'हफ़्ता वसूली अभियान' के तहत हज़ारों करोड़ का चुनावी बॉण्ड अपने खाते में जमा करवाए. यह वही भाजपा है कि जिसमें देश के सबसे बड़े लॉटरी का धंधा करने वाली कंपनी फ़्यूचर गेमिंग से 1368 करोड़ रुपए चुनावी चंदे के रूप में लिए हैं. एक बड़ा सवाल यह है कि पहले को मेरी सरकार पर महादेव ऐप को संरक्षण देने का आरोप था. पर महादेव ऐप तो अभी भी चल रहा है तो सवाल यह है कि हमारी सरकार हटने के बाद इसे कौन संरक्षण देता रहा, नरेंद्र मोदी की सरकार या विष्णुदेव साय की सरकार?

एफ़आईआर की जो कॉपी मुझे मिली है उसके अनुसार यह एफ़आईआर चार मार्च को रायपुर में दर्ज की गई है. लेकिन इसे जारी किया गया दिल्ली में आज यानी 17 मार्च को. आमतौर पर एफ़आईआर तुरंत ही सार्वजनिक कर दी जाती है तो क्यों इसे छिपा कर रखा गया और क्यों इसे दिल्ली से जारी किया गया एक इससे स्पष्ट होता है कि राजनीतिक उद्देश्य से ही यह एफ़आईआर की गई है. जिस समय एफ़आईआर दर्ज की गई वह वही समय था जब मेरा नाम राजनांदगांव से कांग्रेस के संभावित प्रत्याशी के रूप में अख़बारों और टेलीविज़न चैनलों में आ रहा था. ज़ाहिर है कि इसी से डरकर भाजपा ने आनन फ़ानन में एफ़आईआर में मेरा नाम डालने की साज़िश रची. मैं कह रहा हूं कि मेरा नाम एफ़आईआर में जबरन डाला गया क्योंकि एफ़आईआर के साथ जो विवरण दिए गए हैं, उसमें मेरा नाम कहीं नहीं है. ऐसा कोई विवरण एफ़आईआर में नहीं है जिससे यह साबित हो कि महादेव ऐप के संचालकों को संरक्षण देने में मेरी कोई भूमिका थी. इस एफ़आईआर में कहा गया है कि 'वैधानिक कार्रवाई को रोकने के लिए विभिन्न पुलिस एवं प्रशासनिक अधिकारियों तथा प्रभावशाली राजनीतिक व्यक्तियों का संरक्षण प्राप्त किया गया'. अब सवाल यह है कि जब इन विभिन्न लोगों में किसी का नाम नहीं है तो छत्तीसगढ़ पुलिस को मेरा ही नाम दर्ज करने की क्यों सूझी अगर ईओडब्लू के पास इन विभिन्न लोगों के नाम थे तो उनके नाम एफ़आईआर में क्यों नहीं हैं और अगर मेरा नाम है तो विभिन्न लोगों के नाम क्यों नहीं हैं?

## एक नजर

### संविधान की कलम से पत्रकार संघ जिला दंतेवाड़ा की कार्यकारिणी का चयन किया गया

**किरन्दुल 18 मार्च।** दंतेवाड़ा जिले के कुछ पत्रकारों ने मिलकर एक नई पत्रकार संघ का गठन किया है जिसका नाम संविधान के कलम से जिला दंतेवाड़ा रखा गया है इसके सभी कार्यकर्ता आज बैठक करके जिला अध्यक्ष महासचिव एवं कार्यकारिणी समिति का चयन किया गया जिसमें जिला अध्यक्ष के रूप में अब्दुल हमीद सिद्दीकी, महासचिव के पद पर किशोर कुमार रामटेके कोषाध्यक्ष जितेंद्र कुमार गुप्ता उपाध्यक्ष शेख आजाद विश्वजीत सरकार सहसचिव ब्रह्मा सोनानी दिलीप सिंह सह कोषाध्यक्ष सुनील कुमार गुप्ता मनीकुट्टन नायर संचालक मुकेश श्रीवास योगेंद्र ठाकुर, यशवंत रामटेक राजेश कुमार मिश्रा, मनोज कुमार छालीवाल का आज सर्व सहमति से चयन किया गया लोकसभा चुनाव के बाद सर्व सहमति से फिर से एक बार सभी कार्यकर्ताओं के साथ चर्चा कर नगर अध्यक्ष एवं जिला कार्यकारिणी का विस्तार किया जाएगा।

### किरंदुल अनुविभागी अधिकारी पुलिस के कार्यालय में शांति समिति की बैठक



**किरंदुल 18 मार्च।** किरंदुल में आने वाले होली त्यौहार को ध्यान में रखते हुए अनुविभागीय अधिकारी पुलिस और तहसीलदार के द्वारा शांति समिति की बैठक रखी गई थी जिसमें जनप्रतिनिधि व्यापारी गण पत्रकार संघ और नगर के गणमान्य नागरिकों को आमंत्रित किया गया था बता दे की 19 अप्रैल को लोकसभा चुनाव है जिसके लिए आदर्श आचार संहिता लागू हो गई है जिसके मध्य नजर नगर में किसी भी प्रकार का कोई भी सार्वजनिक एवं सांस्कृतिक कार्यक्रम के लिए अनुमति लेना अनिवार्य है और साथी होली के त्यौहार में किसी भी प्रकार की कोई भी हुड़दंग करने वालों को बक्सा नहीं जाएगा। एवं पुलिस विभाग के द्वारा सभी से अपील की गई है की होली के त्यौहार को बहुत ही शांतिपूर्वक तरीके से मनाये एवं होली के लिए अग्रिम सभी को बधाई दी गई। इस अवसर पर अनुविभागीय अधिकारी पुलिस कपिल चंद्र तहसीलदार जीवितेश सोरी थाना प्रभारी प्रहलाद कुमार साहू उपस्थित थे।

### शासकीय एवं निजी स्थानों से हटाए गए पोस्टर एवं बैनर

**उत्तर बस्तर कांकेर, 18 मार्च।** भारत निर्वाचन आयोग के द्वारा लोकसभा निर्वाचन 2024 के लिए कार्यक्रम जारी किये जाने के साथ ही आदर्श आचरण संहिता प्रभावशील हो गई है। निर्वाचन के दौरान विभिन्न राजनैतिक दलों एवं उनके अभ्यर्थियों के द्वारा चुनाव प्रचार करने के लिए शासकीय एवं अशासकीय भवनों पर नारे लेखन एवं बैनर पोस्टर तथा विद्युत और टेलीफोन के खंभों पर चुनाव प्रचार से संबंधित झंडियां लगाई जाती हैं, जिसके कारण शासकीय संपत्ति का स्वरूप विकृत हो जाता है। इस संबंध में कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी श्री अभिजीत सिंह ने आदेश जारी कर छत्तीसगढ़ संपत्ति विरूपण निवारण अधिनियम 1994 का प्रयोग करते हुए इसे हटाने के निर्देश दिये थे। इसके तहत सार्वजनिक सम्पति से 300 दीवार लेखन, 514 पोस्टर, 438 बैनर और 302 अन्य प्रचार सामग्रियां हटाई गई हैं। इसके अलावा निजी सम्पति अंतर्गत 68 दीवार लेखन, 34 पोस्टर, 43 बैनर और 01 अन्य प्रचार सामग्रियां हटाई गई हैं। इस प्रकार अब तक सार्वजनिक स्थलों में कुल 01 हजार 554 तथा निजी स्थलों में 146 सहित यानी कुल 01 हजार 700 पोस्टर-बैनर हटाये जा चुके हैं।

### थाना एवं चौकियों के लिए सेक्टर मजिस्ट्रेट नियुक्त

**उत्तर बस्तर कांकेर, 18 मार्च।** लोकसभा निर्वाचन 2024 के दौरान कानून व्यवस्था बनाए रखने कलेक्टर एवं जिला दण्डाधिकारी श्री अभिजीत सिंह द्वारा दण्डाधिकारियों को थाना एवं चौकी क्षेत्र के लिए सेक्टर मजिस्ट्रेट नियुक्त किया गया है। जारी आदेशानुसार कांकेर थाना के लिए अनुविभागीय दण्डाधिकारी अधिकारी श्री अरूण कुमार वर्मा, कार्यपालिक दण्डाधिकारी श्री सुरेश कुमार राय, श्री विकास कुमार जैन एवं श्री अभिषेक देवांगन, नरहरपुर थाना क्षेत्र के लिए सुश्री भाग्यश्री, दुधावा चौकी के लिए श्री संजय राय, चारामा थाना क्षेत्र के लिए श्री राहुल कुमार रजक एवं श्री कृष्ण कुमार पाटले, हल्बा चौकी क्षेत्र के लिए श्री प्रवीण नेताम, भानुप्रतापपुर थाना क्षेत्र के लिए सुश्री आस्था राजपूत, लोहत्तर थाना एवं दमकसा चौकी के लिए श्री सुरेन्द्र कुमार उर्वसा, कच्चे चौकी एवं कोरर थाना क्षेत्र के लिए श्रीमती योगिता पाथरे, दुर्गूकोंदल थाना और कोड़ेकुर्से थाना क्षेत्र के लिए उमाशंकर जायसवाल, अंतागढ़ थाना क्षेत्र के लिए नरेन्द्र कुमार बंजारा, ताड़ोकी रावघाट थाना क्षेत्र सिकसोड़ के लिए श्री खीर सागरनाथ बघेल, आमाबेड़ा थाना क्षेत्र के लिए श्री उमेश चौहान, पखांजूर थाना क्षेत्र के लिए श्री अंजोर सिंह पैकरा, बड़गांव, परतापुर, गोण्डाहुर और कोयलीबेड़ा थाना क्षेत्र के लिए श्री कुलदीप ठाकुर और बांदे तथा छोटेबेठिया थाना क्षेत्र के लिए श्री भरतलाल ब्रम्हे को सेक्टर मजिस्ट्रेट बनाया गया है।

# केन्द्र में कांग्रेस की सरकार बनने के बाद युवा महिला एवं किसान होंगे आत्मनिर्भर:जिलाध्यक्ष

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

**मोहला 18 मार्च।** केन्द्र में कांग्रेस की सरकार बनने के बाद देश के युवा, किसान एवं महिलाए आत्मनिर्भर होंगे। अखिल भारतीय कांग्रेस पार्टी ने युवा न्याय गारंटी के बाद महिलाओं व किसानों की समृद्धि के लिए न्याय गारंटी योजना लाया है। कांग्रेस की इस गांरटी योजना में केन्द्र में सरकार आने के बाद युवा, महिला व किसानों के लिए पांच पांच गारंटी का वायदा किया गया है।

छग प्रदेश कांग्रेस कमेटी के निर्देश पर आज नवगठित जिला मोहला मानपुर अंबागह चैकी में जिला कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष अनिल मानिकपुरी ने अंबागढ चौकी में कांग्रेस पार्टी द्वारा लाए गए युवा न्याय गारंटी के साथ साथ महिला व किसान न्याय गारंटी योजना की जानकारी दी गई।

जिला अध्यक्ष ने कहा की केन्द्र में कांग्रेस की सरकार आने के बाद देश के युवा, किसान व महिलायें आत्मनिर्भर होंगे।जिला अध्यक्ष अनिल मानिकपुरी कांग्रेस की नारी न्याय महालक्ष्मी योजना की जानकारी देते हुए



बताया की केन्द्र में कांग्रेस की सरकार बनने के बाद देश की हर महिला को साल में एक लाख एवं हर महिने 8333 रुपए देगी। इसके अतिरिक्त केन्द्रीय भर्तियो में आधा स्थान महिलाओ का होगा। आशा वर्कर, आंगनबाडी कार्यकर्ता एवं मिड डे मिल वर्करो को

केन्द्रीय सहायता दोगु?नी करेगी। तथा महिलाओं के कानूनी अधिकार की रक्षा के लिए प्रत्येक पंचायत में कानूनी सहायक की नियुक्ति करेगी। जबकि कामकाजी महिलाओं के लिए जिला मुख्यालय में हास्टल का निर्माण करेगी। जिला कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष अनिल मानिकपुरी ने युवा न्याय गारंटी योजना की जानकारी देते हुए बताया की केन्द्र में कांग्रेस की सरकार आने के बाद 30 लाख युवाओं को नौकरी देगी। डिप्लोमा होल्डर या स्नातक ग्रेजुएट को पब्लिक या प्राईवेट सेक्टर की कंपनी के प्रशिक्षण के दौरान प्रशिक्षुता अधिकार नियम के तहत हर वर्ष एक एक लाख रुपए देगी। पेपर लीक रोकने के लिए कानून का निर्माण करेगी। युवाओ को रोजगार देने के लिए बेहतर सामाजिक स्थितियों का निर्माण करेगी।

## ग्राम पंचायत संभलवार के शासकीय पूर्व माध्यमिक शाला में संकुल स्तरीय नेवता भोज का आयोजन

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

**किरन्दुल 18 मार्च।** दंतेवाड़ा जिले के कुंवाकोंडा ब्लॉक ग्राम पंचायत समलवार के संकुल स्तरीय मड़कामीरास के द्वारा शासकीय पूर्व माध्यमिक शाला समलवार में स्कूल के बच्चों के लिए नेवता भोज रखा गया था माननीय प्रधानमंत्री एवं मुख्यमंत्री छत्तीसगढ़ की महत्वपूर्ण योजना नेवता भोज चलाई जा रही है जिसमें संकुल केंद्र के 55 बच्चों को न्योता भोज के माध्यम से स्वादिष्ट भोजन खीर पूरी मटर पनीर दाल फ्राई मिक्स सब्जी पापड़ चावल सलाद के रूप में स्वादिष्ट भोजन परोसा गया नेवता भोज एक ऐसी महत्वपूर्ण योजना हैजिससे बच्चों को सर्वांगीण विकास के लिए ऐसी योजनाएं जिसके तहत गांव के ग्रामीण बच्चों को पूर्ण तरह से पौस्टिक आहार नहीं मिल पाती है जिसके कारण बच्चे कमजोर होते हैं और ग्रामीण बच्चों का विकास नहीं हो पाता है ऐसे में जनप्रतिनिधि समाजसेवी संस्था एनजीओ और हर प्रकार के लोगों से यह एक उम्मीद रखी गई है कि नेवता भोज के रूप मे सभी अपने खुशियों के पल को इन बच्चों के बीच छात्रों को खीर पूड़ी तथा अन्य



स्वादिष्ट भोजन कराया गया। आज के इस कार्यक्रम में मुख्य रूप से सरपंच समलवार सुखराम कुंजाम, जनपद सदस्य जोगा कुंजाम, संकुल खण्ड श्रोत समन्वयक श्री एम.आर.कश्यप,संकुल समन्वयक मड़कामीरास नितिन चलम, संकुल समन्वयक चोलनर रामगुलाल साहू, संकुल समन्वयक हिरोली टीकम दास साहू, संकुल समन्वयक गुमियापल पुहुप साहू, शिक्षक राकेश दस, ज्योति मरकाम, चंद्रकिरण मंडावी, सरस्वती भुआर्य, आदित्य देवांगन, असुंता एक्का, निर्मला साहू, सुजिता चंद्रन, गोरंगो बाघ, संजय नायक, महेश ठाकुर, रेवती ठाकुर, गीता नागेश, आश्रम अधीक्षिका लोमस बेलसरेवता उपस्थित थे।

## ठेकेदारों को काम छोड़ने के लिए दी गई है धमकी

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

**सुकमा 18 मार्च।** ब्राम्हणीय हिंदुत्व फासीवादी केंद्र व राज्य के डबल इंजन भाजपा सरकार विकास के नाम पर जल-जंगल-जमीन एवं, प्राकृतिक संपदाओं, संसाधनों व पर्यावरण और अपने अस्तित्व-अस्मिता, आत्मसम्मान को बचाने के लिए जारी आदिवासी आंदोलन को बंद करने जनता के ऊपर फासीवादी हमले, हत्या अत्याचार जैसे विनाशकारी नीतियों को लागू कर रही है.फासीवादी मोदी दलाल नौकरशाही पूंजीपतियों व साम्राज्यवादियों को बेरोकटोक अपना प्राकृतिक संपत्ति को लूटने के उद्धेश्य से कॉर्पोरेटीकरण, सैन्यीकरण किया जा रहा है. ऑपरेशन कगार के तहत आदिवासी इलाकों में युद्ध स्तर पर रोड, पुल-पुलिया, नये-नये पुलिस कैम्प, थाना, टेक्टिकल हेडक्वार्टर्स, हेलिफैड, मोबाइल टॉवरों का निर्माण किया जा रहा है. जनता की खेती जमीनों को जबर्दस्ती बलपूर्वक हड़प रहे हैं. पेड़, पौधे को काट रहे हैं. जनता के भारी विरोध-प्रदर्शन के बावजूद उनके ऊपर बमबारी, फायरिंग, मारपीट, लूटपाट, महिलाओं पर अत्याचार अवैध गिरफ्तारियां जैसे तरह-तरह के दमनात्मक हथकंडे अपना रहे हैं. इसी को जनता का विकास करके बता रही है. आलांकि यहां जनता का विनाश के अलावा और कुछ भी नहीं है. इस निर्माण कार्य में सरकारी विभागों के अलावा स्थानीय दलाल, ठेकेदारों का प्रमुख भूमिका है. इस जनविरोधी कार्य में शामिल दलालों, ठेकेदारों को जनता कभी माफ नहीं करेगी. अपनी जनदुश्मन कार्य छोड़ देवें अन्यता जरुर मौत की सजा मिलेगी. लोकल के कुछ लोग भी अपना गाड़ियां रोड, पुल-पुलिया जैसे निर्माण कार्य में लगा रहे हैं, दुश्मन के सप्लाई और इंटेलिजेंस का काम भी कर रहे है. हमारी अपील है कि उस जनविरोधी कार्य में न लगे और अपनी गाड़ियां न लगावें. हमारी समझाइश के बावजूद भी नहीं मानेंगे तो अपनी मौत की जिम्मेदारी खुद ही होंगे. इसीलिए आप लोग अपनी गलती समझ लेवें और जनता के पक्ष में काम करें।

# हितावार कुआकोंडा में हुआ निःशुल्क दैनिक योग कक्षा का शुभारंभ

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

**किरन्दुल 18 मार्च।** पतंजलि योग समिति ज़िला दंतेवाड़ा के तत्वाधान में ग्राम हितावर कुआकोंडा में निःशुल्क दैनिक योग कक्षा का शुभारंभ हुआ। दंतेवाड़ा जिले में पिछले तीन महीने से लगातार अलग अलग स्थानों में नई योग कक्षा का प्रारंभ किया जा रहा है जिसके अन्तर्गत किरंदुल में योग जागरण समिति के संयुक्त तत्वावधान में 5, दंतेवाड़ा में 3 और कुआकोंडा में 1, कुल 9 नई निःशुल्क दैनिक योग कक्षा का प्रारंभ हो चुका है जिसमें प्रातः और सायं कालीन सत्र में सैकड़ों लोग आकर योग अभ्यास का लाभ उठा रहे हैं। इसी कड़ी में आज हितावार कुआकोंडा में योग कक्षा का शुभारंभ जिला योगसन स्पोर्टस एसोसिएशन अध्यक्ष श्री बी आर साहू, पतंजलि योग समिति ज़िला दंतेवाड़ा के जिला प्रभारी नरोत्तम सिंह ध्रुव वरिष्ठ योग साधक एन.एल.शर्मा,योग जागरण समिति के कोषाध्यक्ष कोमल सिंहा जी की विशेष



आतिथ्य में संपन्न हुआ। पतंजलि योग समिति ज़िला दंतेवाड़ा का मुख्य उद्देश्य जिले के प्रत्येक ग्राम एवं वार्ड में योग कक्षा का संचालन कर लोगों में योग के प्रति जागरूकता और आयुर्वेद तथा जीवन दर्शन के माध्यम से शारीरिक व मानसिक व्याधियों को दूर कर स्वस्थ जीवन शैली का निर्माण करना है । कार्यक्रम में पतंजलि योग समिति दंतेवाड़ा के संगठन महामंत्री एवम योग गुरु छबिल साहू, योग शिक्षक लीलेश यादव आश्रम अधीक्षक के सी नाग ,के डी साहू प्रेमानंद ठाकुर, गोविंद सोरी सदानंद साहू,योग प्रेमी महिला पुरुष एवं बच्चे उपस्थित हुए।

■ **मेडिकल कॉलेज व ईएसआईसी अस्पताल पहुंचीं सांसद, चिकित्सकों व भर्ती मरीजों से की मुलाकात**

# संसदीय क्षेत्र में स्वास्थ्य सुविधाओं की बेहतरी के लिए प्रतिबद्ध हूं:ज्योत्सना महंत

**कोरबा 18 मार्च।** प्रवास पर पहुंचीं सांसद ज्योत्सना चरणदास महंत ने स्व. बिसाहूदास महंत स्मृति चिकित्सा महाविद्यालय संबद्ध जिला चिकित्सालय एवं ईएसआईसी अस्पताल का अवलोकन किया। उन्होंने यहां मौजूद व्यवस्थाओं और सुविधाओं की जानकारी लेने के साथ ही भर्ती मरीजों से भी चर्चा कर उनका हाल जाना। इस अवसर पर सांसद ज्योत्सना महंत ने कहा कि कोरबा की जनता खासकर ग्रामीण क्षेत्रवासियों को विशेषतः स्वास्थ्य की बेहतर सुविधा उपलब्ध कराने का मेरा प्रयास रहा जिसमें मेडिकल कॉलेज की



स्थापना कराई गई। मुझे इस बात की संतुष्टि है कि मेडिकल कॉलेज में डॉक्टरों की सुविधा है। यहां 250 बच्चे मेडिकल की पढ़ाई कर रहे हैं। वे भविष्य में डॉक्टर बनकर समाज की सेवा करेंगे। स्वस्थ समाज ही स्वस्थ भारत का निर्माण करेगा। उन्होंने कहा कि सुविधाओं और विकास पर राजनीति नहीं होनी चाहिए। पक्ष हो या विपक्ष, जहां जनता की बात हो, क्षेत्र के विकास की बात हो वहां सबको साथ चलना चाहिए। सांसद ने इस बात पर प्रसन्नता जाहिर की कि मेडिकल कॉलेज अस्पताल में न्यूरोसर्जन की सुविधा है, कैंसर स्पेशलिस्ट है, 7 डायलिसिस मशीनें है। मात्र 5 रुपए में हिप रिप्लेसमेंट का लाभ मरीज को मिला है। प्रतिदिन 600 से 700 मरीज यहां लाभान्वित हो रहे हैं। बच्चों के लिए 15 कैज्वल्टी वार्ड सहित विभिन्न सुविधाएं उपलब्ध है। संसदीय क्षेत्र के जिलों में मेडिकल कॉलेज प्रारंभ कराने मैं प्रयासरत रहूंगी।

सांसद ने ईएसआईसी हास्पिटल का अवलोकन कर इस बात पर संतोष व्यक्त किया कि ऊर्जा की औद्योगिक नगरी में श्रमिकों को बेहतर उपचार की सुविधाएं प्राप्त हो रही है। उन्हें दूसरे जिला अथवा राज्य की दौड़ नहीं लगानी पड़ती बल्कि अनेक बीमारियों व तकलीफों का यहां उपचार हो रहा है। अस्पताल में लगभग 1 लाख श्रमिकों व उनके परिजनों को लाभ मिल रहा है। यहां पर डेंटल, लैब, ओपीडी व आर्थो सहित एमबीबीएस के 20 चिकित्सक अपनी सेवाएं दे रहे हैं। सांसद ने कहा कि कोरबा में मेडिकल कॉलेज और ईएसआईसी अस्पताल को प्रारंभ करने की दिशा में वे लगातार केन्द्रीय मंत्री से संपर्क करती रही।

## समाचार संक्षेप

### जिले में संपत्ति विरूपण अधिनियम के तहत की जा रही है कार्रवाई




**सुकमा, 18 मार्च।** लोक सभा निर्वाचन 2024 हेतु भारत निर्वाचन आयोग द्वारा निर्वाचन की घोषणा किये जाने से आदर्श आचार संहिता प्रभावशील हो गई है। कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी श्री हरिस. एस के आदेशानुसार संपत्ति विरूपण अधिनियम के तहत जिले के नगरीय निकायों एवं जनपद पंचायत क्षेत्रों में संपत्ति विरूपण अधिनियम के तहत कार्रवाई की जा रही है। इसके तहत शासकीय एवं सार्वजनिक स्थानों में लगाए गए पोस्टर, बैनर, वॉल पेंटिग आदि प्रचार की युक्तियों को हटाने की कार्रवाई की जा रही है।

### जिला निर्वाचन अधिकारी ने राजनीतिक दलों के प्रतिनिधियों की ली बैठक



**उत्तर बस्तर कांकेर, 18 मार्च।** भारत निर्वाचन आयोग द्वारा लोकसभा निर्वाचन-2024 के लिए कार्यक्रम की घोषणा के साथ ही जिले में आदर्श आचरण संहिता प्रभावशील हो गई है। इसी क्रम में कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी श्री अभिजीत सिंह ने आज जिला कार्यालय में राजनीतिक दलों के प्रतिनिधियों की बैठक लेकर आयोग द्वारा जारी लोकसभा निर्वाचन कार्यक्रम की जानकारी दी। उन्होंने बताया कि निर्वाचन की अधिसूचना का प्रकाशन 28 मार्च को किया जाएगा तथा इसी दिन से नाम-निर्देशन प्रारंभ हो जाएगा। आयोग द्वारा नाम-निर्देशन की अंतिम तिथि 04 अप्रैल 2024 निर्धारित की गई है। प्राप्त नाम-निर्देशन पत्रों की संवीक्षा 05 अप्रैल को की जाएगी, जबकि 08 अप्रैल को दोपहर 03 बजे तक अभ्यर्थिता से नाम वापसी ली जा सकेगी। उन्होंने बताया कि कांकेर लोकसभा क्षेत्र में मतदान 26 अप्रैल को किया जाएगा तथा मतगणना 04 जून 2024 को होगी। कलेक्टर ने बताया कि इस बार 85 वर्ष से अधिक आयु के ऐसे मतदाता जो मतदान केंद्र तक आने में असमर्थ हैं, उन्हें घर पर मतदान करने की सुविधा दी जाएगी। साथ ही डाक मत पत्रों की गणना सिर्फ जिला मुख्यालय के मतगणना केंद्र में की जाएगी। बैठक में कलेक्टर ने उपस्थित राजनीतिक दलों के प्रतिनिधियों से आग्रह किया कि आदर्श आचार संहिता का पालन करते हुए प्रचार-प्रसार एवं अन्य कार्यक्रम करें। साथ ही सभा, जुलूस में जाति, धर्म या किसी व्यक्ति के विरुद्ध भड़काऊ भाषण नही देने की अपील की। उन्होंने सभी राजनीतिक दलों के प्रतिनिधियों से आग्रह किया कि जिले में लोकसभा निर्वाचन निष्पक्ष और शांतिपूर्ण तरीके से सम्पन्न कराने में वे आवश्यक सहयोग दें।

### कान्यकुब्ज महिला मंडल ने धूमधाम से मनाया होली मिलन समारोह



**रायपुर 18 मार्च।** कान्यकुब्ज महिला मंडल द्वारा शनिवार 16 मार्च को, आशीर्वाद भवन बैरन बाजार रायपुर में होली मिलन समारोह का आयोजन किया गया। खुशियों और दिल को भिगो देने वाले रंगों के साथ होली का रंग उत्सव मनाया गया, जिसमें भूत भगोड़ी छत्तीसगढ़ की पारंपरिक फैंसी ड्रेस पहनकर महिलाओं ने सबको खूब हंसाया। फाग और हास्य से भरपूर लघु नाटिका एवं होली के गानों पर नृत्य कर तन और मन को भिगो कर पूरा रंग जमाया। इस कार्यक्रम में महिला मंडल की सभी बहनों का सहयोग प्राप्त हुआ। कार्यक्रम के समापन में सब ने स्वादिष्ट ठंडाई और गुजिया का आनंद लिया और एक दूसरे को होली की शुभकामनाएं दी। इस अवसर पर महिला मंडल की सभी सदस्य उपस्थित रहीं।

### आर्यन खरे को गेट की परीक्षा में मिला 6वां रैंक

**रायपुर 18 मार्च।** रायपुर में रहने वाले आर्यन खरे ने गेट 2024 परीक्षा में पूरे भारत वर्ष में 6 वां रैंक लाकर अपने परिवार और राज्य का नाम रोशन किया है। वे छत्तीसगढ़ राज्य में अव्वल रहे। विदित हो की ग्रेजुएट एप्टीट्यूड टेस्ट इन इंजीनियरिंग (गेट) एक अखिल भारतीय परीक्षा है जो राष्ट्रीय समन्वय बोर्ड, शिक्षा विभाग, मानव संसाधन विकास मंत्रालय की ओर से गेट समिति द्वारा देश भर के आठ क्षेत्रों में प्रशासित और आयोजित की जाती है, जिसमें आई.आई.एस.सी. बैंगलोर और अन्य सात आई.आई.टी. के संकाय सदस्य शामिल होते हैं। यह परीक्षा भारतीय प्रौद्योगिकी संस्थान (आईआईटी), राष्ट्रीय प्रौद्योगिकी संस्थान (एनआईटी) से सीधे मास्टर ऑफ इंजीनियरिंग (एमई), मास्टर्स इन टेक्नोलॉजी एवं पीएचडी में प्रवेश के लिए आयोजित की जाती है।

## एक नजर

### उल्लास नवभारत साक्षरता परीक्षा का आयोजन कई स्कूलों में हुआ

**राजिम, 18 मार्च।** उल्लास नवभारत साक्षरता कार्यक्रम के अंतर्गत छत्तीसगढ़ राज्य शिक्षा मंत्रालय स्कूल शिक्षा एवं साक्षरता विभाग द्वारा असाक्षर शिक्षार्थियों के आकलन के लिए बुनियादी साक्षरता एवं संख्यात्मक ज्ञान मूल्यांकन परीक्षा का आयोजन 17 मार्च को गरियाबंद जिले के पांचो विकासखंड के 136 प्राथमिक एवं पूर्व माध्यमिक शाला में किया गया.जिसमें जिले के 2182 परीक्षार्थी सम्मिलित हुए.परीक्षा कार्यक्रम 10ः00 बजे से 5ः00 बजे तक सुचारु रूप से संचालित हुआ. यह परीक्षा कार्यक्रम कलेक्टर दीपक कुमार अग्रवाल के निर्देशन में मुख्य कार्यपालन अधिकारी रीता यादव के मार्गदर्शन व जिला शिक्षा अधिकारी ए. के. सारस्वत के नेतृत्व में जिला परियोजना अधिकारी उल्लास नवभारत साक्षरता कार्यक्रम बुद्धविलास सिंह एवं समस्त विकासखंड के अधिकारी कर्मचारियों के सहयोग से सम्पन्न हुआ.जिला परियोजना अधिकारी बुद्धविलास सिंह ने बताया कि उल्लास नवभारत साक्षरता कार्यक्रम साक्षर बनाने में परीक्षा 17 मार्च को जिले के प्राथमिक एवं माध्यमिक विद्यालय में सुबह 10ः00 बजे से शाम 5ः00 बजे तक आयोजित की गई. परीक्षा के लिए केंद्राध्यक्ष इन्हीं विद्यालयों का प्रधान पाठक एवं शिक्षकों को पर्यवेक्षक के रूप में नियुक्त किया गया. इन नवसाक्षरों को परीक्षा के केन्द्र तक लाने में साक्षर साथी सामाजिक संस्थाएं एवं अन्य वरिष्ठ नागरिक एवं छात्रों ने सहयोग किया. साक्षरता मूल्यांकन 150 अंकों का हुआ जिसमें पढ़ना 50 अंक लिखना 50 अंक एवं अंक गणित 50 अंकों का हुआ।

### तांडी और पटेल की भाजपा में वापसी



**महासमुंद,18 मार्च।** जिला भाजपा कार्यालय में हुई जिला कार्यसमिति की बैठक में मुख्य वक्ता व पूर्व कैबिनेट मंत्री व कुरूद विधायक अजय चंद्राकर, सांसद चुन्नीलाल साहू, लोकसभा प्रभारी रायपुर ग्रामीण विधायक मोतीलाल साहू, विधायक योगेश्वर राजू सिन्हा प्रदेश उपाध्यक्ष सरला कोसरिया, लोकसभा संयोजक शंकर अग्रवाल, सह संयोजक पूर्व विधायक संतोष उपाध्याय, कार्यकारी जिलाध्यक्ष संजय शर्मा, पिछड़ावर्ग मोर्चा प्रदेशाध्यक्ष राकेश चंद्राकर, पूर्व विधायक त्रिलोचन पटेल, विधानसभा प्रभारी प्रफुल्ल विश्वकर्मा, संयोजक चंद्रहास चंद्राकर, जिला उपाध्यक्ष विपिन उबोवेजा, सराईपाली नगर पालिका अध्यक्ष चंद्रकुमार पटेल मिलो सहित भाजपा के मंचस्थ अतिथियों और बैठक में उपस्थित वरिष्ठ भाजपा पदाधिकारियों और कार्यकर्ताओं के समक्ष सरायपाली क्षेत्र के पूर्व जिला पंचायत सदस्य श्याम तांडी एवं गिरजाशंकर पटेल का पुनः भाजपा में प्रवेश हुआ। विधायक अजय चंद्राकर ने भाजपा में प्रवेश के अवसर पर दोनों का भाजपा गमछा और पुष्पमाला पहनाकर भाजपा में घर वापसी पर कहा कि सुबह का भला अगर शाम को घर चला आये तो उसे भूला हुआ नहीं कहते।

### बरोंडा चौक महासमुंद से बम्हनी तक बनेगी चौड़ी सड़क

**महासमुंद।** नगर में गौरवपथ के लिए चिन्हित बरोंडा चौक से कलेक्टोरेट रोड पर वर्षो बाद भी गौरवपथ का काम नहीं हुआ। अब क्षेत्रीय विधायक योगेश्वर राजू सिन्हा के विशेष प्रयास से लोक निर्माण विभाग द्वारा सड़क चौड़ीकरण, सुदृढ़ीकरण, पुल-पुलिया सहित इस मार्ग के निर्माण कार्य कार्य के लिए 18.29 करोड़ रुपए की प्रशासकीय स्वीकृति प्रदान की गई है। गौरवपथ के स्थान पर अब यह सड़क बाबा बम्हनेश्वरनाथ महादेव की नगरी बम्हनी तक 10 किमी लंबी और पर्याप्त चौड़ी बनेगी। विधायक योगेश्वर राजू सिन्हा ने बताया कि उन्होंने उपमुख्यमंत्री लोक निर्माण विभाग मंत्री अरुण साव से मिलकर इस महत्वकांक्षी और व्यापक जनहित के मामले में पहल किया। इस पर प्रशासनिक कार्यवाही की गई। और 15 मार्च को लोक निर्माण विभाग के अवर सचिव एसएन श्रीवास्तव ने प्रमुख अभियंता लोक निर्माण विभाग को लिखे गए पत्र में बताया है कि सड़क चौड़ीकरण में भूअर्जन के लिए भी राशि स्वीकृत किया गया है। साथ ही इस मार्ग का निर्माण अब जल्द होगा। वित्त विभाग की सहमति मिल चुकी है। अब तकनीकी स्वीकृति और निविदा आमंत्रित किए जाने की प्रकिया पूरी कर प्रमुख अभियंता लोक निर्माण विभाग रायपुर द्वारा निर्माण कार्य संपादन की कार्यवाही सुनिश्चित की जाएगी।

# अवैध रेत घाट के रास्तों पर प्रशासन ने चलाया बुलडोजर चेन माउंटेन जब्त, अधिकारियों की टीम भी मौके पर पहुंची

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता



**राजिम, 18 मार्च।** राजिम ( पांडुका) अंचल के ग्राम पंचायत सरकडा में बीते कुछ दिनों से चल रहे अवैध रेत घाट को आखिरकार राजस्व विभाग और खानिज विभाग की संयुक्त टीम ने रविवार को लगभग 1बजे मौके पर पहुंचकर अवैध रेट घाट संचालन के रास्ते को जिसमे रेत चोर हाईवा गाड़ी से परिवहन करते थे। उस रास्ते पर जेसीबी मशीन के सहायता से गड्ढे खोदकर मार्ग को अवरोध कर दिया गया है मौके पर अनु विभागीय अधिकारी छूरा जिला खनिज अधिकारी गरियाबंद, तहसीलदार छुरा, नायब तहसीलदार छुरा सहित खनिज व तहसील की टीम पहुंची थी। बता दे की राजिम मेला तक किसी तरह अवैध रेत चोर चुप बैठे थे जैसे ही मेला समाप्त हुई उसके कुछ दिन बाद रात के अंधेरे में रेत चोरी की हरकतें होने लगी बता दे की सड़कड़ा रेत घाट स्वीकृत नहीं है पर रेत माफिया की नजरे हमेशा यह की अच्छे किस्म के रेत की वजह से ग्राम कुगदा,कूटेंना और सरकड़ा रेत चोरों के निशाने पर रहते है और रात के अंधेरे में 8 बजे से लेकर सुबह के 5 बजे तक अवैध रूप से रेत की परिवहन करते है। ग्राम पंचायत सड़कड़ा और ग्राम विकास समिति सरकाडा के संरक्षण में बीते कई दिनों तक या अवैध कार्य चल रहा था। जिस पर आखिरकार आचार संहिता लगने के दूसरे दिन यानी कि रविवार को अधिकारी पहुंचकर इस मार्ग को खोदाई करवा दिय, पूछे जाने पर अधिकारियों ने बताया कि यह सब कलेक्टर साहब के निर्देश पर हो रहा है जिले में चल रहे अवैध रेत खनन को पूर्णता बंद करने के लिए दिन और रात में हमारी टीम लगातार अवैध घाटों का निरीक्षण कर रही है एवं अवैध परिवहन पर लगाम करने के लिए यह कार्रवाई की गई हैसभी रेत चोर अपने आप को किसी न किसी मंत्री के बंगले का आदमी बताते है कम से कम आचार संहिता तक अभी किसी की नेता गिरी नही चलेगा ज्ञात हो कि सरकडा के इस अवैध खदान में गांव के कुछ लोगों सहित आसपास से कुछ अच्छे लोग जिसकी समाज में अलग से इज्जत वा सम्मान है वैसे लोग भी इस अवैध रेत खनन में शामिल थे जिन्हे ना तो अपने इज्जत कोई परवाह है आखिरकार प्रशासन की टीम ने आकर इन अवैध रेत खदानों के ऊपर शिकंजा कसा है पर यह देखना होगा कि यह शिकंजा कितने दिनों तक रहेगा क्योंकि अवैध रेत चोर चोरी की कई तरीके अपना लेते हैं जिसके पार पाना आसान नहीं है ।

### भारत को विश्व गुरु के शिखर तक ले जाएंगे मोदी : अजय

**महासमुंद।** आगामी लोकसभा चुनावों को लेकर 17 मार्च को जिला भाजपा कार्यालय में भाजपा महासमुंद जिला कार्य समिति और मण्डल अध्यक्षों की महत्वपूर्ण बैठक पूर्व केबिनेट मंत्री व कुरूद विधायक अजय चंद्राकर के मार्गदर्शन में हुई। पूर्व मंत्री चंद्राकर, सांसद चुन्नीलाल साहू, लोकसभा के प्रभारी रायपुर ग्रामीण विधायक मोतीलाल साहू, महासमुंद विधायक योगेश्वर राजू सिन्हा, प्रदेश उपाध्यक्ष सरला कोसरिया, लोकसभा संयोजक शंकर अग्रवाल, कार्यकारी जिलाध्यक्ष संजय शर्मा सहित मंचस्थ द्वारा भारतमाता, पंडित दीनदयाल उपाध्याय, डॉ श्यामा प्रसाद मुखर्जी के छायाचित्र पर माल्यार्पण पूजार्चना के साथ बैठक का शुभारंभ किया गया।क्लस्टर प्रभारी पूर्व मंत्री अजय चंद्राकर ने बैठक में उपस्थित कार्यकर्ताओं को मार्गदर्शन देते हुए कहा कि आगामी लोकसभा चुनावों की रणभेरी अब बज चुकी है। और चुनावों की तिथियों की घोषणा हो चुकी है। चंद्राकर ने महासमुंद लोकसभा के सभी 8 विधानसभाओं में प्रभारियों की नियुक्ति करने के साथ चुनावी कार्यक्रमों को मण्डल स्तर तक ले जाने की आवश्यकता पर जोर देते हुए कहा कि हर चुनावों की प्रारंभिक लड़ाई मंडलों के सभी बूथों से ही प्रारंभ होती है। कार्यकर्ताओं को कार्य विभाजन और चुनाव संचालन के मार्गदर्शन के लिए बैठकों का दौर जरूरी हो सकता है, पर सबसे ज्यादा कार्य हम सबको जमीनी स्तर पर मोदी सरकार की योजनाओं को मतदाताओं तक ले जाकर भाजपा के प्रत्याशी रूपकुमारी चौधरी की ऐतहासिक जीत सुनिश्चित करनी है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी को तीसरी बार देश का प्रधानमंत्री बनाने में भाजपा के कार्यकर्ताओं के साथ साथ देश की जनता में अभूतपूर्व उत्साह का वातावरण है। पिछले 10 वर्षो के कार्यकाल में प्रधानमंत्री मोदी के नेतृत्व में केंद्र की भाजपा सरकार ने राष्ट्र की सेवा, सुरक्षा और भ्रष्टाचार मुक्त भारत के निर्माण में अहम भूमिका निभाई है।

## श्रीमद् भागवत संस्कार की पाठशाला है:हिमांशु



**महासमुंद।** नगर में आयोजित भव्य श्रीमद भागवत कथा ज्ञान यज्ञ सप्ताह के द्वितीय दिवस पर देश के ख्यातिनाम कथावाचक पं. हिमांशु कृष्ण भारद्वाज ने अपनी अमृत वाणी से श्रद्धालुजनों से कहा कि श्रीमद् भागवत संस्कार की पाठशाला है, इसलिए हम सभी को भागवत कथा का श्रवण करना चाहिए एवं अपने घर परिवार में भी बच्चों को भगवत भक्ति की ओर जोड़ना चाहिए। क्योंकि, बच्चे, बड़ों को देखकर सीखते हैं एवं अपने बड़ों की तरह बनना चाहते हैं। इसलिए बच्चों को संस्कारवान बनाने में परिवार की बड़ी भूमिका होना चाहिए।उन्होंने कहा कि संस्कार के अभाव में व्यक्ति भटक जाता है। आज के समय में विद्यालयों में संस्कार की शिक्षा दी जानी चाहिए। द्वितीय दिवस कथा का श्रवण कराते हुए कहा कि हम सौभाग्यशाली है कि भारत भूमि पर हमारा जन्म हुआ है। क्योंकि, भारत को छोड़कर भगवान भी कहीं दूसरे जगह जन्म नहीं लेते। इसलिए साधु संत एवं महात्मागण भी भारत की भूमि को नमन करते हैं। महाराज द्वारा भागवत की उत्पत्ति का दृष्टांत बताते हुए सर्वप्रथम भोलेनाथ शिव ने माता पार्वती को इस कथा का श्रवण कराया। इसलिए हमें शिव के मंदिर में बांके बिहारी का स्मरण करना चाहिए। क्योंकि, भोलेनाथ भगवान शिव जिन्हें अत्यंत प्रेम करते हैं उनके स्मरण मात्र से शिव प्रसन्न होते हैं। महासमुंद की प्रेममय धरती के महत्ता बताते हुए कहा कि महासमुंद तो स्वयं प्रेम के सागर है। उन्होंने योगेश्वर राजू सिन्हा की श्रीमद भक्ति भावना की प्रशंसा करते हुए कहा कि विधायक अपने भक्ति से महासमुंदवासियों को श्रीमद् भागवत कथा श्रवण का सुअवसर दिया है।

इस अवसर पर सर्वप्रथम व्यासपीठ पर श्रीमद भागवत कथा ज्ञान यज्ञ सप्ताह के संयोजक (मुख्यकर्ता) योगेश्वर राजू सिन्हा की धर्मपत्नी प्रिया सिन्हा, मुख्य यजमान सुशील शर्मा, डॉ. मंजू शर्मा, सह यजमान खगेंद्र तारक, राधेश्याम सोनी, प्रलय थिटे, दिलीप जलक्षत्री, राजश्री ठाकुर, चंदन डड़सेना, मुन्ना साहू, नेहरू पटेल, नीतेश श्रीवास्तव, प्रहलाद यादव, घनाराम साहू, पप्पू ठाकुर, आशुतोष शर्मा द्वारा हिमांशु कृष्ण भारद्वाज का अभिनंदन करते हुए चरण वंदन किया गया। कथा प्रारंभ के पूर्व पं. जवाहर त्रिवेदी, अर्पित त्रिपाठी, नवल किशोर दुबे सहित आचार्यों के टीम ने मंत्रोच्चार के साथ व्यास, श्रीमद् भागवत व गोपाल की आराधना की। द्वितीय दिवस के भागवत कथा के दौरान प्रमुख रुप से प्रिया योगेश्वर राजू सिन्हा, संदीप दीवान, मीना वर्मा, सुजाता विश्वनाथन, आनंदगिरि गोस्वामी, सुधा साहू, अग्रज शर्मा, एमआर विश्वनाथन, चंद्रहास चंद्राकर, प्रशांत श्रीवास्तव, शशि सिन्हा, विमला गोण्डाने, श्रुति शर्मा, प्रकाश शर्मा, महेंद्र जैन, राजेश्वरी सिन्हा, सुनीता बंटी शर्मा, टेकराम सेन, मनीष शर्मा, दिग्विजय साहू, शोभा दीवान, ममता बग्गा, राखी ठाकुर, रमशीला बघेल, अर्चना राव, जीएस गौर, आकाश पांडेय, श्वेता सोनी, दक्षा जोशी, कृष्णा चंद्राकर, मनोज साहू, गुलाब ठाकुर, विपिन शर्मा, अनूप उपासे सहित हजारों की संख्या में श्रद्धालुगण उपस्थित रहे। उक्त जानकारी आयोजन समिति की ओर से टेकराम सेन ने दी है।

## नकारात्मक शक्ति के क्षीण होने पर होलाष्टक की होती समाप्तिःपं.आनंद



**पत्थलगांव, 18 मार्च।** होली के त्यौहार को लेकर आठ दिन पूर्व लगने वाले होलाष्टक की आज से शुरूवात हो गयी। होलाष्टक के साथ ही तीज त्यौहार एवं अन्य मांगलिक कार्यो पर भी ब्रेक लग जायेगा। होलाष्टक की समाप्ति होलिका दहन के दिन होगी। पं.आनंद शर्मा ने बताया कि चैत्र कृष्ण प्रतिपदा को अष्ट ग्रहो की नकारात्मक शक्ति के क्षींण होने पर सहज मनोभावो की अभिव्यक्ति रंग गुलाल से होली का त्यौहार प्रदर्शित किया जाता है। उन्होने बताया कि कृष्ण पक्ष की अष्टमी से लेकर होलिका दहन तक का समय धर्म शास्त्रो मे होलाष्टक का नाम दिया गया है। माना जाता है कि इस समय मे किये गये शुभ कार्य मे अपसगुन पैदा होता है,उन्होने बताया कि पुराने शास्त्रो के अनुसार इस समय भगवान शिव की तपस्या को कामदेव द्वारा भंग करने का प्रयास किया गया था,जिसके कारण भगवान शिव ने क्रोध मे आकर अष्टमी तिथी को कामदेव को भस्म कर दिया था। उनका कहना था कि होलाष्टक के दौरान शुभ कार्य वर्जित रहना धार्मिक मान्यता के अलावा ज्योतिषी मान्यता भी है,ज्योतिष शास्त्र के अनुसार अष्टमी को चंद्रमा,नवमी को सूर्य,दशमी को शनि,एकादशी को शुक्र,द्वादशी को गुरू,त्रयोदशी को बुध,चर्तुदशी को मंगल,तथा पूर्णिमा को राहु उग्र रूप मे रहते है। जिसके कारण पूर्णिमा से आठ दिन पूर्व मनुष्य का मस्तिष्क अनेक सुखद एवं दुखद आशंकाओ से ग्रसित रहता है। ज्योतिष मे इन कारणो को भी होलाष्टक मे शुभ कार्य वर्जित माना गया है।।

**डंडा स्थापित करने की परंपरा-:** रंगो का त्यौहार होली अलग-अलग प्रांतो मे अलग-अलग तरीके से मनाने की परंपरा लंबे समय से चली आ रही है। राजस्थान,हरियाणा मे होली का त्यौहार आठ दिनो पहले ही शुरू कर दिया जाता है। छत्तीसगढ मे भी क्षेत्र अनुसार होली का त्यौहार मनाया जाता है। पं.आनंद शर्मा ने बताया कि होलिका दहन एवं उसका पूजन करने से आठ दिन पूर्व उस स्थान मे गंगा जल से शुद्धिकरण करने के बाद डंडा स्थापित करने की काफी पुरानी परंपरा चली आ रही है। उनका कहना था कि डंडा स्थापित करने के बाद उस जगह पर सुखे उपले,सुखी लकडी,सुखी घांस डालकर होलिका पूजन एवं दहन की तैयारी शुरू हो जाती है।।

**विवाह,फलदान जैसे कार्यो पर भी विराम-:** पं. आनंद शर्मा ने बताया कि होलिका दहन एवं पूजन से पूर्व गांव या नगर मे जब होलिका दहन का डंडा स्थापित कर दिया जाता है तो उसके पश्चात विवाह,फलदान,सगाई जैसे मांगलिक कार्य भी वर्जित हो जाते है,उनका कहना था कि होली का पर्व एक दिन का नही बल्कि आठ दिनो का पर्व है।।

## सिविक एकशन प्रोग्राम के तहत ग्रामीणों को बांटे जीवन उपयोगी सामान



**बीजापुर, 18 मार्च (तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता)।** घोर नक्सल प्रभावित जिला बीजापुर के थाना गंगालूर अंतर्गत अतिसंवेदनशील क्षेत्र में तैनात 85 बटा0 सीआरपीएफ द्वारा नव स्थापित कैम्प स्ह्लक्क मुतवेंडी में सिविक एक्शन प्रोग्राम का आयोजन किया गया। सिविक एक्शन कार्यक्रम में मुतवेंडी के आस -पास के गॉव मुतवेंडी, चीनपारा, पटेलपारा एवं तोमापारा आदि के लगभग 150 से 200 ग्रामीणों एवं स्कूल के छात्रो ने हिस्सा लिया। 85 वी0 वाहिनी के तत्वाधान में श्री. जे0वी0 तुसिंग कमांण्डेन्ट 85 वाहिनी के दिशा निर्देशन में अत्यंत निर्धन एवं जरूरतमंद स्थानीय नागरिको एवं स्थानीय छात्रो को दैनिक उपयोगी सामग्री जिसमें बच्चो की स्कूल ड्रेस, पढ़ने के लिए पुस्तके, स्कूल बैग, स्टेशनरी सामग्री, स्कूल में छात्रों के लिए कुर्सी, बच्चो के खेलने के लिए वॉली बॉल, आम नागरिको के लिए दैनिक उपयोगी वस्तु, मच्छरो से बचाव हेतु मच्छरदानी एवं गॉव के ग्रामीणो के लिए कपडो का वितरण किया गया। इस अवसर पर श्री. अमित कुमार कमांण्डेन्ट 202 कोबरा वाहिनी, श्री नरेन्द्र सिंह (उप कमांण्डेन्ट 85), श्री. नरेन्द्र सिंह (सहा0 कमांण्डेन्ट 85) एवं अन्य कार्यकर्ता 85 वाहिनी के कार्यकर्ताओ के द्वारा सिविक एक्शन प्रोग्राम को सुचारू रूप से चलाया गया। सिविक एक्शन प्रोग्राम के समापन के दौरान श्री नरेन्द्र सिंह उप कमांण्डेन्ट 85 बटा0 सीआरपीएफ ने सभी ग्रामीणों को आश्रवस्त किया कि इस तरह के कार्यक्रमो का आयोजन समय - समय पर किया जायेगा जिससे आप सभी गॉव के पढ़ने वाले बच्चे व गॉव के आम नागरीक लाभन्वित हो सकें। मुतवेंडी के इस कार्यक्रम के दौरान श्री. अमित कुमार कमांण्डेन्ट 202 कोबरा वाहिनी, श्री नरेन्द्र सिंह उप कमांण्डेन्ट 85 बटा0, श्री. नरेन्द्र सिंह सहा0 कमांण्डेन्ट 85 बटा0 एवं अन्य अधिकारीगण तथा अधिनस्थ अधिकारीगण , जवान एवं ग्राम-सरपंच, तथा सभी गणमान्य व्यक्ति उपस्थित रहे। स्थानीय नागरीको तथा स्कूली छात्रो ने इस कार्यक्रम में बढ़चढ़ कर भाग लिया एवं 85 वी0 वाहिनी के इस प्रयास को प्रशंसा करते हुए आभार व्यक्त किया।

## लोकसभा आम निर्वाचन की घोषणा के बाद कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी ने ली प्रेसवार्ता



**बीजापुर, 18 मार्च (तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता)।** स्वतंत्र और निष्पक्ष निर्वाचन संपादित करने भारत निर्वाचन आयोग ने पूरे देश सहित छत्तीसगढ़ में होने वाले लोकसभा निर्वाचन 2024 की तारीख का एलान कर दिया है। इसी के साथ जिले में आदर्श आचार संहिता प्रभावशील हो गई है। जिले में लोकधन से लगाए गए सभी होर्डिंग, पोस्टर, बैनर आदि सार्वजनिक स्थल/भवनों से हटाना शुरू हो गया है। उक्त जानकारी कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी श्री अनुराग पाण्डेय ने प्रेसवार्ता के दौरान मीडिया प्रतिनिधियों के समक्ष साझा किया। लोकसभा आम निर्वाचन 2024 के अनुसार प्रथम चरण में 19 अप्रैल 2024 दिन शुक्रवार को मतदान की तिथि निर्धारित की गई है। भारत निर्वाचन आयोग द्वारा जारी किए गए लोकसभा आम निर्वाचन कार्यक्रम के अनुसार 20 मार्च को अधिसूचना का प्रकाशन किया जाएगा। नाम निर्देशन की अंतिम तिथि 27 मार्च है। इसी तरह नाम निर्देशन की संवीक्षा की तिथि 28 मार्च तथा अभ्यर्थियों की नाम वापसी 30 मार्च 2024 तथा मतदान की तिथि 19 अप्रैल 2024 दिन शुक्रवार को निर्धारित की गई है। इसी तरह मतगणना 04 जून 2024 को होगी संसदीय निर्वाचन क्षेत्र क्रमांक 10 बस्तर अर्न्तगत जिले के एकमात्र विधानसभा क्षेत्र क्रमांक 89 बीजापुर में कुल मतदान केन्द्र 245 है, जिसमें 22 शहरी तथा 223 ग्रामीण मतदान केन्द्र है। 8 फरवरी 2024 को मतदाता सूची का अंतिम प्रकाशन किया जा चुका है। मान्यता प्राप्त राजनीतिक दलों को इसकी एक प्रति उपलब्ध करा दी गई है। विधानसभा क्षेत्र क्रमांक 89 बीजापुर में कुल पुरुष मतदाता 81981, महिला मतदाता 88460 सहित अन्य 08 मतदाताओं सहित कुल 170449 मतदाता है। जिले के मतदाताओं का लिंगानुपात 1078 है। वहीं 246 सर्विस वोटर 15 मार्च 2024 की स्थिति में है। दिव्यांग मतदाताओं की कुल संख्या 1603 वेबकास्टिंग हेतु चयनित 59 मतदान केन्द्र हैं एवं 64 मतदान केन्द्रों मे विडियोग्राफी की जाएगी। दिव्यांगजनों द्वारा संचालित 01 मतदान केन्द्र है।

## जिले के शस्त्र लाइसेंस धारकों के शस्त्र लाइसेंस निलंबित

**बीजापुर 18 मार्च ।** कलेक्टर एवं जिला दण्डाधिकारी श्री अनुराग पाण्डेय द्वारा आगामी लोक सभा निर्वाचन हेतु कार्यक्रम की घोषणा तिथि से आदर्श आचार संहिता के प्रभावशील होने के फलस्वरूप निष्पक्ष तथा शांतिपूर्ण निर्वाचन सुनिश्चित करने हेतु तथा लोक शांति की सुरक्षा (सिक्योरिटी ऑफ पब्लिक पीस) एवं आम व्यक्ति की सुरक्षा (फॉर पब्लिक सेफ्टी) की दृष्टि से सीमित अवधि के लिए बीजापुर जिला अंतर्गत समस्त क्षेत्र में आग्नेय अस्त्र लायसेसिंयो से जमा कराने हेतु आदेश जारी किया है। ताकि चुनाव प्रकिया के दौरान भय एवं आंतक का वातावरण न हो सके तथा इन अस्त्रो के संभावित दुरुपयोग को रोका जा सके।अतः आयुध अधिनियम 1959 की धारा 17 उपधारा (3) के उप क्लाज (बी) धारा-21 के तहत् बीजापुर जिला अंतर्गत समस्त क्षेत्र में रहने वाले समस्त शस्त्र लायसेंसियो को आदेशित किया है कि वे अपने-अपने आग्नेय अस्त्र-शस्त्र नजदीकी पुलिस स्टेशन में सात दिवस अंदर जमा करवायें इसके अतिरिक्त लायसेंसी अपने शस्त्र संबंधित शस्त्र डीलर जिनके पास शस्त्र डिपोजिट करने अनुज्ञप्ति है। वहा भी जमा कर सकतें हैं ।

# लोकसभा निर्वाचन कार्यक्रम की घोषणा, जिले में आदर्श आचार संहिता प्रभावशील


## कलेक्टर ने ली मान्यता प्राप्त राजनैतिक दलों के प्रतिनिधियों की बैठक



**रायगढ़, 18 मार्च।** भारत निर्वाचन आयोग द्वारा छत्तीसगढ़ लोकसभा निर्वाचन-2024 के कार्यक्रम की घोषणा के साथ ही रायगढ़ जिले में आदर्श आचार संहिता प्रभावशील हो चुकी है। कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी श्री कार्तिकेया गोयल ने आज कलेक्ट्रेट सभाकक्ष में मान्यता प्राप्त राजनीतिक दलों के प्रतिनिधियों की बैठक लेकर जिले में निर्वाचन कार्यक्रम व आदर्श आचार संहिता के बारे में विस्तार से जानकारी दी। बैठक में पुलिस अधीक्षक श्री दिव्यांग पटेल, सीईओ जिला पंचायत श्री जितेन्द्र यादव, अपर कलेक्टर एवं उप जिला निर्वाचन अधिकारी श्री राजीव कुमार पाण्डेय उपस्थित रहे। कलेक्टर श्री गोयल ने राजनीतिक दलों के प्रतिनिधियों को जानकारी देते हुए बताया कि भारत निर्वाचन आयोग द्वारा जारी कार्यक्रम के अनुसार अधिसूचना का प्रकाशन 12 अप्रैल 2024 को निर्धारित किया गया है। इसी तरह नामांकन दाखिल करने की अंतिम तिथि 19 अप्रैल, नामांकन पत्रों की संवीक्षा 20 अप्रैल, नाम वापसी की अंतिम तिथि 22 अप्रैल है। 7 मई को मतदान तिथि एवं 4 जून 2024 को मतगणना की तिथि निर्धारित है। इसके साथ ही लोकसभा क्षेत्र क्रमांक 2 रायगढ़ (अजजा)में कुल 8 विधानसभा क्षेत्र क्रमांक 12 से 19 के लिए 2367 मतदान केन्द्र बनाए गए है। निर्वाचन आयोग के निर्देशानुसार संसदीय क्षेत्र के 50 प्रतिशत मतदान केन्द्रों में मतदान दिवस को लाईव वेबकास्टिंग की जाएगी। उन्होंने बताया कि रायगढ़ लोकसभा क्षेत्र क्रमांक 2 रायगढ़ अंतर्गत जशपुर, कुनकुरी, पत्थलगांव, लैलूंगा, रायगढ़, सारंगढ़, खरसिया एवं धरमजयगढ़ विधानसभा शामिल है, निर्वाचन में तीन जिले संलग्न है। जिसमें कुल 18 लाख 29 हजार 67 पंजीकृत मतदाता है। इसमें 9 लाख 4 हजार 355 पुरूष मतदाता, 9 लाख 24 हजार 663 महिला मतदाता तथा 49 तृतीय लिंग शामिल है। लोकसभा निर्वाचन क्षेत्र क्रमांक 2 अंतर्गत 2287 सेवा मतदाता तथा चिन्हांकित दिव्यांग मतदाताओं की संख्या 23 हजार 71 है। 8 फरवरी को 2024 को निर्वाचक नामावली का अंतिम प्रकाशन किया गया। उन्होंने बताया कि मतदाता सूची में नाम जुड़वाने का कार्य नामांकन भरने के पूर्व तक जारी रहेगा। जिसमें कोई भी व्यक्ति ऑनलाइन अथवा ऑफलाइन माध्यम से नाम जुड़वाने के लिए आवेदन कर सकते है। नाम निर्देशन व्यवस्था के संबंध में जानकारी देते हुए बताया कि नाम निर्देशन पत्र कलेक्ट्रेट रायगढ़ में कक्ष क्रमांक 2 कलेक्टर न्यायालय में सार्वजनिक अवकाश की तिथियों को छोड़कर अधिसूचना अनुसार निर्धारित तिथियों में प्रातः 11 से अपरान्ह 3 बजे के मध्य प्राप्त किए जायेंगे। नाम निर्देशन के लिए अभ्यर्थी सहित अधिकतम 5 व्यक्ति ही नामांकन कक्ष में प्रवेश कर सकेंगे। नामांकन कक्ष में मोबाइल फोन का उपयोग प्रतिबंधित रहेगा। संसदीय क्षेत्र के सभी विधानसभा क्षेत्रों में मतदान हेतु जागरूक करने के लिए स्वीप कार्यक्रम चलाये जायेंगे। मान्यता प्राप्त राजनीतिक दल के लिए स्टार प्रचारक की संख्या 40 होगी, जबकि गैर मान्यता प्राप्त राजनीतिक दलों के लिए यह संख्या 20 होगी। कलेक्टर श्री गोयल ने अधिकारिक शासकीय वाहनों के उपयोग, सरकारी खर्चो पर विज्ञापन, चुनाव प्रचार के लिए वाहनों की अनुमति, आमसभा, रैली, रोड शो की अनुमति, लाउड स्पीकर एवं अस्थायी प्रचार कार्यालयों की अनुमति के संबंध में भी विस्तृत जानकारी दी। निर्वाचन व्यय अनुवीक्षण के संबंध में उन्होंने कहा कि अभ्यर्थी पृथक बैंक अकाउंट नामांकन दाखिल करने से पूर्व खोलना होगा। साथ ही नाम निर्देशन की तारीख से लेकर परिणाम की घोषणा तक समस्त व्यय उक्त अकाउंट से किया जाएगा। पूरे प्रचार अवधि के दौरान अधिकतम 10 हजार रुपये नगद व्यय किया जा सकता है। उन्होंने जानकारी दी कि अभ्यर्थी द्वारा किए जाने वाले निर्वाचन व्यय की सीमा 95 लाख रूपये होगी। उन्होंने बताया कि ईवीएम, वीवीपैट की एफ़एल सी का कार्य किया जा चुका है। जिले में पर्याप्त इलेक्ट्रॉनिक वोटिंग मशीन उपलब्ध है।

इस अवसर पर श्री आशीष शर्मा, श्री मनीष पाण्डेय, श्री मनीष गांधी, श्री राजेश पाण्डेय, श्री गोपाल बापोड़िया, श्री प्रताप खलखो, श्री इंनोसेंट कुजूर तथा श्री प्रिंकल दास उपस्थित रहे।

जिले में आदर्श आचार संहिता प्रभावशील -कलेक्टर श्री गोयल ने जानकारी देते हुए बताया कि निर्वाचन की घोषणा के साथ ही जिले में आदर्श आचार संहिता प्रभावशील हो गई है एवं निर्वाचन प्रक्रिया समाप्त होने तक प्रभावशील रहेगी। आचार संहिता की प्रभावी क्रियान्वयन के लिए कार्यवाही सुनिश्चित की जा रही है। जिसके तहत संपत्ति विरूपण के तहत 24 घंटे के अन्दर सभी सरकारी कार्यालयों एवं परिसर के दीवारों पोस्टर, बैनर, लेखन, कटआउट, होर्डिंग, झंडे हटाया जा रहा है, इसी प्रकार सार्वजनिक संपत्ति का विरूपण और सार्वजनिक स्थल का दुरुपयोग के तहत 48 घंटे के भीतर सार्वजनिक स्थलों जैसे रेलवे स्टेशन, बस स्टैंड, रेलवे पुल, सड़क मार्ग, सरकारी बसें, बिजली-टेलीफोन के खंभे, नगर पालिका, स्थानीय निकायों के भवनों से अनाधिकृत राजनीतिक विज्ञापन, दीवार लेखन, पोस्टर, स्टीकर, कटआउट, होडिंग बैनर आदि को हटाया जाएगा।



### चंदनताल स्थित शिव मंदिर में हर सोमवार महाआरती का आयोजन

**खरसिया।** चंदनताल स्थित शिव मंदिर में हर सोमवार को भगवान भोलेनाथ की महाआरती एवं पूजा पूजा-अर्चना की जा रही है। पंडित राजू शर्मा द्वारा हर सोमवार बाबा का अलौकिक श्रृंगार किया जाता है। विदित हो की नगर में स्थित शिवालयों में जगह-जगह भगवान महाकाल की महाआरती का आयोजन हर सोमवार को किया जाता है। इसी क्रम में में आज सोमवार रात्रि 7 बजे बाबा भूतेश्वर की महाआरती के लिए मंदिर सज-धज कर तैयार है। सभी भक्तगण महाआरती में सम्मिलित हो कर पुण्य के भागी बने।

### कलेक्टर ने ली राजनीतिक दलों की बैठक



**जगदलपुर 18 मार्च ।** कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी श्री विजय दयाराम के. ने भारत निर्वाचन आयोग द्वारा छत्तीसगढ़ राज्य के लोकसभा क्षेत्र 10 बस्तर (अ.ज.जा) हेतु लोकसभा निर्वाचन 2024 के कार्यक्रम की घोषणा के उपरांत शनिवार को राजनीतिक दलों की बैठक ली। बैठक में कलेक्टर ने निर्वाचन की तिथि, मतदान केंद्रों, निर्वाचक नामावली,नाम निर्देशन व्यवस्था, प्रचार-प्रसार, आदर्श आचार संहिता के बिंदु, निर्वाचन व्यय अनुवीक्षण, एमसीएमसी के तहत विज्ञापन का प्रमाणन सहित अन्य आवश्यक जानकारी दी गई। इस अवसर पर पुलिस अधीक्षक श्री शलभ सिन्हा, उप जिला निर्वाचन अधिकारी श्री प्रवीण वर्मा सहित राजनीतिक दल बीजेपी, कांग्रेस, बीएसपी, आप के प्रतिनिधि उपस्थित रहे।

### आदर्श आचार संहिता लगने के बाद जिले में हो रहे है कर्मचारियों के स्थानांतरण और पोस्टिंगः विक्रम



**बीजापुर, 18 मार्च।** बीजापुर के विधायक विक्रम मंडावी ने एक प्रेस विज्ञप्ति जारी कर कहा कि देश में जहां एक ओर आदर्श आचार संहिता लागू हो गया है। और दूसरी ओर स्कूली बच्चों के परीक्षाएँ हो रही है, ऐसे समय में जिले में लगातार कर्मचारियों के स्थानांतर और पोस्टिंग हो रही है। विक्रम मंडावी ने कहा कि पूर्व विधायक महेश गागड़ा जब से चुनाव हारे हैं तब से जिले में बदले की भावना से काम कर रहे है। और जिले के कर्मचारियों को प्रताड़ित कर रहे है। जारी प्रेस विज्ञप्ति में बीजापुर के विधायक विक्रम मंडावी ने कहा कि स्कूली बच्चों के परीक्षाओं के बीच कर्मचारियों की हो रही स्थानांतरण मामले को लेकर भारत निर्वाचन आयोग में शिकायत की जाएगी।

# छात्रों के कबाड़ से जुगाड़ में दिखी विज्ञान माडल की झलक

## ररूहाराम वर्मा शासकीयपूर्व माध्यमिक शाला नेवरा में कबाड़ से जुगाड़, हस्तलिखित पुस्तिका एवं आनंद मेले का किया गया आयोजन

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

**तिल्दा नेवरा, 18 मार्च।** डॉ राजेश कुमार चंदानी प्राचार्य एवं संगीता रानी जेहोआश वरिष्ठ शिक्षिका के मार्गदर्शन में ररूहा राम वर्मा शासकीय पूर्व माध्यमिक शाला नेवरा क्रमांक 1 में कबाड़ से जुगाड़ हस्त लिखित पुस्तिका एवं आनंद मेला का आयोजन किया गया जिसमें मुख्य अतिथि थे ईश्वर यदु भाजपा मंडल अध्यक्ष, सौरभ जैन भाजपा मंडल महामंत्री सुरेश लखवानी, दीपक चैसवानी, संकुल प्राचार्य डॉक्टर राजेश कुमार चंदानी, बी ई ओ एल के जाहिरे बीएआर सी सी संतोष शर्मा एस एम सी अध्यक्ष तीजन बाई नौरंगे, सदस्य पुष्पा मानिकपुरी, , आदि उपस्थित थे कार्यक्रम का शुभारंभ छात्रों द्वारा बनाए गए कबाड़ से जुगाड़ मेले से किया गया जिसमें छात्रों के द्वारा बनाए गये विभिन्न मॉडल जैसे जेसीबी मशीन श्वशन तंत्र वैक्यूम किलर, गोबर गैस बनाने की विधि,





पौधा घर का प्रभाव, चंद्रयान 3, चुकंब एवं गुब्बारा से चलता फिरता कार ज्वालामुखी, पानी गर्म करने का हीटर मशीन, वेल्डिंग मशीन, रसोईघर की चिमनी आदि जैसे मॉडल अतिथियों को बहुत प्रभावित किया रोबोट के द्वारा अतिथियों से सवाल किया गया जो बहुत ही आकर्षण का केंद्र रहा कबाड़ से जुगाड़ द्वारा निर्मित मॉडलों को देखकर कहा कि हम जिस प्रकार बेकार हुए वस्तुओं से अपने लायक उपयोगी या नया वस्तु तैयार कर सकते हैं, और इसे अपने घर पर या अध्ययन अध्यापन में टीम का निर्माण कर छात्रों को बेहतर ढंग से जानकारी दी जा सकते हैं ऐसे कार्यक्रम से बच्चों में छिपी प्रतिभा को उजागर करने में एवं उसके वैज्ञानिक सोच को बाहर निकलने में सहायक होती है और यही छोटे-छोटे अविष्कार या कार्य ही बड़े आविष्कार को जन्म देती हैं बच्चों की ऐसी प्रतिभा को सभी अतिथियों के द्वारा भूरी- भूरी प्रशंसा की गई साथ यह भी कहा कि अपने कार्य को सतत बनाए रखना है उसके बाद आनंद मेला में बच्चों के द्वारा कचौड़ी, भेलपुरी, इटली, पानी पुरी जलजीरा, चाय आदि रखा गया था जिसका सभी ने आनंद लिया ऐसे कार्यक्रम आयोजन करने पर अतिथियों के द्वारा समस्त स्टाफ को बहुत-बहुत बधाई दी गई।, कामिनी देवांगन, संध्या वर्मा तुलसी गेन्डरे एवं प्यारे बच्चों का विशेष योगदान रहा इस कार्यक्रम में संकुल बीएनबी के समस्त शिक्षक एवं बीएनबी हायर सेकेंडरी स्कूल के समस्त शिक्षक तिल्दा बस्ती के शिक्षक पालकगण एवं गणमान्य नागरिको के द्वारा अवलोकन कर आनंद मेला का आनंद लिया।

## एक नजर

### आचार संहिता प्रभावी होते ही संपत्ति विरूपण पर कार्रवाई शुरू



**बलौदाबाजार 18 मार्च (तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता)।** भारत निर्वाचन आयोग द्वारा 16 मार्च को प्रेस कॉन्फ्रेंस आयोजित कर लोकसभा आम चुनाव की तिथियों की घोषणा की गई। इसके साथ ही आदर्श आचरण संहिता भी जिले में प्रभाशील हो गई। जिला निर्वाचन अधिकारी एवं कलेक्टर के एल चौहान के निर्देशानुसार सभी नगरीय निकायों, जनपद मुख्यालयों तथा ग्राम पंचायतों के सभी शासकीय भवनों से संपत्ति विरूपण पर टीम द्वारा कार्यवाही शुरू कर दी गई। इसके तहत सभी शासकीय भवनों सार्वजनिक स्थानों पर लगे बैनर, हॉर्डिंग्स, फिलक्स, झंडा, पोस्टर आदि को हटाया जा रहा है। इसके साथ ही दीवार लेखन को भी मिटाया जा रहा है। निर्वाचन आयोग के निर्देशानुसार आचार संहिता प्रभावी होने के 48 घंटे के अंदर सभी शासकीय भवनों से, 72 घंटे के अंदर सार्वजनिक स्थानों से तथा निजी भवनों से 96 घंटे के अंदर संपत्ति विरूपण पर कार्यवाही पूरा करना है।

### रिश्वतखोर पटवारी को कलेक्टर ने किया निलंबित

**बलौदाबाजार 18 मार्च (तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता)।** रिश्वत लेने के गंभीर शिकायत पर ग्राम सरखोर में पदस्थ पटवारी बृहस्पत प्रधान को कलेक्टर के एल चौहान ने निलंबित किया है। आवेदक चंदराम वर्मा पिता शिवकुमार वर्मा निवासी ग्राम पोस्ट सरखोर जिला-बलौदाबाजार- भाटापारा द्वारा अपने कथन में लेख किया गया है कि सरवन धीवर पिता पंचराम निवासी ग्राम सरखोर तहसील लवन से ग्राम सरखोर स्थित भूमि खसरा नंबर 1765/3, 1765/10 रकबा लगभग 19 डिसमिल कय किया गया। जिसकी रजिस्ट्री दिनांक 13.02.2024 को हुआ हैं, रजिस्ट्री के पश्चात कय की गई भूमि को नामांतरण करने तथा ऋण पुस्तिका में दर्ज कराने हेतु हल्का पटवारी बृहस्पत प्रधान के पास दस्तावेज सहित उपस्थित हुआ था। उक्त कय भूमि को उनके ऋणपुस्तिका में दर्ज करने के एवज में बृहस्पत प्रधान, पटवारी द्वारा आवेदक चंदराम वर्मा पिता शिवकुमार वर्मा से 5 हजार रूपये की मांग की गई। जो कि छ.ग. सिविल सेवा आचरण नियम 1965 के नियम 3 के (1) (2) एवं (3) के सर्वथा विरूध्द है। अतः छ.ग. सिविल सेवा वर्गीकरण नियंत्रण एवं अपील 1966 के नियम 9 अनुसार तत्काल प्रभाव से बृहस्पत प्रधान पटवारी, पटवारी हल्का नंबर 47 सरखोर तहसील लवन को निलंबित करते हुए उनका मुख्यालय अनुविभागीय अधिकारी (रा) बलौदाबाजार नियत किया जाता है।



**तिल्दा-नेवरा, 18 मार्च (तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता)।** कांग्रेस के लोकसभा प्रत्याशी विकास उपाध्याय ने तिल्दा ब्लॉक कांग्रेस व शहर कांग्रेस की बैठक में लोकसभा चुनाव के लिए समर्थन मांगा। महंगाई के विरोध में मशाल जुलूस निकालकर केंद्र की भाजपा सरकार को बदलने का आह्वान किया।

### बेमेतरा से सिमगा आ रही बस पुल पर गाय को बचाने के चक्कर में हुई दुर्घटनाग्रस्त

# शिवनाथ नदी में बस पलटी, 32 घायल 6 गंभीर रायपुर रिफर





■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

**सिमगा, 18 मार्च।** बेमेतरा से सिमगा आ रही बस शिवनाथ नदी के पुल में गाय को बचाने के चक्कर में पुल के नीचे गिर कर पलट गई। जिसमें बस में सवार सभी यात्री घायल हुए उनमें से 6 की स्थिति गंभीर होने के कारण उन्हें रायपुर रिफर किया गया है।

घटना की जानकारी मिलते ही तत्काल 108 एंबुलेंस घटनास्थल पर पहुंची उनके उनके साथ नगर के युवा भी मौजूद थे जो घायलों को बस से निकालने में मदद कर रहे थे। दुर्घटना ग्रस्त बस यदि नदी में गिरता तो एक बड़ी घटना घटने की संभावना थी। क्योंकि नदी पानी भरा हुआ है।

आज रविवार की दोपहर लगभग 3:00 बजे बेमेतरा जिला के ग्राम मटका से छट्टी कार्यक्रम के लिए बागेश्वर ध्रुव अपने परिवार सहित बस क्रमांक सीजी 07 ई 1491 सिमगा ब्लाक के ग्राम कामता में कलीराम ध्रुव के यहां जा रहे थे। बस में लगभग 45 लोग सवार थे जिसमें शिवानी ध्रुव, उर्मिला सेन, फैसिया बाई ध्रुव, टिकेश्वर ध्रुव, मंटोरा, कल्याणी साहू, के सिर एवं में गंभीर चोटें आई है। जिसे सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र सिमगा में प्राथमिक उपचार के बाद रायपुर रिफर किया गया। शेष घायलों का इलाज सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में किया जा रहा है।

## ट्रक ने मोटरसाइककिल सवारों को लिया चपेट में, एक की मौत, एक घायल

**भाटापारा, 18 मार्च (तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता)।** बलौदाबाजार रोड मे ट्रक हाईवा ने दो मोटर सायकल सवार दो लोगो को अपनी चपेट मे ले लिया जिससे मृतक का नाम मनीराम यादव पिता धनेश यादव उम्र 35 साल पता मेहता नगर की मौत हो गई वही शिवदयाल साहू पिता सीपत साहू उम्र 39 साल पता गोरदी गंभीर रूप से घायल हो गया। मनीराम यादव अपने मोटर सायकल क्रमांक सीजी-22-5727 यामहा से बलौदाबाजार की ओर से भाटापारा की ओर आ रहे थे तथा ट्रक क्रमांक सीजी-28-



पी-1898 बलौदाबाजार से भाटापारा की ओर जा रहे थे तथा शिवदयाल साहू अपने मोटर सायकल क्रमांक सीजी-22-एम-9513 से बलौदाबाजार की ओर जा रहा था कि बलौदाबाजार मेन रोड पटपर शमसान घाट के पास पहचे थे उसी समय 14/15 बजे ट्रक क्रमांक सीजी-28-पी-1898 बजे ट्रक के चालक द्वारा अपने वाहन को तेजी एवं लापरवाही उपेक्षा पूर्वक चलाकर मोटर सायकल क्रमांक सीजी-22-एम-9513 को एक्सीडेंट किया है जिससे ट्रक के सामने दाहिना चक्का में मनीराम यादव का सिर का दबने से मृत्यु हुई है तथा सीजी-22-एम-9513 को भी ठोकर लगा जिससे उसके चालक शिवदयाल साहू को चेहरा में चोट आयी है। आरोपी ट्रक क्रमांक सीजी-28-पी-1898 के चालक के विरुद्ध थाना भाटापारा ग्रामीण मे धारा 279 337 304 ए क़ायम कर विवेचना में लिया गया है।

## जमीन नहीं बेचने देने पर कलयुगी बेटे ने की पिता की हत्या

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

**बलौदाबाजार, 18 मार्च।** बलौदाबाजार पुलिस ने जमीन बेचने नहीं देने पर अपने पिता की हत्या करने वाले आरोपित जितेन्द्र उर्फ भोलाराम वर्मा (45) पिता चिंतामणी वर्मा निवासी रिसदा को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया है।

मामले का संक्षिप्त विवरण इस प्रकार हैं कि थाना के मर्ग क्रमांक 36/2024, धारा 174 द.प्र.सं. की सूचक कुमारी वर्मा ने देहाती मर्ग इंटीमेशन पर मौखिक रिपोर्ट दर्ज करायी कि इसके पति चिंतामणी वर्मा को दिनांक 15.03.2024 के लगभग 05:30 बजे के पूर्व ठोस एवं धारदार वस्तु से उसे मारकर चोट पहुंचाने से उसकी मृत्यु हुई हैं, रिपोर्ट पर मर्ग कायम कर जांच में लिया गया, मृतक चिंतामणि वर्मा पिता मेघनाथ वर्मा, उम्र 66 वर्ष, ग्राम रिसदा की जांच किया। मृतक चिंतामणि वर्मा के शव का निरीक्षण किया। मृतक के सिर में दाहिने तरफ ठुड्डी के नीचे बाएं तरफ दो गंभीर चोट के घाव और गले में चोट, खरोच रगड़ने का निशान, दाहिने कंधे पर चोट के निशान होना जो कोई



ठोस वस्तु धारदार वस्तु से ही मारने से ही गंभीर चोट आना जिसके चलते मृतक चिंतामणि की मृत्यु होना। घटना स्थल में ही खून लगे कपड़ा, एक बाल्टी जिसमें खून लगा हुआ पाया गया। मर्ग के सूचक कुमारी बाई वर्मा, पंचान मनोज वर्मा, संजय कुमार वर्मा, किरीत राम वर्मा से पूछताछ कर कथन लिया गया जिसमें सभी ने बताये कि मृतक का पुत्र जितेन्द्र वर्मा कुछ वर्षो से कर्ज से लदा हुआ है जिसमें से पूर्व में मृतक के द्वारा अपनी जमीन बेचकर पटाया था। कुछ बाकी रकम के लिये जितेन्द्र वर्मा द्वारा मृतक के नाम की जमीन को विक्रय करने के लिये दबाव बना रहा था जिसे मृतक चिंतामणि वर्मा मना करता था जिससे आरोपी हमेशा गुस्से में रहता था जो अवसर की तलाश में रहता था कि दिनांक 15/03/2024 को सुबह लगभग 05:30 बजे चिंतामणि वर्मा अपने बाड़ी में बने हुए लैटरिंग रूम में शौच के लिये गया उसी समय अंधेरे का फायदा उठाकर जितेन्द्र वर्मा ने चिंतामणि वर्मा की हत्या करने की नियत से कोई ठोस एवं धारदार वस्तु से चिंतामणि वर्मा के मुंह के नीचे, सिर में, दाहिने कंधे में मारकर गंभीर चोट पहुंचाया जिससे चिंतामणि वर्मा की मौके पर मृत्यु हो गई और उसे लैटरिंग रूम के पास ले जाकर रख दिया कि मर्ग जांच पर जितेन्द्र वर्मा के द्वारा धारा 302 भादवि का अपराध घटित करना पाये जाने से आरोपी के विरुद्ध अपराध कायम कर विवेचना में लिया गया। प्रकरण की विवेचना में आरोपी जितेन्द्र वर्मा पिता चिंतामणी वर्मा, उम्र 45 वर्ष, साकिन रिसदा के द्वारा अपने पिता से कर्जा पटाने के लिए पिताजी के नाम की कृषि भूमि को विक्रय करने के लिए कहा किन्तु मृतक द्वारा मना करने पर मृतक की हत्या करने की नियत से उसे ठोस एवं धारदार वस्तु से आरोपी द्वारा मारपीट कर चोट पहुंचाने से उसकी मृत्यु होना एवं प्रकरण में एफएसएल यूनिट एवं डॉग स्क्वॉड का परीक्षण, गवाहों का कथन एवं विवेचना पर आरोपी जितेन्द्र वर्मा के द्वारा अपराध धारा का अपराध घटित करना पाये जाने से आज दिनांक 16.03.2024 के 12:45 बजे गिरफ्तार कर ज्युडिशियल रिमाण्ड पर भेजा गया।

### छत्तीसगढ़ सीमेंट ट्रांसपोर्ट वेलफेयर एसोसिएशन की बैठक आयोजित

# स्थानीय ट्रक ड्राइवरों व मालिकों को प्राथमिकता दिये जाने प्रस्ताव पारित

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

**बलौदाबाजार, 18 मार्च।** छत्तीसगढ़ सीमेंट ट्रांसपोर्ट वेलफेयर एसोसिएशन की बैठक गत दिनों बलौदा बाजार के होटल गौरव प्राइड में आहूत की गई उपरोक्त बैठक में बिलासपुर, कोरबा, रायपुर, भिलाई, दुर्ग, राजनांदगांव सहित विभिन्न संभाग के अधिकृत परिवहन कर्ताओं ने भाग लिया।

बैठक में सर्वसम्मति से निम्नानुसार निर्णय पारित किया गया जिसमें मुख्य रूप से स्थानीय मजदूर ट्रक ड्राइवर, मोटर मालिकों एवं परिवहनकर्ताओं को पर्याप्त रोजगार के अवसर मिल सके, इस हेतु छत्तीसगढ़ सीमेंट ट्रांसपोर्ट वेलफेयर एसोसिएशन ने सर्वसम्मति से यह निर्णय पारित किया है कि विभिन्न संयंत्र द्वारा भेजे जा रहे क्लिंकर डिस्पैच का 50त्न परिवहन सड़क मार्ग से किया जावे ताकि स्थानीय लोगों को पर्याप्त



रोजगार के अवसर प्राप्त हो सके बैठक में सर्वसम्मति से यह भी निर्णय लिया गया कि जीपीएस शुल्क का वहन ट्रक मालिकों एवं परिवहनकर्ताओं के द्वारा वहन नहीं किया जाएगा और उचित समय पर गाड़ी नहीं खाली होने की स्थिति में 5000 रुपए प्रति दिन हल्टिंग चार्ज देने की मांग की गई।

उपरोक्त बैठक में अंजय शुक्ला, अध्यक्ष छत्तीसगढ़ सीमेंट ट्रांसपोर्ट वेलफेयर एसोसिएशन, बलौदा बाजार ट्रक मालिक संघ के अध्यक्ष संजीव सिंह, बलकर एसोसिएशन के अध्यक्ष मलकीत सिंह, सहित छत्तीसगढ़ सीमेंट ट्रांसपोर्ट वेलफेयर एसोसिएशन से अशोक जैन, सुधीर अग्रवाल, अमित सूरी, अरुण तुलस्यान, अचलजीत सिंह भाटिया, सुब्रत डे, इंद्रजीत सिंह छोटू, रितेश जैन, श्रीजीत ट्रांसपोर्ट, जितेंद्र यादव, शिव सिंह, गणेश प्रसाद जायसवाल, सनोज सिंह, पंकज सिंह, संदीप सिंह, जसवंत सिंह सैनी, संजय झुनझुनवाला, वैभव जग्गी, अनिल शर्मा, राजू परवानी, जगदीश सिंघानिया, सहित काफी संख्या में परिवहनकर्ता ट्रक मालिक उपस्थित थे।

## समाचार संक्षेप

### होली पर 25 मार्च को शुष्क दिवस घोषित

**बलौदाबाजार, 18 मार्च (तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता)।** छत्तीसगढ़ शासन वाणिज्यिक कर (आबकारी) विभाग के निर्देशानुसार कलेक्टर एवं जिला दण्डाधिकारी के.एल.चौहान ने 25 मार्च 2024 होली ( जिस दिन रंग खेला जायें) के अवसर पर संपूर्ण जिले में संचालित समस्त देशी विदेशी एवं कम्पोजिट मंदिरा दुकानें को पूर्णतः बंद रखने हेतु शुष्क दिवस घोषित किया है। कलेक्टर एवं जिला दण्डाधिकारी के.एल.चौहान ने छत्तीसगढ़ आबकारी अधिनियम 1915 की धारा 24 की उप धारा (1) में प्रदत्त शक्तियों का प्रयोग करते हुये जिले में संचालित समस्त देशी/विदेशी मदिरा एवं कम्पोजिट मदिरा की फुटकर दुकानों, क्लब आदि जैसे एफ.एल.-1 (घघ), सी.एस.-2 (घघ) एवं सी.एस.-2 (घघ-कम्पोजिट) तथा मद्यभण्डारण- भाण्डागार को 25 मार्च 2024 (कुल 1 दिवस) सम्पूर्ण दिवस के लिए शुष्क दिवस घोषित किया है। उक्त अवधि में जिले के समस्त देशी, विदेशी एवं कम्पोजिट मदिरा की फुटकर दुकानों, क्लब एवं मद्यभण्डारण- भाण्डागार को बंद किया जाना तथा मदिरा के विक्रय, विनिर्माण, संग्रहण, धारण, परिवहन पर पूर्ण प्रतिबंध लगाया जाना सुनिश्चित् किया जाना है।

### बैठक में शामिल होने कांग्रेस प्रत्याशी उपाध्याय पहुंचे भाटापारा, आमजनों से किया संपर्क



**भाटापारा, 18 मार्च (तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता)।** रायपुर लोकसभा के कांग्रेस प्रत्याशी विकास उपाध्याय सोमवार सुबह लोकल ट्रेन से रायपुर से यहां पहुंचे जहां रेल्वे स्टेशन मे बडी संख्या मे मौजूद कांग्रेस जनो ने उनका स्वागत किया। इसके बाद वे पैदल कांग्रेस जनो के साथ आम लोगो से भेंट किया। इस दौरान विधायक इन्द्र साव, सतीश अग्रवाल, पूर्व मण्डी अध्यक्ष सुशील शर्मा, विधायक प्रतिनिधि दिवाकर मिश्रा, राधेश्याम शर्मा फग्गा महराज, अरूण यादव, प्रदीप शर्मा, दाऊ संतोष अग्रवाल, सोनू शर्मा, मनमोहन कुर्रे, के अलावा बडी संख्या मे कांग्रेस के लोग उपस्थित रहे कांग्रेस प्रत्याशी घोषित होने के बाद विकास उपाध्याय कांग्रेस जनो की बैठक मे आज यहां पहुंचे सुबह 8 :30 बजे वे यहां पहुंचने के बाद लोगो से सघन जनसंपर्क किया इस दौरान वे शहर के कई स्थानो मे पहुंचकर उनसे भेंट कर सहयोग मांगा वही दोपहर 12 बजे लोकसभा चुनाव के लिए पद्मारिसार्ट मे कांग्रेस जनो की बैठक मे शामिल हुए।

### मालधक्का रेक पाईंट के पास तलवार लहराकर लोगों को डरा रहे आरोपित को पुलिस ने किया गिरफ्तार

**भाटापारा, 18 मार्च (तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता)।** माल धक्का रेक पाईंट के पास तलवार लहराने वाले एक आरोपी को शहर थाना टी.आई.योगिताबाली खापर्डे ने गिरफ्तार किया। टी.आई.ने बताया माल धक्का रेक पॉइंट भाटापारा में आम लोगों को भयभीत करने के उद्देश्य से, तलवार लेकर घूमने वाले आरोपी के विरुद्ध आर्म्स एक्ट के तहत कार्यवाही की गई माल धक्का रेक



पॉइंट के पास एक व्यक्ति द्वारा धारदार तलवार लेकर लोगों को डराया जा रहा है, कि सूचना पर थाना शहर से प्रधान आरक्षक भूखन लाल वर्मा के साथ पुलिस बल द्वारा तत्काल घटनास्थल पहुंच आरोपी द्वारिका प्रसाद उर्फ गोलू गुप्ता को तलवार के साथ पकड़ा गया। कि आरोपी के विरुद्ध 133/2024 धारा 25, 27 आर्म्स एक्ट का अपराध पंजीबद्ध कर एवं विधिवत कार्यवाही कर आरोपी को न्यायालय के समक्ष प्रस्तुत किया।

### आदर्श विद्यालय में हुई राष्ट्रव्यापी बुनियादी साक्षरता परीक्षा



**छुरा, 18 मार्च (तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता)।** राष्ट्रीय स्तर पर छत्तीसगढ़ में शत प्रतिशत साक्षर करने के उद्देश्य से अनेक प्रकार की योजना चलाई जा रही है। शासन के आदेशानुसार उल्लास नवभारत कार्यक्रम अंतर्गत राष्ट्रव्यापी बुनियादी साक्षरता एवं संख्यात्मक ज्ञान मूल्यांकन परीक्षा आदर्श पूर्व माध्यमिक शाला छुरा में आयोजित की गई। साक्षरता परीक्षा 2024 में 11 परीक्षार्थी सम्मिलित हुए। जिला शिक्षा अधिकारी कार्यालय से एडीपीओ बुद्धविलास सिंह, ब्लाक डीपीओ किशन धीतेश एवं संकुल समन्वयक शंकर लाल यदु द्वारा परीक्षा का औचक निरीक्षण किया गया ।परीक्षा की गंभीरता को देखते हुए प्रधानपाठक निर्भय राम ठाकुर, वरिष्ठ शिक्षक मुरारी राम देवांगन द्वारा गोपनीयता के साथ संचालन की समुचित व्यवस्था किया गया था। शिक्षक उमेश कुमार ढीढी, सुशील कुमार पांडे, चंद्रभुषण निषाद, करूणा वर्मा, अर्जुन धनंजय सिन्हा और पीली बाई द्वारा परीक्षा आयोजित करने में महत्वपूर्ण योगदान रहा। राधा बाई, टंकेश्वरी ध्रुव, अहिल्या, कुमारी बाई, दुलारी बाई, समारू राम, पीला बाई, सोहन बाई, जया बाई, मंशा राम, द्रोपती बाई ने साक्षरता परीक्षा दिलाया।

## एक नजर

### युवक पर चाकू से हमला

**रायपुर, 18 मार्च।** दुर्गा चौक अशोक नगर के पास अज्ञात व्यक्ति ने एक युवक पर चाकू से हमला कर प्राणघातक चोट पहुंचाया। प्रार्थिया की शिकायत पर गुढ़ियारी पुलिस ने अज्ञात आरोपी के खिलाफअपराध दर्ज किया है। मिली जानकारी के अनुसार प्रार्थिया अनिता ध्रुव 40 वर्ष गोगांव पानी टंकी के पास रहती है। बताया जाता है कि प्रार्थिया के पति संतोष ध्रुव 42 वर्ष दुर्गा चौक अशोक नगर के तरफगया था। तभी अज्ञात व्यक्ति ने उसके फूल पैंट के जेब को चेक करने लगा। जिससे संतोष ध्रुव ने मना किया तो आरोपी ने हत्या करने के नियत से उसके पेट में चाकू मारकर घायल कर दिया। प्रार्थिया की शिकायत पर गुढ़ियारी पुलिस ने अज्ञात आरोपी के खिलाफ धारा 307 के तहत अपराध दर्ज कर जांच में लिया है।

### चौक पर खड़ी एक्टिवा पार

**रायपुर, 18 मार्च।** कालीबाड़ी चौक के पास खड़ी एक्टिवा को अज्ञात चोर ने पार कर दिया। प्रार्थी की शिकायत पर कोतवाली पुलिस ने अज्ञात चोर के खिलाफ अपराध दर्ज किया है। मिली जानकारी के अनुसार प्रार्थी प्रियांस कुमार नायक 18 वर्ष पुलिस लाइन कोतवाली का रहने वाला है। बताया जाता है कि वह अपनी एक्टिवा क्रमांक सीजी 04 एमडी 8593 को कालीबाड़ी चौक के पास खड़ी किया था, तभी अज्ञात चोर ने पार कर दिया। चोरी गए एक्टिवा की कीमत करीब 30 हजार रुपए के आसपास बताई जा रही है। प्रार्थी की शिकायत पर कोतवाली पुलिस ने अज्ञात चोर के खिलाफअपराध दर्ज कर जांच में लिया है।

### काउंसलिंग के दौरान दो पक्ष भिड़े

**रायपुर, 18 मार्च।** महिला थाना परिसर में काउंसलिंग के दौरान दो पक्ष भिड़ गए। दोनों पक्षों की शिकायत पर कोतवाली पुलिस ने काउंटर अपराध दर्ज किया है। मिली जानकारी के अनुसार पहले पक्ष से प्रार्थी आसीफअली 33 वर्ष निवासी चौरसिया कालोनी ने थाना में शिकायत किया कि काउंसलिंग के दौरान आरोपिया याश्मिन फातिमा, नसीमा बेगत व वसीम खान ने प्रार्थी से गाली-गलौज कर मारपीट किया। वहीं दूसरे पक्ष से महिला थाना प्रभारी वेदवति दरियो 50 वर्ष ने थाना में शिकायत किया कि काउंसलिंग के दौरान आरोपिया यास्मिन फातिमा, नसीमा बेगम व वसीम खान पति सैयद आसीफअली के साथ मारपीट कर रहे थे। जिससे प्रार्थिया ने बीच बचाव किया तो आरोपिया गाली-गलौज कर शासकीय कार्य में बाधा पहुंचाया। दोनों पक्षों की शिकायत पर कोतवाली पुलिस ने काउंटर अपराध दर्ज कर जांच में लिया है।

### युवक से मारपीट

**रायपुर, 18 मार्च।** सदर रोड नवापारा में पुरानी रंजिश को लेकर दो युवकों ने एक युवक से गाली-गलौज कर मारपीट किया। प्रार्थी की शिकायत पर गोबरानवापारा पुलिस ने आरोपियों के खिलाफअपराध दर्ज किया है। मिली जानकारी के अनुसार प्रार्थी मोहम्मद समीर 25 वर्ष निवासी तर्री रोड नवापारा ने थाना में शिकायत किया कि वह सदर रोड के तरफगया था, तभी आरोपी मनोज व अन्य ने पुरानी रंजिश के चलते प्रार्थी से गाली-गलौज कर मारपीट किया। प्रार्थी की शिकायत पर गोबरानवापारा पुलिस ने आरोपियों के खिलाफधारा 294, 506, 323, 34 के तहत अपराध दर्ज कर जांच में लिया है।

### सरेआम शराब पीते 17 गिरफ्तार

**रायपुर, 18 मार्च।** राजधानी पुलिस ने नशेड़ियों के खिलाफ अभियान चलाकर सरेआम शराब पीते 17 लोगों को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने आरोपियों के खिलाफआबकारी एक्ट के तहत कार्रवाई की है। मिली जानकारी के अनुसार कबीरनगर थाना पुलिस ने यदुवंशी चौक के पास सरेआम शराब पीते आरोपी विनोंद्र कुमार गेंदले 32 वर्ष, राजेन्द्र नगर पुलिस ने आरोपी शिवकुमार धनेता 38 वर्ष व मुरली मनोहर यादव 38 वर्ष को गिरफ्तार किया है। वहीं तेलीबांधा पुलिस ने आरोपी अभिजीत रथ 33 वर्ष व चंदन कुमार गुप्ता 38 वर्ष को गिरफ्तार किया है। इसी तरह टिकरापारा पुलिस ने आरोपी सुजीत यादव 27 वर्ष एवं आमानाका पुलिस ने आरोपी राकेश दत्ता 37 वर्ष व संतोष गुप्ता 42 वर्ष को गिरफ्तार किया है। वहीं सिविल लाइन पुलिस ने आरोपी खगेश्वर मंगराज 36 वर्ष, सुमीत कुमार सिक्का 38 वर्ष, दुर्जेश ताण्डी 27 वर्ष, रोहित नायक 36 वर्ष, चंदन यादव 22 वर्ष, पुखन सिंह राजपुत 33 वर्ष, सावन यादव 22 वर्ष व कमल छूरा 31 वर्ष को गिरफ्तार किया है। वहीं आरंग पुलिस ने आरोपी प्रेमलाल साहू 30 वर्ष को गिरफ्तार किया है।

### अवैध शराब के साथ युवक गिरफ्तार

**रायपुर, 18 मार्च।** टिकरापारा पुलिस ने अवैध शराब के साथ एक युवक को गिरफ्तार किया है। मिली जानकारी के अनुसार पुलिस को सूचना मिली कि हलका तालाब पार मठपुरैना में एक युवक अवैध शराब बेच रहा है। सूचना पर मौके में पहुंची पुलिस ने आरोपी मनीष साहू 23 वर्ष को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने आरोपी के पास से 34 पाव देशी शराब जब्त किया है। जिसकी कीमत करीब 2720 रुपए के आसपास बताई जा रही है। मामले में पुलिस ने आरोपी के खिलाफआबकारी एक्ट के तहत कार्रवाई की है।

### आरएसएस में हुई अहम नियुक्तिया

**रायपुर, 18 मार्च।** राष्ट्रीय स्वयं सेवक संघ के मुख्यालय नागपुर के करीब रहने के बाद भी अब तक नजरअंदाज किए जाते रहे छत्तीसगढ़ और मध्यप्रदेश के स्वयं सेवकों की भूमिका बढ़ने लगी है. इसे राष्ट्रीय स्वयं सेवक संघ में हुई अहम नियुक्तियां से जोड़ा जा सकता है. दीपक विसपुते की अखिल भारतीय सह बौद्धिक प्रमुख के तौर पर नियुक्ति हुई है।

# भगवान का नाम लेकर धोखाधड़ी: मूणत

## बगुलाभगतो पर महादेव का प्रकोप

**रायपुर 18 मार्च।** छत्तीसगढ़ में लोकसभा चुनाव से पहले प्रदेश के पूर्व मुख्यमंत्री भूपेश बघेल के खिलाफ 120 बी, 34, 406, 420, 467 समेत अनेक धाराओं के तहत केस दर्ज किया गया है। जिसके बाद अब राजनीति भी तेज हो गई है इसी कड़ी में रविवार को पूर्व मंत्री और बीजेपी विधायक राजेश मूणत ने सोशल मिडिया पर तंज कसा है।

अपने ट्वीट में उन्होंने लिखा कि, छत्तीसगढ़ में कांग्रेस के पतन के साथ ही सुशासन लौट आया है, कानून भी अपना काम कर रहा है। भगवान का नाम लेकर धोखाधड़ी, आपराधिक साजिश, विश्वासघात और जालसाजी रचने वाले बगुलाभगतो पर महादेव का प्रकोप बरसना तय है। भूपेश बघेल जी विधानसभा चुनाव में जनता पहले ही आपको सबक सीखा चुकी है। आगे-आगे देखिए होता है क्या।



पूर्व सीएम भूपेश बघेल के उपर एफआईआर को लेकर बीजेपी छत्तीसगढ़ ने X पर एक मजेदार ट्वीट किया है। जिसमें उन्होंने लिखा है कि, सत्ता में किए कुकर्मों का फल जनता ने दिया। अब 'सट्टा' में किए कुकर्मों का फल क़ानून देगा। आपको बता दें कि, पूर्व सीएम भूपेश बघेल के खिलाफ 120 बी, 34, 406, 420, 467 समेत अनेक धाराओं में केस दर्ज किया गया है। एफआईआर में करोड़ों रुपये के लेनदेन का भी आरोप है। ये एफआईआर ईडी के प्रतिवेदन पर UACB-EOW में दर्ज की गई है। वहीं इससे पहले महादेव सट्टा एप का एक मालिक रवि उप्पल को ईडी के दखल के बाद इंटरपोल की मदद से गिरफ्तार कर लिया गया है और उसे दुबई में कस्टडी में रखा गया है।

महादेव ऑनलाइन सट्टेबाजी ऐप मामले में जब ईडी ने दावा किया था कि, उसने एक 'कैश कूरियर' के ईमेल स्टेटमेंट को रिकॉर्ड किया है। जिसमें खुलासा हुआ कि, छत्तीसगढ़ के मुख्यमंत्री भूपेश बघेल ने यूएई में स्थित ऐप प्रमोटरों से कथित तौर पर 508 करोड़ रुपये लिए थे। फिलहाल महादेव बुक का मालिक अब हिरासत में हैं और उसे मनी लॉन्ड्रिंग के तहत गिरफ्तार किया गया है।



रायपुर 18 मार्च। राजधानी में जगह-जगह रंग-गुलाल व पिचकारियां तथा होली ड्रेस की दुकानें खुल गई है।

# पीएम आवास के नाम पर तीन लोगों से ठगी

**रायपुर, 18 मार्च।** राजधानी रायपुर के बिरगांव नगर निगम क्षेत्र में प्रधानमंत्री आवास दिलाने के नाम पर तीन लोगों से 45 हजार रुपये ठगने का मामला सामने आया है। ठगों ने पीड़ितों को बकायदा निगम का फर्जी रसीद, सील मुहर लगाकर दिया था। निगम आयुक्त की ओर से उरला पुलिस थाने में इसकी शिकायत दर्ज कराई गई। पुलिस ने पैसा ठगने वाले एक के खिलाफ चार सौ बीसी का केस दर्ज कर लिया है।

उरला पुलिस के मुताबिक बिरगांव नगर निगम आयुक्त बृजेश सिंह क्षत्रिय ने लिखित शिकायत पत्र देते हुए जानकारी दी कि बीएसयूपी कालोनी उरला में निर्मित प्रधानमंत्री आवास दिलाने के नाम पर आरोपित सुशांत नेताम उर्फ प्रहलाद ने तीन लोगों से 45 हजार रुपये ले लिए। यही नहीं उसने पीड़ितों को निगम की फर्जी रसीद, आवास आवंटन का पत्र भी दे दिया था।

निगमकर्मी विरेंद्र प्रताप सिंह ठाकुर व इंद्रनील सिंह परिहार के जरिए शिकायत आवेदन पत्र की जांच कराई गई।जांच के दौरान हितग्राही बीएसयूपी कालोनी में निवासरत अशोक पांडेय से पूछताछ करने उसने सुशांत नेताम द्वारा 35 हजार रुपये लेकर पीएम आवास आवंटित करना बताया।

अशोक ने सुशांत से मिले निगम के तीन फर्जी रसीद भी दिए। 12 मार्च को सुशांत नेताम ने फिर से दिगभ्रमित कर आइ ब्लाक में दो व्यक्तियों को भेजकर विद्युतिकरण का काम करवाया जा रहा था, जबकि यह ब्लाक किसी अन्य हितग्राही को निगम से आबंटित किया जा चुका है। पुलिस ने इसके आधार पुलिस ने धारा 420, 467, 468 का केस दर्ज कर आरोपित की तलाश शुरू कर दी है।

# भाजपा की सरकार में लुप्त होती जा रही ट्रेनें: विकास

**रायपुर 18 मार्च।** रायपुर लोकसभा प्रत्याशी और पूर्व विधायक विकास उपाध्याय आज रेल यात्रा कर चुनाव प्रचार करने निकले. सुबह 7 बजे रायपुर रेलवे स्टेशन से भाटापारा जाने वाली ट्रेन मेमो एक्सप्रेस का विकास उपाध्याय ने आम लोगों के साथ टिकिट काउंटर में लाइन लगकर टिकिट खरीदा और यात्रा की. इस दौरान विकास उपाध्याय ने लोकल ट्रेन से रोज आने जाने वाले यात्रियों के साथ चर्चा कर उनकी समस्या सुनी. वहीं लोगों से अपने पक्ष में वोट करने की अपील की. वहीं उन्होंने बीजेपी पर जमकर निशाना साधा.

विकास उपाध्याय ने बताया कि रायपुर लोकसभा के लिए 9 विधानसभा आते हैं और आज भाटापारा विधानसभा का दौरा है.



उन्होंने कहा आज मैंने ट्रेन में तो आज लोकल ट्रेन में यात्रा कर भाटापारा के लिए जा रहा हूं. लोकल ट्रेन में डेली हजारों की संख्या में लोग यात्रा करते हैं. लोकसभा का सांसद और सरकार इस रेल व्यवस्था में क्या स्थिति है और क्या रेल व्यवस्था होनी चाहिए उस पर जरूर बात करना चाहिए.

सफर करने वाले जो लोग हैं, उनसे भी चर्चा की. मैं समझता हूं, जब ट्रेन में हम जाते हैं तो आपको सही में वस्तु स्थिति पता चलती है कि क्या किन समस्याओं के लिए आपको सरकार को बोलना चाहिए. लेकिन बड़े दुख की बात है इस रायपुर लोकसभा में नौ-आठ बार से बीजेपी का सांसद हैं. लेकिन ट्रेन की व्यवस्था के बारे में कोई भी सवाल नहीं उठाता. उन्होंने कहा कि हम छोटे थे हमने विद्याचरण शुक्ल को देखा था, जो रायपुर, छत्तीसगढ़ के लिए नई ट्रेनों को लाने का काम उन्होंने किया. अलग-अलग प्रदेशों को ट्रेन मार्ग से जोड़ने का काम किया और अब तक भाजपा की कोई उपलब्धि नहीं है. रेलवे स्टेशन आप चले जाएं शमशान घाट के के समान रेलवे स्टेशन की स्थिति है. कई बेचारे कुली, वेंडर परेशान लोगों के रोजगार छीन गए. आम आदमी के लिए सबसे सस्ता, सुंदर और सुरक्षित अगर कोई साधन है तो ट्रेन है. भारतीय रेल हिंदुस्तान की पहचान थी लेकिन भाजपा की सरकार में ट्रेन लुप्त होते जा रही है. कहीं इसको दूसरे के हाथों बेचने की तैयारी तो नहीं की जा रही है.

# देश में बदलाव की लहर चल रही: दीपक बैज

**रायपुर 18 मार्च।** चुनाव आयोग द्वारा चुनावों की तिथियों की घोषणा का कांग्रेस पार्टी स्वागत करती है। प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष दीपक बैज ने कहा कि चुनाव की तिथि के घोषणा के बाद पूरे देश में, छत्तीसगढ़ में कांग्रेस के कार्यकर्ता उत्साहित है। हमारी चुनावी तैयारियां पूरी हो चुकी है। देश में बदलाव की लहर चल रही है। केन्द्र में कांग्रेस के नेतृत्व में इंडिया गइबंधन की सरकार बनेगी। छत्तीसगढ़ में हमारे 23 हजार बूथों पर कार्यकर्ता पूरी तरह से सजग है। जिला कांग्रेस कमेटियां, ब्लाक कांग्रेस कमेटियां, विधानसभा कांग्रेस कमेटियां और जो कांग्रेस की वार्ड स्तर की कमेटियों ने चुनाव में जाने के लिये तैयारियां पूरी कर ली है।

प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष दीपक बैज ने कहा कि इस चुनाव में कांग्रेस मोदी की 10 साल की नाकामियों को लेकर जनता के बीच जायेंगे। मोदी



ने 100 दिन में महंगाई कम करने वादा किया था, किसानों की आय दुगुनी का करने का वादा किया था, हर साल 2 करोड़ युवाओं को रोजगार देने का वादा किया था। यह सब वादे विफल साबित हुये है। मोदी विफलता को लेकर हम जनता के बीच जायेंगे। मोदी को सरकार चलाते 10 साल पूरे हो गये लेकिन मोदी ने अपने एक भी वायदे को पूरा नही किया। मोदी के दोनों कार्यकाल कोरी बयानबाजी और लक्षेदार भाषणों में निपट गया।

प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष दीपक बैज ने कहा कि लोकसभा चुनाव में कांग्रेस ने जनता से वादा किया है युवा, किसान, महिलाओं सभी को न्याय देने का हमारे चुनाव प्रचार के केन्द्र में कांग्रेस की न्याय घोषणायें भी होगी। कांग्रेस पार्टी ने युवा न्याय दिया है, जिसमें 30 लाख से अधिक युवाओं को रोजगार देने का वादा किया है। हर महिला के खाते में 1 लाख रू प्रतिवर्ष का देने का वादा किया है। किसानों को समर्थन मूल्य की गारंटी देने का वादा किया है। इन सारे विषयों को लेकर जनता के बीच में जायेंगे। हमें पूरा भरोसा है चुनाव में हमे सफलता मिलेगी।

# मोदी सरकार की विदाई की तिथि घोषित: कांग्रेस

**रायपुर 18 मार्च।** मोदी सरकार की विदाई की तिथि घोषित हो चुकी है। प्रदेश कांग्रेस संचार विभाग के अध्यक्ष सुशील आनंद शुक्ला ने कहा कि जनता 7 चरणों में चरणबद्ध तरीके से पूरे देश से मोदी सरकार से विदा लेगी। मोदी की वादा खिलाफी का हिसाब करने को तैयार बैठी है। 10 साल पहले जनता से बड़े-बड़े वादा कर सरकार में आये नरेंद्र मोदी की सरकार हर मोर्चे में विफल साबित हुई। 2014 लोकसभा चुनाव में मोदी ने प्रदेश में आकर जनता से वादा किया था कि केंद्र में उनकी सरकार बनेगी तो सभी के खाते में 15-15 लाख रूपए आएंगे। बीते 10 साल से प्रदेश की जनता 15 लाख रूपए खाते में आने का इंतजार कर रही है, किस तारीख को पैसा जनता के खाते में ट्रांसफर होगा? दो करोड़ रोजगार प्रतिवर्ष देने का वादा था, 10 साल में प्रदेश के 43 लाख युवाओं को रोजगार मिलना था जो अब तक केंद्र सरकार ने नहीं दिया है। वह रोजगार प्रदेश के युवाओं को कब मिलेगा तारीख बताने की कृपा करें? 100 दिन में महंगाई कम करने का वादा किया गया था आज हालात यह है कि मोदी सरकार के गलत नीतियों के चलते बढ़ती महंगाई से जनता हताश और परेशान है। महंगाई से जनता को राहत किस तारीख को मिलेगी यह बता दे? 2023 भी निकल चुका है लेकिन किसानों की आय दोगुनी नहीं हुई है? लोकसभा चुनाव में यह मुद्दे प्रभावी होंगे।

प्रदेश कांग्रेस संचार विभाग के अध्यक्ष सुशील आनंद शुक्ला ने कहा कि भाजपा सरकार बढ़ती महंगाई और बेरोजगारी को नियंत्रित करने में असफल और नकारा साबित हुई है। अभी हाल ही में देश भर में हुई सर्वे में एक बात सामने आई है कि मोदी सरकार की गलत नीतियों, रोजगार देने में असफलता, पेट्रोल, डीजल में मनमाना एक्साइज ड्यूटी, रेल यात्रा का महंगा होना, सड़कों पर टोल टैक्स के दरों में वृद्धि एवं आवश्यक वस्तुओं पर भी लगाई गई जीएसटी के चलते आम लोगों के आय एवं बचत घटी है और मुखिया को घर चलाने के लिए घर की आवश्यकताओं को पूर्ति करने के लिए 77 प्रतिशत तक के ऋष्ण लेने पड़े है, लेकिन केंद्र की मोदी सरकार को कोई वास्ता नहीं।

प्रदेश कांग्रेस संचार विभाग के अध्यक्ष सुशील आनंद शुक्ला ने कहा कि भाजपा के नेता बढ़ती महंगाई, बढ़ती बेरोजगारी पर चर्चा करने से भाग रहे है। देश की जनता का महंगाई से बुरा हाल है। केंद्र में बैठी सरकार मात्र 2 लोग अडानी, अंबानी की आय बढ़ाने के लिये कर रही है। देश की अर्थव्यवस्था डूबने की कगार पर है, बैंक डूब रहे है, एलआईसी डूब रहे है, सरकारी कंपनियां बिक रही है, आम लोगों के रोजगार छीने जा रहे हैं, महंगाई का प्रकोप घर-घर में दिख रहा है पर जवाब देने से बचने के लिए भाजपा का नेता धर्म से धर्म को लड़ा कर, जात से जात को लड़ा कर वैमनस्यता फैलाकर राजनीतिक रोटी सेक रहे है।

### जिला कांग्रेस की बैठक में चुनावी तैयारी पर चर्चा

**रायपुर 18 मार्च।** लोकसभा चुनाव के परिप्रेक्ष्य में बलोदा बाजार जिला कांग्रेस कमेटी के समस्त पदाधिकारी ब्लॉक अध्यक्षों एवं कार्यकर्ताओं की बैठक कांग्रेस भवन बलोदा बाजार में आयोजित की गई जिसमें लोकसभा प्रत्याशी विकास उपाध्याय बलौदा बाजार जिला के प्रभारी अशोक राज आहूजा जिला अध्यक्ष जितेंद्र ठाकुर शैलेश त्रिवेदी जनक राम वर्मा दिनेश यादव छाया वर्मा विद्याभूषण शुक्ला सुरेंद्र शर्मा ब्लॉक अध्यक्ष विक्रम गिरी मंडे अध्यक्ष के वर्मा महामंत्री सीमा वर्मा कालिंद्री वर्मा एवं अनेक कार्यकर्ता उपस्थित हुए सभी कार्यकर्ताओं ने एक स्वर में विकास उपाध्याय को ज्यादा से ज्यादा मतों से जीतने का संकल्प लिया।




### एआरसी कार्यक्रम से रेक्टल कैंसर के उपचार में आएगी क्रांति

**रायपुर 18 मार्च।** अपोलो प्रोटोन कैंसर सेंटर (एपीसीसी) ने हाल ही में अपोलो रेक्टल कैंसर (एआरसी) प्रोग्राम लॉन्च किया है - जो रेक्टल कैंसर प्रबंधन के लिए समर्पित भारत का अग्रणी दृष्टिकोण है। रेक्टल संरक्षण पर ध्यान केंद्रित करने और केमोराडियोथेरेपी, प्रोटॉन थेरेपी और रोबोटिक सर्जरी सहित उन्नत प्रौद्योगिकियों द्वारा संचालित, एआरसी कार्यक्रम का लक्ष्य देश में रेक्टल कैंसर के उपचार में क्रांति लाना है। यह अनूठी पहल रेक्टल कैंसर रोगियों की विशेष जरूरतों को पूरा करती है, और साथ ही, सर्वोत्तम संभव परिणाम सुनिश्चित करने के लिए व्यापक और बहु-विषयक देखभाल प्रदान करती है। एआरसी कार्यक्रम केंद्र का उद्घाटन अपोलो हॉस्पिटल्स एंटरप्राइज एल (एएचईएल) टीडी के संस्थापक-अध्यक्ष डॉ. प्रताप सी रेड्डी ने ग्रुप ऑन्कोलॉजी एंड इंटरनेशनल (एएचईएल) के निदेशक श्री हर्षद रेड्डी की उपस्थिति में किया।

# कांग्रेस की भारत जोड़ो न्याय यात्रा कांग्रेस तोड़ो यात्रा: विजय शर्मा

**रायपुर, 18 मार्च ।** डिप्टी सीएम विजय शर्मा रायपुर के दादाबाड़ी में नारायण सेवा संस्थान के दिव्यांगों के लिए आयोजित जांच शिविर में शामिल हुए. जहां उन्होंने भारत जोड़ो न्याय यात्रा के समापन को लेकर कांग्रेस पर तंज कसते हुए कहा कि, यह कांग्रेस तोड़ो यात्रा है. जैसे-जैसे यात्रा आगे बढ़ी लोग पार्टी छोड़ते गए. उन्होंने कहा, क्या भारत में कोई परेशानी है या भारत एक नहीं है. यह दृष्टिकोण ही गलत है और ऐसी दृष्टिकोण के साथ काम नहीं करना चाहिए.



लोकसभा चुनाव की तारीखों के ऐलान होने पर विजय शर्मा ने कहा कि हम नरेन्द्र मोदी के नाम पर छत्तीसगढ़ में 11 की 11 सीटें जीतेंगे. बीजेपी अनवरत प्रयास करने वाली, अनवरत सक्रिय रहने वाली पार्टी है और कार्यकर्ताओं की ताकत पर हम जीतेंगे.

राजनांदगांव में भूपेश बघेल के लोकसभा चुनाव के आगाज पर डिप्टी सीएम विजय शर्मा ने बयान देते हुए कहा कि भूपेश बघेल ने अपनी जनता का अपमान किया है. पाटन की जनता ने उनको ऐसे समय में भी विधायक चुना उनका अपमान भूपेश बघेल ने किया है. वह भागकर राजनांदगांव क्यों गए समझने की जरूरत है.

बता दें कि नारायण सेवा संस्थान ने आज रायपुर के दादाबाड़ी में दिव्यांगों के ऑपरेशन के लिए जांच शिविर का आयोजन किया. जांच शिविर में 5 हज़ार दिव्यांग बच्चों की मुफ्त में जांच की जा रही है. दिव्यांग के लिए आयोजित जांच शिविर में गृह मंत्री विजय शर्मा भी शामिल हुए, जहां उन्होंने दिव्यांगों से मुलाकात की. नारायण सेवा संस्थान के कार्यक्रम से लौटे डिप्टी सीएम विजय शर्मा ने कहा ,कैलाश मनोज और उनके सुपुत्र प्रशांत अग्रवाल की अद्भुत संस्था है, अद्भुत कार्यक्रम है. मैं तो कई बार यहां अपने लोगों को लाता रहा हूं. ऐसे संस्थान में आकर आप सिर्फ सिर झुकाकर प्रणाम कर सकते हैं

# अधिकारी-कर्मचारियों की छुट्टी पर बैन

**रायपुर 18 मार्च।** चुनाव के ऐलान के साथ ही कर्मचारियों-अधिकारियों की छुटटी पर बैन लग गया है। कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी डॉ. गौरव सिंह ने आदेश जारी कर कहा है कि लोकसभा निर्वाचन-2024 हेतु समस्त अधिकारी-कर्मचारियों को आदेशित किया जाता है कि वे कलेक्टर या जिला निर्वाचन अधिकारी के पूर्वानुमति के न तो अवकाश पर रहेंगे और ना ही मुख्यालय छोड़ेंगे। इस संबंध में आदेश जारी किया गया है। इसके अनुसार जिला स्तर पर तथा जिले अंतर्गत समस्त शासकीय एवं राज्य शासन के विभागीय इकाईयों/उपक्रमों के अमले के अवकाशों की स्वीकृति हेतु जिला कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी अवकाश स्वीकृत करने



हेतु सक्षम अधिकारी होंगे। लोकसभा निर्वाचन-2024 के दौरान कोलाहल विहीन वातावरण बनाए रखने के उद्देश्य से कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी डॉ. गौरव सिंह ने आदेश जारी कर रायपुर जिले में लोकसभा निर्वाचन 2024 के कार्य समाप्ति तक बिना अनुमति के ध्वनि विस्तारक यंत्रों के उपयोग को निषेध कर दिया है। उन्होने कहा है कि निर्वाचन प्रचार-प्रसार एवं आमसभा प्रचार जुलूस वाहन इत्यादि के लिए क्षेत्र के संबंधित सक्षम प्राधिकारी से लिखित अनुमति प्राप्त करने के उपरांत ही ध्वनि विस्तारक यंत्र का उपयोग प्रातः 6 बजे से रात्रि 10 बजे तक की अवधि में किया जा सकता है। रायपुर जिले के अंतर्गत आने वाले समस्त विधानसभा क्षेत्र हेतु अतिरिक्त जिला दण्डाधिकारी, रायपुर को सक्षम प्राधिकारी नियुक्त किया गया है।

कौशल किशोर मिश्र प्रकाशक, मुद्रक, स्वामी की ओर से तरूण छत्तीसगढ़, तरूण छत्तीसगढ़ प्रेस टॉवर, प्रेस काम्पलेक्स, रजबंधा मैदान, रायपुर ( छ.ग. ) से मुद्रित एवं प्रकाशित प्रधान संपादक- कौशल किशोर मिश्र, पंजी. क्रं. 45088/85 डाक पं.छ.ग./रायपुर संभाग/33/2024-26